राष्ट्रीय दैनिक अख़बार
दैनिक शुभ भास्कर
भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे
संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324 , 9625958256

shubhbhaskarup@gmail.com

दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 189 • नई दिल्ली, सोमवार 16 अक्टूबर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



3 दुर्गा पूजा के कलस स्थापना को लेकर निकाली गई ...

# भारत फिर रचेगा इतिहासः 2036 में भारत ओलंपिक का करेगा आयोजन

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईओसी के सेशन में की घोषणा

एजेंसी। नई दिल्ली

आने वाले साल 2036 में भारत ओलंपिक का आयोजन करने जा रहे है। इसके सफल आयोजन के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां की जाएगी ताकि देश के 140 करोड़ लोगों का सपना साकार हो सके। इस आशय की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईओसी के सेशन को संबोधित करते हुए की। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सत्र का उद्घाटन करते हुए कहा, मैं आपके सामने 140 करोड़ भारतीयों की भावना रखना चाहूंगा। भारत अपनी धरती पर 2036 के ओलंपिक का आयोजन के प्रयासों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा ,यह 140 करोड़ भारतीयों का सपना है, उनकी आकांक्षा है। इस सपने को हम आपके सहयोग से पूरा करना चाहते हैं। इससे पहले भारत 2029 में होने वाले युवा ओलंपिक की मेजबानी का भी इच्छुक है। प्रधानमंत्री मोदी ने भरोसा जताते हुए कहा कि भारत



को आईओसी का निरंतर सहयोगी मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत वैश्चिक स्तर की मेजवानी करने को हमेशा ही तैयार रहता है। कुछ समय पहले हमने जी 20 की मेजबानी की थी।उन्होंने आगे कहा,''अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का 141वां सत्र भारत में होना बहुत ही खास है। 40 साल बाद भारत में आईओसी का सत्र होना हमारे लिये बहुत गौरव की बात है। उन्होंने कहा,''बीते वर्षों में भारत ने हर प्रकार के वैश्विक खेल टूर्नामेंट आयोजित करने के अपने सामर्थ्य को साबित किया है। हमने हाल ही में शतरंज ओलंपियाड का आयोजन किया जिसमें विश्व के 186 देश शामिल हुए। हमने महिला फुटबॉल अंडर 17 विश्व कप, पुरूष हॉकी विश्व कप, निशानेबाजी विश्व कप की भी मेजबानी की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत हर साल आईपीएल का आयोजन करता है। इस समय भारत में क्रिकेट विश्व कप भी चल रहा है। उत्साह के इस माहौल में सब यह सुनकर भी खुश हैं कि आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने क्रिकेट को 2028 ओलंपिक में शामिल किये जाने का प्रस्ताव रखा है । उन्होंने कहा,हमें उम्मीद है कि इस बारे में जल्दी ही सकारात्मक खबर सुनने को मिलेगी। पीएम ने अहमदाबाद में विश्व कप में भारत की पाकिस्तान पर जीत का जिक्र करते हुए कहा,अब से कुछ मिनट पहले भी भारत ने अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में बहुत ही शानदार जीत दर्ज की है। मैं टीम भारत को और सभी भारतवासियों को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई देता हूं। उन्होंने भारत की प्राचीन खेल परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा,''खेल भारत में हमारी संस्कृति का, हमारी जीवनशैली का अहम अंग रहा है। भारत के गांवों में खेलों के बिना हमारा हर उत्सव अधूरा है। हम भारतीय सिर्फ खेलप्रेमी नहीं बल्कि हम खेलों को जीने वाले लोग हैं।प्रधानमंत्री ने कहा,''खेल हमारे 'वसुधैव कुटुम्बकम के भाव को भी सशक्त करते हैं। इसलिये हमारी सरकार हर स्तर पर खेल को बढावा देने के लिये काम कर रही है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, खेलो इंडिया यूथ गेम्स, खेलो इंडिया विंटर गेम्स और जल्द आयोजित होने वाले खेलो इंडिया पैरा खेल इसके उदाहरण है। उन्होंने कहा कि खेल दुनिया को जोड़ने का एक और सशक्त माध्यम है।

# 21 को भरी जाएगी गगनयान की पहली टेस्टिंग उड़ान

**चेन्नई**। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो कामयाबी की नित नई उड़ाई भर रही है। इसी दिशा में नासा 21 अक्टूबर को गगनयान की पहली टेस्टिंग उड़ान भरेगी। चालक दल से बचने की प्रणाली का प्रदर्शन करने के लिए चार उड़ान परीक्षण वाहन एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) में से पहली उड़ान भरेगी। इस मिशन को बड़ी सफलता की नजर से देखा जा रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस.सोमनाथ ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पहला मानवरहित परीक्षण मिशन टीवी-डी1 21 अक्टूबर को होगा। सोमनाथ ने कहा कि सिस्टम का परीक्षण करने के लिए तीन और परीक्षण उड़ानें टीवी-डी2, टीवी-डी3 और टीवी-डी4 होंगी।मॉड्यूल एक बिना दबाव वाला संस्करण है,जिसने अपना एकीकरण और परीक्षण पूरा कर लिया है और लॉन्च कॉम्प्लेक्स में भेजे जाने के लिए तैयार है।इस बिना दबाव वाले क्रू मॉड्यूल संस्करण में वास्तविक गगनयान क्रू मॉड्यूल का समग्र



आकार और द्रव्यमान होना चाहिए और इसमें मंदी और पुनर्प्राप्ति के लिए सभी सिस्टम शामिल होंगे। पैराशूट, रिकवरी एड्स, एक्चुएशन सिस्टम और पायरो के पूरे सेट के साथ क्रू मॉड्यूल में एवियोनिक्स सिस्टम नेविगेशन, सीक्वेंसिंग, टेलीमेट्री, इंस्ट्रूमेंटेशन और पावर के लिए दोहरे निरर्थक मोड कॉन्फ़िगरेशन में हैं। इसरो ने कहा कि क्रू मॉड्यूल के साथ क्रू एस्केप सिस्टम को लगभग 17 किमी की ऊंचाई पर परीक्षण वाहन से अलग किया जाएगा। इसरो ने कहा, इसके बाद सीईएस (क्रू एस्केप सिस्टम) को अलग करने और पैराशूट की श्रृंखला की तैनाती के साथ शुरू होने वाले अबॉर्ट अनुक्रम को स्वायत्त रूप से निष्पादित किया जाएगा, जो अंततः श्रीहरिकोटा का तट से लगभग 10 किमी दूर समुद्र में सीएम (क्रू मॉड्यूल) के सुरक्षित टचडाउन में समाप्त होगा। गगनयान मिशन के दौरान क्रू मॉड्यूल अंतरिक्ष यात्रियों को दबावयुक्त पृथ्वी जैसी वायुमंडलीय स्थिति में रखेगा। इसरो के अनुसार, इस मिशन में क्रू मॉड्यूल को विभिन्न प्रणालियों के प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए उड़ान डेटा को कैप्चर करने के लिए बड़े पैमाने पर उपकरण दिया गया है। भारतीय नौसेना के एक समर्पित जहाज और गोताखोरी टीम का उपयोग करके, बंगाल की खाड़ी में उतरने के बाद क्रू मॉड्यूल को बरामद किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि एकीकरण के बाद क्रू मॉड्यूल को बेंगलुरु में इसरो की सुविधा में ध्वनिक परीक्षण सहित विभिन्न विद्युत परीक्षण से गुजरना पड़ा और 13 अगस्त को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में भेज दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### शारदीय नौ रात्रि पर राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी सहित अनेक राजनेताओं ने दीं शुभकामनाएं



**नई दिल्ली**। रविवार से शारदीय नौ रात्रि की शुरुआत हो गई है। पहले दिन मां शैलपुत्री की दिल्ली सहित देश भर के मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मर्मू , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा सहित केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा नेताओं ने देशवासियों को नौ रात्रि की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को नौ रात्रि पर शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। इधर पीएम मोदी ने एक्स पर शुभकामना संदेश पोस्ट करते हुए कहा कि नौ रात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री के चरणों में कोटि-कोटि वंदन। उनसे प्रार्थना है कि देश के जन-जन को शक्ति और समृद्धि का आशीर्वाद दें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, शक्ति की आराधना के पावन पर्व नौ रात्र की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। माता रानी सभी पर अपनी कृपा बनाये रखें। जय माता दी ! भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने अपने शुभकामना संदेश में कहा, ॐ सर्वमंगल मांगल्ये, शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्रयम्बके गौरी, नारायणी नमोस्तुते। समस्त देशवासियों को शारदीय नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं। माँ जगत जननी से सभी के सर्वविद उत्कर्ष की प्रार्थना करता हूँ। जय माता दी ! इसी तरह अन्य राजनेताओं ने भी अपनी ओर से देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

# विदेश मंत्री जयशंकर वियतनाम और सिंगापुर यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली**। विदेश मंत्री एस. जयशंकर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को



बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार से वियतनाम और सिंगापुर की छह दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि पहले चरण में जयशंकर विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा और सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए 15 से 18 अक्टूबर तक वियतनाम और 19 से 20 अक्टूबर तक सिंगापुर की यात्रा पर रहेंगे। दक्षिण चीन सागर में चीन के बढ़ते आक्रामक व्यवहार पर चिंताओं के बीच बढ़ती द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी के प्रतिबिम्ब के रूप में भारत ने वियतनाम के सशस्त्र बलों को मिसाइल कार्वेट आइएनएस किरपाण उपहार में दिया था। भारत ने पहली बार दूसरे मित्र देश को कार्वेट सौंपा है। इसके तीन महीने से भी कम समय बाद जयशंकर दक्षिणपूर्व एशियाई देश की यात्रा करने जा रहे हैं। इस दौरान विदेश मंत्री जयशंकर अपने वियतनामी समकक्ष बुई थान सोन के साथ आर्थिक, व्यापार और विज्ञान एवं तकनीकी सहयोग पर भारत-वियतनाम संयुक्त आयोग की 18वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। भारतीय समुदाय से मुलाकात करने के अलावा वे हो ची मिन्ह सिटी में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा का अनावरण करेंगे, साथ ही सिंगापुर में अपने समकक्ष और वहां के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकत सहित भारतीय मिशन प्रमुखों के क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता भी करेंगे।

# ओवैसी ने नेतन्याहू को शैतान बताया और मोदी से की गाजा के लोगों को बचाने की अपील

एजेंसी। हैदराबाद

एआईएमआईएम सुप्रीमो और सांसद असदुद्दीन ओवैसी किसी न किसी बहाने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते रहे हैं। पीएम की विदेश यात्रा पर भी उन्होंने सवाल उठाए तो कभी भारत की विदेश नीति को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की है। लेकिन अब संभवता ओवैसी को लगने लगा है कि भारत की वैश्विक स्तर पर बजनदारी बढ़ी है। शायद यही कारण है कि ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गाजा को बचाने की अपील की है।

ओवैसी ने पीएम मोदी से फिलिस्तानियों के खिलाफ हो रहे



अत्याचारों को रोकने की अपील की। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीन केवल मुसलमानों का मामला नहीं है, यह एक मानवीय मुद्दा है। ओवैसी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा- हम जिंदा कौम हैं, जब तक जिंदा है तो दुनिया जिंदा है। एआईएमआईएम सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मैं फिलिस्तान के साथ खड़ा हूं और खड़ा रहूंगा। गाजार के उन बहादुर जवानों को कोटि-कोटि सलाम जो आज भी लड़ रहे हैं। नेतन्याहू एक शैतान, अत्याचारी और युद्ध अपराधी है। हमारे देश में एक बाबा मुख्यमंत्री ने कहा था कि फिलिस्तीन का नाम लेने वालों पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा, तो सुन लीजिए बाबा मुख्यमंत्री, मैं गर्व से फिलिस्तान का झंडा और हमारा तिरंगा भी पहनता हूं।

**नेतन्याहू एक शैतान है और युद्ध का अपराधी, ओवैसी ने पीएम मोदी से की गाजा के लोगों को बचाने की अपील** : इजराइल और फिलिस्तीन के बीच भीषण जंग चल रही है। अभी तक इस युद्ध में 2200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इजराइल और फिलिस्तीन के छिड़ी इस जंग से पूरी दुनिया में हलचल मची हुई है। इजराइल की सेना ने गाजा पट्टी में हवाई हमले कर हमास के कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है और लोगों को वहां से निकल जाने के कहा है। इस बीच एआईएमआईएम सुप्रीमो और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पीएम मोदी से गाजा के लोगों की मदद करने का आग्रह किया है। इजराइली सेना बहुत जल्द गाजा शहर पर हमला करने जा रही है। इज़राइल के मुख्य सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हागारी ने निवासियों से दक्षिणी गाजा पट्टी इलाके में जाने के लिए एक नई अपील जारी की।

# राष्ट्र निर्माण में डॉ. कलाम के अतुलनीय योगदान को हमेशा स्मरण किया जाएगा : पीएम मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली

देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन के नाम से मशहूर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को सदैव श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति कलाम को उनकी जयंती पर याद करते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, "अपने विनम्र व्यवहार और विशिष्ट वैज्ञानिक प्रतिभा को लेकर जन-जन के चहेते रहे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन। राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को सदैव श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाएगा।" देश की सुरक्षा को अभेद्य



बनाने में उनके योगदान को याद करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, "ज्ञान और विज्ञान के अद्भुत संयोजन से डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने देश की सुरक्षा को अभेद्य बनाने में अहम योगदान दिया। संघर्ष से शीर्ष तक का उनका सफर न केवल देश बल्कि सम्पूर्ण मानव जगत के लिए एक विरासत है। 'मिसाइल मैन' डॉ कलाम का जीवन देश के युवाओं को नई सोच व समर्पण के साथ राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता रहेगा। पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जी की जयंती पर उन्हें नमन।" भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी उन्हें याद करते हुए कहा , "भारत के पूर्व राष्ट्रपति, 'मिसाइल मैन' के नाम से विख्यात, महान वैज्ञानिक 'भारत रत्न' डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर शत-शत नमन करता हूं। राष्ट्र के प्रति आपका अनन्य समर्पण व जीवन संघर्ष समाज के सर्वांगीण उत्कर्ष हेतु सभी में कर्तव्यबोध की भावना का सृजन करता रहेगा। विज्ञान व अनुसंधान को समर्पित आपके कार्य समस्त देशवासियों की प्रेरणा हैं।

## यात्रियों से भरी बस ने ट्रक को मारी टक्कर, 6 महिलाओं समेत 12 की मौत

**मुंबई**। मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक तेज रफ्तार बस के ट्रक से टकरा जाने के कारण कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हादसे की शिकार बस में कुल 35 लोग सवार थे।एक अधिकारी ने बताया कि घटना देर रात करीब 1.15 बजे हुई जब यात्री बस तीर्थयात्रा के बाद बुलढाणा से छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) होते हुए नासिक जा रही थी। अधिकारी ने कहा, 'ट्रक बुलढाणा से छत्रपति संभाजीनगर आ रही थी और राजमार्ग के किनारे कुछ देर के लिए रुकी थी। अचानक बस ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में कम से कम 12 यात्रियों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए।

## दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके, फरीदाबाद में था केंद्र, घरों से निकले लोग

**नई दिल्ली**| दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं| रविवार को दिल्ली के साथ ही नोएडा और गाजियाबाद में भूकंप के झटके आये हैं| भूकंप का केंद्र हरियाणा के फरीदाबार में बताया गया है| दो हफ्ते में दूसरी बार दिल्ली एनसीआर भूकंप के झटकों से कांपी है|भूकंप के झटके इतने तेज थे कि लोग डर गए और अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए| सड़कों पर आए लोगों ने एक-दूसरे का हाल-चाल लिया| फिलहाल भूकंप के झटकों से किसी बड़े नुकसान की कोई खबर नहीं है| इससे पहले 3 अक्टूबर को भी दिल्ली और एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किये गए थे| एक बार फिर रविवार को शाम करीब 4 बजकर




8 मिनट पर दिल्ली समेत नोएडा और गाजियाबाद में भूकंप के झटकों से धरती हिली है| भूकंप का केंद्र हरियाणा का फरीदाबार रहा, जिस कारण हरियाणा के अनेक हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किये गए| भूकंप के झटके इतने तेज थे कि लोग अपने घरों से निकलकर सड़कों पर आ गए| खबर लिखे जाने तक भूकंप से किसी प्रकार का नुकसान होने की कोई खबर नहीं है| नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के हवाले से बताया गया है कि दिल्ली-एनसीआर में आए भूकंप की तीव्रता 3.1 थी|

## वॉट्सऐप की ऐसी सेटिंग आपके लिए खडी कर सकती है मुशिबत

**नई दिल्ली**। हम आपको वॉट्सऐप की ऐसी सेटिंग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे अगर आपने सेलेक्ट कर लिया तो आपके लिए बड़ी मुसीबत खड़ी हो सकती है। दरअसल वॉट्सऐप अपने यूजर्स को कई फीचर्स ऑफर करता है। ऐसा ही एक फीचर ऐप को अलग-अलग लैंग्वेज में इस्तेमाल करने का है। भारत में ज्यादातर लोग वॉट्सऐप का इस्तेमाल इंग्लिश में करते हैं। वहीं, कुछ यूजर्स तेलुगु, मराठी या हिंदी जैसी भाषाओं में भी अपनी समझ के हिसाब से ऐप को यूज करते हैं। लेकिन, भारतीय भाषाओं के अलावा ये ऐप में यूजर्स को विदेशी भाषाओं का भी सपोर्ट मिलता है। वॉट्सऐप में यूजर्स को चाइनीज और फ्रेंच जैसी कई भाषाओं का भी सपोर्ट मिलता है। ताकी बाकी देशों के यूजर्स भी ऐप को इस्तेमाल कर सकें। इसके लिए ऐप में सेटिंग का ऑप्शन मिलता है। आप ऐप सेटिंग पर जाकर आसानी से किसी भी भाषा का चुनाव कर सकते हैं। वॉट्सऐप में अगर आप लैंग्वेज सेटिंग के ऑप्शन जाकर किसी लैंग्वेज को सेलेक्ट करते हैं तो पूरे ऐप की लैंग्वेज तुरंत बदल जाती है। यही चीज आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकती है। क्योंकि, आपने अगर धोखे से भी किसी ऐसी भाषा का चुनाव कर लिया जिसे आप नहीं समझते तो आपके लिए ऐप को ऑपरेट करना मुश्किल हो जाएगा।

# ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने कहा- मैं ब्रिटिश यहूदी समुदाय के साथ हू

**नई दिल्ली**। ब्रिटिश के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने हमास द्वारा इजराइल पर किए गए हमले की निंदा करते हुए कहा कि इजराइल ने गाजा पर हमला करके कोई गलती नहीं की है



बल्कि जवाबी कार्रवाई की है। जहां से आतंकवादियों ने हमला शुरू किया था। नागरिक प्रतिशोध में फंस गए हैं, क्योंकि वे दक्षिण से भागने की कोशिश कर रहे हैं और संघर्ष के दोनों ओर हजारों लोग मारे गए हैं। सुनक ने इजराइल का साथ देते हुए कहा, हम इजराइल के साथ खड़े हैं, न केवल आज, न केवल कल, बल्कि हमेशा। सुनक ने कहा कि उन्हें पता है कि आने वाले दिन और सप्ताह बहुत कठिन होंगे। उन्होंने कहा, एक सप्ताह पहले इजराइल में हुई भयावहता और बर्बरता को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। बेटियों, बेटों, माताओं, पिताओं, पतियों, पत्नियों, दादा-दादी को सबसे क्रूर और सबसे भयानक तरीके से लोगों से छीन लिया गया। उन्होंने आगे कहा, सैकड़ों लोग मारे गए हैं, कई घायल हुए हैं या लापता हैं और अन्य लोग किसी प्रियजन के अपहरण और बंधक बनाए जाने की अकल्पनीय पीड़ा से गुजर रहे हैं। पीड़ितों में ब्रिटिश नागरिक भी शामिल थे। ब्रिटिश पीएम ने कहा कि मुझे पता है कि यहां और इजराइल में ऐसे परिवार हैं जो गहरे दर्द और पीड़ा में हैं। मेरे विचार और मेरा दिल इन हमलों के बाद पीड़ित सभी लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है। हम यहूदी लोगों की रक्षा के लिए सब कुछ करेंगे। जो कुछ हुआ वह पूरी तरह से दुष्ट कृत्य था और इजराइल को अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है।

राजनीत | बीजेपी के वोट बैंक में सेंधमारी की रणनीति के साथ RJD पर दबाव वाली चाल!

# सीएम नीतीश के करीब आए आनंद मोहन

**पटना**। पूर्व सांसद आनंद मोहन जेल से बाहर आने के बाद अपने भाषणों से लगातार मुखर हैं। उन्होंने कहा कि मर्द का एक पैर जेल में रहता है, लेकिन जब आरजेडी के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने 'ठाकुर का कुआं' कविता का पाठ किया तो सबसे ज्यादा मुखर हुए आनंद मोहन। कह दिया मैं वहां होता तो जीभ खींच कर आसन की तरफ उछाल देता। मनोज झा को नसीहत तक दे डाली। उन्होंने कहा कि हमें अपने ठाकुर होने पर गर्व है, आपको अपने अंदर के ब्राह्मण को मारना है तो मारें। आरजेडी में लालू प्रसाद से लेकर तेजस्वी यादव तक मनोज झा के साथ खड़े



रहे। आनंद मोहन की नाराजगी की वजह यह बताई गई कि लालू प्रसाद ने उनसे मुलाकात नहीं की थी। अब बदल रही राजनीति में नीतीश कुमार से आनंद मोहन ने मुलाकात की। अब कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। आनंद मोहन पर दलित जाति से आने वाले डीएम कृष्णैया की हत्या का आरोप है और इस मामले में वे जेल की सजा भी काट चुके हैं। सवाल यह कि क्या नीतीश कुमार, राजपूतों के वोट बैंक में सेंधमारी कर बीजेपी से इस वोट बैंक को छीनना चाहते हैं? या फिर कोई और बात है। वरिष्ठ पत्रकार ध्रुव कुमार कहते हैं कि नीतीश कुमार उन राजनेताओं में से हैं जो हमेशा आगे की सोचते हैं। जब वे एनडीए में थे तब भी अपने वोट बैंक का ख्याल रखते थे। अभी वे महागठबंधन के साथ हैं। आनंद मोहन को लपकने की कोशिश में नीतीश कुमार हैं। अगर नीतीश कुमार, लालू प्रसाद से अलग होना चाहें तो आनंद मोहन काम आ सकते हैं। दूसरी बात यह कि नीतीश कुमार, आरजेडी पर दबाव बनाना चाहते हैं तभी आनंद मोहन को तरजीह दे रहे हैं। सभी जानते हैं कि आनंद मोहन ने मनोज झा द्वारा पढ़ी गई कविता 'ठाकुर का कुआं' का पुरजोर विरोध किया। इस तरह के वोटर (राजपूत वोंट बैंक) से नीतीश कुमार को कितना लाभ होगा, ये वही जानें। जब वे पिछड़ी-अतिपिछड़ी जाति को लेकर जाति सर्वे के बाद काफी आगे हैं। बीजेपी की पकड़ सवर्णों के वोट बैंक पर रही है। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह कहते हैं कि सोची समझी रणनीति के तहत आनंद मोहन ने बयान दिया और उसी रणनीति के तहत विरोध किया गया।

# खास खबर

## फरार चल रहे अभियुक्त कन्हैया सिंह को जोगबनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जोगबनी।** जोगबनी थाना कांड संख्या - 03/2019, दिनांक 06/01/2019, धारा,420 भा० द० वि० एवम 30 (a) / 38 (1) बि० म० नि० अधि० के फरार चल रहे अभियुक्त - कन्हैया सिंह, पिता स्व० अशोक सिंह, सा०- बघवा, थाना -जोगबनी, जिला - अररिया को जोगबानी थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत अररिया भेज दिया गया।

## एसएसबी कमांडेंट ने वाहिनी के सर्व धर्म स्थल में कलश की स्थापना कर किया पूजा अर्चना



**अररिया।** 52 वीं वाहिनी, एसएसबी, अररिया द्वारा नवरात्री के शुभ अवसर पर श्री महेन्द्र प्रताप, कमांडेंट 52 वीं वाहिनी व अन्य बलकर्मियो द्वारा वाहिनी के सर्व धर्म स्थल में कलश की स्थापना कर पूजा अर्चना की। साथ ही उन्होंने समस्त बल कर्मियों व उनके परिजनों के स्वास्थ और समृद्धि की कामना करते हुए मां दुर्गा से प्रार्थना की । इस अवसर पर श्री पी. एन सिंह उप कमांडेंट, श्री उदय कुमार उप कमांडेंट के साथ तमाम बलकर्मी उपस्थित रहे।

## श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के चांसलर सह बी एन एम यू एवम टी एम बी यू के पूर्व कुलपति प्रो. (डा.) अवध किशोर राय बने आई सी एफ आर ई के माननीय सदस्य



**उदाकिशुनगंज** । भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय एवं तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति तथा श्री कृष्णा विश्वविद्यालय उदाकिशुनगंज मधेपुरा के चांसलर डॉक्टर प्रोफेसर अवध किशोर राय को भारत सरकार के द्वारा इंडियन काउंसिल आफ फॉरेस्ट्री रिसर्च एजुकेशन का मेंबर बनाया गया है। भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ़ एनवायरामेंट फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज विभाग के द्वारा पत्रांक 1- 1033 द्वारा असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल ऑफ़ फारेस्ट सुब्हीना ठाकुर के द्वारा पत्र निर्गत कर यह जानकारी दी गई। इंडियन कौंसिल ऑफ़ फॉरेस्ट्री रिसर्च एंड एजुकेशन मैं मेंबर के रूप में चयन होने पर श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ माधवेंद्र झा, भू ना मंडल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर राजनाथ यादव,कुलसचिव प्रो. डा.मिहिर कुमार ठाकुर, श्री कृष्ण विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अशोक कुमार, कुलसचिव डॉक्टर इंजीनियर सिप्पू कुमार, विजिटर प्रोफेसर सुनीता झा, यू भी के कॉलेज कड़ामा के यशस्वी प्रधानाचार्य डा.माधवेन्द्र झा के साथ सैकड़ों लोगो के बधाई और शुभकामनाएं दी।

## एसएसबी ने भारी मात्रा में नेपाली शराब किया जप्त



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** 48वीं वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी फुलहर के जिम्मेवारी के इलाके में , सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक बडी कामयाबी मिली है। सशस्त्र सीमा वल के जवानों और स्थानीय पुलिस के साथ की गयी संयुक्त कार्यवाही में भारत नेपाल सीमांकन स्तंभ संख्या 288 से 1.5 किलो-मीटर भारतीय क्षेत्र में स्कॉर्पियो गाड़ी के साथ नेपाली शराब सौफी की 1700 बोतलों 300ML प्रत्येक बोतल को सीमा चौकी फुलहर के जवानों एवं स्थानीय पुलिस के द्वारा जप्त किया गया है, बरामद स्कॉर्पियो गाड़ी एवं जप्त किए नेपाली शराब सौफी को अग्रिम कार्यवाही हेतु हरलाखी थाने के हवाले कर दिया गया है।इस अभियान में सशस्त्र सीमा बल की तरफ से निरीक्षक, चन्द्रशेखर ठाकुर , व 06 अन्य कार्मिको के साथ बिहार पुलिस के जवानो ने भाग लिया। श्री संतोष कुमार निमोरिया कार्यवाहक कमांडेंट, 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल के जवान और जिला पुलिस लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय मे भी इसी प्रकार अभियान चलाये जाएंगे और सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा।

# शराब तस्कर को पकड़कर छोड़ने के मामले में दो एएसआई गिरफ्तार

### पुलिस ने बाद में दोनों छोड़े गए तस्कर को भी पकड़ा



**जोगबनी/डा.रूद्र किंकर वर्मा।** बिहार में शराबबंदी है।शराबबंदी को सशक्त बनाने के लिए पुलिस के साथ मद्य निषेध विभाग कार्यरत है।लेकिन शराबबंदी की जिम्मेवारी जिनके ऊपर है।वे इसे अवैध कमाई का जरिया भी बना लिए हैं।ऐसे ही अवैध कमाई का जरिया बनाने वाले दो मद्य निषेध विभाग के एएसआई को अररिया की सिकटी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया।पुलिस ने पकड़ी गई शराब और मोटरसाइकिल एवं तस्कर को छोड़ने के एवज में लिए गए रूपये भी बरामद किए।जिसके बाद मद्य निषेध विभाग की ओर से छोड़े गए दोनों शराब तस्करों को बाद में गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने पैसे लेकर छोड़े गए मोटरसाइकिल को भी जब्त किया।मद्य निषेध विभाग की करतूत और सिकटी थाना पुलिस की यह कार्रवाई शनिवार शाम की है।जिसे रविवार शाम को अररिया एसपी अशोक कुमार सिंह ने पुष्टि करते हुए जानकारी दी।सिकटी थाना क्षेत्र अंतर्गत मद्य निषेध चेक पोस्ट पहाड़ा पर प्रतिनियुक्त मद्य निषेध विभाग के पदाधिकारी द्वारा शनिवार को शराब तस्कर संतोष मंडल को शराब एवं मोटर साइकिल के साथ हिरासत में लिया गया था।हिरासत में लिए गए शराब तस्कर से मोटी रकम लेकर मोटर साइकिल एवम शराब को छोड़ देने की जानकारी अररिया एसपी अशोक कुमार सिंह को किसी ने गुप्त सूचना पर दी।सूचना के सत्यापन को लेकर एसपी ने सिकटी के थानाध्यक्ष को टास्क दिया।जिस पर सिकटी थानाध्यक्ष हरेश तिवारी पुलिस अधिकारी और बलों के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए मद्य निषेध विभाग के अन्य पदाधिकारियों के साथ पहाड़ा चेकपोस्ट पर पहुंचे। चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी सअनि भूपेंद्र कुमार सिंह, सअनि दिनेश कुमार से मामले में पूछ-ताछ किया गया।दोनों एएसआई ने बताया कि संतोष मंडल को 04 बोतल नेपाली देशी शराब के साथ पकड़ा गया था, जिसे अस्थाई हाजत में निगरानी में रखा गया है। चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त गृह रक्षक रामेश्वर सिंह और लक्ष्मण मंडल से भी पुलिस और मद्य निषेध विभाग के अधिकारी ने पूछताछ की। पुछने पर दोनों ने बताया कि शीशागाछी से शराब तस्कर संतोष मंडल को मोटर साईकिल गाड़ी न०- बीआर 38 एएफ/8029 के डिक्की में शराब ले जाने के क्रम में पकड़ा गया था।जिसके बाद उसे चेकपोस्ट लाया गया था। बाद में सअनि भूपेंद्र कुमार एवम सअनि दिनेश कुमार द्वारा संतोष मंडल के साथी दिलीप मंडल से मोटी रकम लेकर पकड़ी गई मोटरसाइकिल को दे दिया गया, जिसे दिलीप मंडल लेकर चला गया।शराब एवं रूपए सअनि भूपेंद्र कुमार सिंह अपने पास रखे हैं। संतोष मंडल के पास से मात्र 04 बोतल शराब ही जब्त दिखाया गया। तत्पश्चात तलाशी लेने पर सअनि भूपेंद्र कुमार सिंह के कमरे से सटे बाहर झाड़ी में 65 बोतल नेपाली लीची शराब का खाली बोतल पाया गया जो जब्त दिखाए गए शराब के ही समान बैच नंबर वाला था। मामला उजागर हो जाने पर सअनि भूपेंद्र कुमार सिंह ने स्वीकार किया कि इनके द्वारा 29 हजार रूपए लेकर मोटरसाईकिल को छोड़ा गया है। ली गई राशि इनके कमरे में रखा है। बयान एवम निशानदेही के आधार पर 29 हजार रूपए को भी बरामद किया गया।जिसके बाद पुलिस ने मद्य निषेध विभाग के अन्य अधिकारी के साथ छोड़े गए पलासी के कनखुदिया निवासी शराब तस्कर संतोष मंडल पिता - राजेंद्र मंडल के साथ ही उसके साथी पलासी के भटगांव के रहने वाले दिलीप मंडल पिता- - गुमानंद मंडल को भी तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार दोनों शराब तस्करों का पूर्व का अपराधिक इतिहास है। मद्य निषेध विभाग के कर्मी सअनि भूपेंद्र कुमार सिंह एवम सअनि दिनेश कुमार की भी शराब की तस्करी के साथ क्रय विक्रय में संलिप्तता पाई गई।दोनों एएसआई भूपेंद्र कुमार सिंह एवं दिनेश कुमार को भी शराब तस्करी और क्रय विक्रय करने- करवाने के आरोप में गिरफ्तार करने की बात एसपी ने कही। मामले में सिकटी थाना में कांड संख्या - 268 / 23, दिनांक - 14/10/23, धारा-30 (a)/38 (1) / 41 (1) बिहार मद्य निषेध अधिनियम अंतर्गत दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार दोनों मद्य निषेध विभाग के कर्मियों के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई भी करने की अनुशंसा करने की बात एसपी ने कही। इस संदर्भ में उत्पाद अधीक्षक प्रोमोदित नारायण सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है।उत्पाद निरीक्षक को जांच के लिये भेजा गया।जांच रिपोर्ट मिलते ही विभाग को भेजा जाएगा। दोनों पर विभागीय कार्रवाई भी की जाएेगी,तत्काल दोनों को निलंबित कर दिया गया है।

### बीएनएमयू के समग्र विकास के लिए बाबा सिंहेश्वरनाथ से मांगा आशीर्वाद

# कुलपति ने किया सिंहेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना



**सिंहेश्वर से लौटकर/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** बीएनएमयू के कुलपति प्रोफेसर डॉ. राजनाथ यादव ने रविवार को सपरिवार सिंहेश्वरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और बीएनएमयू के समग्र विकास के लिए बाबा सिंहेश्वरनाथ से आशीर्वाद मांगा। मंदिर के पुजारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न कराया। कुलपति ने बताया कि उन्होंने बहुत पहले से सिंहेश्वर बाबा की महिमा के बारे में सुना था। इनकी ख्याति देश-विदेश तक फैली हुई है। बाबा सबकी मुरादें पूरी करते हैं और बाबा दरबार से कोई खाली हाथ नहीं लौटता है। उन्होंने बताया कि सिंहेश्वर महर्षि श्रृंगी की ध्यान स्थली रही है। यहां का वातावरण काफी पवित्र है। यहां आकर उन्हें काफी उर्जा एवं प्रेरणा मिली। बीएनएमयू के उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कुलपति विज्ञान के शिक्षक हैं। लेकिन उनकी भारतीय सभ्यता-संस्कृति एवं धर्म-आध्यात्म में गहरी आस्था है। उन्होंने श्रद्धापूर्वक विधि-विधान के साथ पूजा-आर्चना की और मंदिर के पुजारी पंकज बाबा से मंदिर के पौराणिक महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मालूम हो कि 'वाराह पुराण' में चर्चा है कि महादेव एक बार हिरण का वेश धारण कर छिप गए। उनकी अनुपस्थिति में असुरों ने काफी उधम मचाया। त्रस्त ब्रह्मा, विष्णु तथा इन्द्र देव उन्हें खोजने निकले। उन लोगों ने महादेव को हीरो के छद्मवेष में पहचान लिया और उनसे वापस चलने की विनती की। लेकिन हिरणरुपी छद्मवेशी महादेव ने देवताओं के साथ चलने में अपनी असमर्थता जताई। फिर देवगण मिलकर हिरण रुपी महादेव को जबरन अपने साथ ले जाने के लिए उनके सिंग को पकड़कर खिंचने लगे। लिहाजा हिरण के अंग तीन भागों में विभक्त हो गए। श्रृंग अर्थात सिंग वाला भाग जिस स्थान पर रहा, वही श्रृंगेश्वर या सिंहेश्वर कहलाया। रामायण काल के दौरान राजा दशरथ द्वारा पुत्रेष्ठि यज्ञ करवाया गया था और उस महायज्ञ के प्रसाद (चरु) से उन्हें चार पुत्रों की प्राप्ति हुई थी।

## माता रानी हम सब पर अपनी कृपा बनाए रखें ,कलश स्थापना की बहुत बहुत शुभकामनाएँ : पंडित अजय झा



**अररिया।** परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय झा ने समस्त देश वासियों को नवरात्रि एवं कलश स्थापना की बहुत बहुत शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि माता रानी हम सब पर अपनी कृपा बनाए रखें । देश प्रदेश के लोग खूब तरक़्क़ी करे और सभी छोटे बड़े भाई बंधु स्वास्थ रहे, समृद्ध रहे यही माँ अम्बे से प्रार्थना है।जय माता दी ।

## बीएनएमयू के सभी संकायाध्यक्षों एवं विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों के साथ कुलपति की बैठक आज



**मधेपुरा।** बीएनएमयू के सभी संकायाध्यक्षों एवं विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों की बैठक सोमवार को अपराह्न 3:30 बजे से कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव की अध्यक्षता में केंद्रीय पुस्तकालय सभागार में आयोजित किया गया है। यह जानकारी उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने दी। उन्होंने बताया कि कुलपति रविवार को ही मुख्यालय पहुंच गए हैं और उन्होने विश्वविद्यालय के विभिन्न वर्गों से संवाद का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में सोमवार को वे विभागाध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के पूर्व कुलपति पूर्वाह्न 11 बजे से अपने कार्यालय सभागार में शिक्षक प्रतिनिधियों, अपराह्न 12 बजे से कर्मचारी प्रतिनिधियों और अपराह्न 2 बजे से विभिन्न छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों से बारी-बारी मुलाकात करेंगे। मुलाकात के समय अध्यक्ष, छात्र कल्याण डॉ. राजकुमार सिंह एवं कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर भी उपस्थित रहेंगे।

## फुटबॉल महाकुंभ आज से जिला स्कूल एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर में




**पूर्णियां।** पनोरमा ग्रुप के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का द्वितीय एवं तृतीय चरण फुटबॉल के महाकुंभ से शुरुआत हो रही है। अंडर 16 बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता एवं ओपन टू ऑल फुटबॉल प्रतियोगिता जिला स्कूल एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर में हो रही है। खेल प्रेमियों ने पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा " सर " को छोटे-छोटे बच्चों को फुटबॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता में खेलने का अवसर देने के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद। श्री संजीव मिश्रा "सर" ने बचपन से लेकर पचपन तक के खिलाड़ियों को बेहतरीन अवसर दे रहे हैं। खेलों के क्षेत्र में बहुत बड़ी कदम उठाए हैं। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स -6 युवा पीढ़ी खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन अवसर है। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा " सर " युवा खिलाड़ियों के लिए विभिन्न खेलों क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने का अवसर दे रहे हैं। जो कि काबिले तारीफ है।छोटे - छोटे स्कुली बच्चों के लिए खेलने का अवसर देने के लिए पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा को कोटि-कोटि धन्यवाद ज्ञापित किया है। इधर पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर" ने कहा फुटबॉल महाकुंभ में भाग ले रहे खिलाड़ियों को दुर्गा पूजा की बहुत- बहुत हार्दिक शुभकामनाएं । और खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने का बेहतरीन अवसर है।

नवरात्र | मां दुर्गा के पूजा में आराधना में डूबे भक्तगण, मंदिरों में दीप जलाने के लिए पहुंचे महिला भक्त

# कलश स्थापना के साथ शारदीय मां दुर्गा की पूजा हुई शुरू, पहला दिन मां शैलपुत्री की हुई पूजा

**अररिया/कृष्ण कुमार वर्मा।** रविवार को कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र के पर्व शुरू हो गया। पहला दिन मां शैलपुत्री का पूजा- अर्चना किया गया।इससे पूरा शहर भक्तिमय माहौल में कलश स्थापना किया गया। वही दुर्गा सप्तशती के पाठ व वैदिक मंत्रोच्चारण से घर, मंदिर व पूजा स्थल गूंज उठे।घरों में भक्तों के द्वारा देवी गीतों से पूरा गांव शहर का माहौल भक्तिमय हो गया।कलश स्थापित कर पूजा शुरू हुआ। पहले दिन देवी भगवती के प्रथम रूप शैलपुत्री की अराधना की गयी।सोमवार को माता के दूसरे रूप ब्रह्मचारिणी की पूजा होगी।पूजा सामग्री खरीदने क लिए भक्तगण की अच्छी खासी भीड़ बाजारों में लगी रही। इधर मां खड्गेश्वरी के साधक नानु बाबा ने बताया कि मां दुर्गा



की शक्ति अदृश्य रूप से संपूर्ण ब्रह्मांड को संचालित करती है। इस शक्ति का आशीर्वाद हम सब पर बना रहे, इसी मंगल कामना के साथ हिंदू धर्म में नवरात्र के रूप में शक्तियों का विशेष पूजन होता है। नवरात्र हिंदू धर्म का प्रमुख त्योहार है, जो भक्तिमय माहौल में नौ दिनों तक मनाया जाता है। नवरात्र शब्द का अर्थ 'नौ रात' यानी शक्ति की मां दुर्गा का नौ दिन व रात। मतलब, ये नौ दिन शक्ति के देवियों की होती है। वैसे तो मां दुर्गा की कृपा भक्तों पर सदैव बनी रहती है। नवरात्र में विशेष तिथि होने के कारण दुर्गा पूजा यानी नवरात्र का महत्व बढ़ जाता है।मुख्यालय में मां खड्गेश्वरी काली मंदिर समेत 11 जगहों पर मां दुर्गा का पूजा अर्चना मंदिरों में होता है। जबकि जिला में मां दुर्गा का प्रतिमा का पट सात पूजा को खुलेगा। जबकि शहर के आश्रम दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा का पट एक पूजा से खोल दिया जाता है। जिस कारण एक पूजा से दस पूजा तक प्रत्येक दिन भक्तों मां दुर्गा का व्रत करते है व रोजना मां दुर्गा के मंदिर में शाम के समय दीप जलाने के लिए पहुचते है।इधर बादलों व पहाड़ों के बीच महासिद्धि पीठ सार्वजनिक दुर्गा मंदिर तेगछिया(अररिया) में कलाकारों द्वारा बनाए गए भव्य व आकर्षक प्रतिमा देखते हीं बनती है।मां दुर्गे, लक्ष्मी, सरस्वती, खड़गेश्वरी काली, हनुमान जी सहित अन्य देवी देवताओं का बादलों, पहाड़ों, झरना व हरियाली के बीच अतिभव्य व मनमोहक प्रतिमा को कलाकार अंतिम रूप देने में लगे हैं।

# सराहनीय पहल : बीएनएमयू के 10 अंगीभूत महाविद्यालयों में बनेंगे वर्गकक्ष

**मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** बीएनएमयू के अंगीभूत महाविद्यालयों में वर्गकक्ष की समस्या कुछ हद तक दूर होने की उम्मीद जगी है। शिक्षा विभाग, बिहार सरकार ने विश्वविद्यालय से दस महाविद्याओं में वर्ग-कक्ष नवनिर्माण या जीर्णोद्धार का प्रस्ताव मांगा है।

**तैयार हो रहा है प्रस्तावः** उप कुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि इस संबंध में विश्वविद्यालय को उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. (डॉ.) रेखा कुमारी का पत्र प्राप्त हो चुका है और तदनुरूप कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निदेश दिया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के पत्र के आलोक में सभी अंगीभूत महाविद्यालयों में भवन नवनिर्माण या जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। महाविद्यालय




के प्रधानाचार्य विश्वविद्यालय अभियंत्रण विभाग से सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। ससमय प्रस्ताव संग्रहित करने हेतु कनीय अभियंता रीतेश प्रकाश को विशेष रूप से निदेशित किया गया है।

**दस महाविद्याओं का होगा चयनः** उन्होंने बताया कि प्राप्त प्रस्तावों में से प्राथमिकता के आधार पर दस महाविद्याओं को चयनित कर वहां आवश्यक वर्ग-कक्ष नवनिर्माण या जीर्णोद्धार का प्रस्ताव शिक्षा विभाग को प्रेषित किया जाएगा।

**वर्ग-कक्ष का है घोर अभावः** उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा आयोजित विडियो कांफ्रेंसिंग बैठकों और विभागीय आदेशानुसार महाविद्यालयों के भ्रमण/निरीक्षण के क्रम में अंगीभूत महाविद्यालयों में वर्ग-कक्ष के घोर अभाव की बात सामने आई है। यह भी पाया गया है कि उपलब्ध भवनों का भी जीर्णोद्धार या सुदृढ़ीकरण के अभाव में समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है।

**नियमित रूप से कक्षा -संचालन का है निदेशः** उन्होंने बताया कि कुलपति ने सभी प्रधानाचार्यों को निदेशित किया है कि नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन हो और विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हेतु हरसंभव मदद उठाए जाएं। इससे कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और वर्ग-कक्ष का अभाव कुछ ज्यादा ही खटकने लगा है।

**सराहनीय पहलः** उन्होंने बताया कि बीएनएमयू के प्रायः सभी महाविद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों की तुलना में वर्ग-कक्ष की काफी कमी है और अधिकांश महाविद्यालयों में आवश्यक प्रयोगशाला सहित अन्य आधारभूत संरचना का अभाव है। इससे स्वाभाविक रूप से पठन-पाठन कुप्रभावित हो रहा है। ऐसे में शिक्षा विभाग द्वारा दस अंगीभूत महाविद्यालयों में वर्ग-कक्ष के निर्माण की पहल काफी सराहनीय है।

## ख़ास ख़बर

### विधायक सह ऊर्जा मंत्री श्री ब्रिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा स्व0 लहटन चौधरी के प्रतिमा का किया गया अनाबरण



**जिला संवाददाता,/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल**। जिले में सूबे के ऊर्जा मंत्री सह सुपौल विधायक विजेंद्र प्रसाद यादव ने रविवार को जजेज कॉलोनी के समीप स्व लहटन चौधरी की प्रतिमा का अनावरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि सुपौल के विकास की कहानी लहटन चौधरी के बिना अधूरी है। लेकिन यह दुर्भाग्य का विषय रहा है कि उन्हें उचित सम्मान नहीं मिल पाया है। लोहिया, पटेल और अंबेदकर की प्रतिमा शहर में स्थापित हैं। लेकिन सुपौल को बीएसएस कॉलेज, नवोदय विद्यालय और कृषि फार्म जैसी कई उपलब्धि दिलाने वाले चौधरी जी कि प्रतिमा कहीं नहीं लगी थी। उनके परिवार और समाज में समृद्ध लोगों की कमी नहीं है, बावजूद कई प्रयासों के बाद भी यह संभव नहीं हो पाया था। इसलिए आज का दिन सुपौल के लिए गौरव का दिन है। ऊर्जा मंत्री ने स्व लहटन चौधरी के साथ अपने पुराने दिनों को भी याद किया। कहा कि कई बार मंत्री, विधायक और सांसद रहने के बावजूद उनके पास इतने पैसे नहीं थे कि वह तीन लाख रुपए देकर विधायक आवास में बिजली का कनेक्शन ले पाते। राजनीतिक विरोध के बावजूद उनकी ईमानदारी के सभी कायल थे। समाज के लोगों के लिए यह शर्म की बात है कि अब तक ऐसे विभूति को सम्मान नहीं दे पाया। उन्होंने पार्क निर्माण के लिए डीएम कौशल कुमार और प्रतिमा स्थापना के लिए स्व लहटन चौधरी के पौत्र घनश्याम चौधरी की भी प्रशंसा की। मौके पर आरएसएम पब्लिक स्कूल की छात्राओं द्वारा कविता और संगीत की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान सांसद दिलेश्वर कामत, निर्मली विधायक अनिरुद्ध प्रसाद यादव, पिपरा विधायक रामविलास कामत, बिहार विधान परिषद के पूर्व कार्यकारी सभापति हारुण रसीद, एसपी शैशव यादव, सुपौल नगर परिषद के चेयरमैन राघवेंद्र झा राघव सहित अन्य मौजूद थे।

### भलुआही में 261 कुंवारी कन्याओं ने निकाली कलश यात्रा



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, मरौना, सुपौल**। जिले के मरौना प्रखंड में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर नवरात्रि के प्रथम दिन प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में कलश स्थापना को लेकर कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा में कुंवारी कन्याएं व महिलाएं शामिल हुई।इस दौरान क्षेत्र के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर भलुआही में 261 कुंवारी कन्याओं ने कलश यात्रा निकाली।कलश यात्रा दुर्गा मंदिर परिसर से निकलकर गांव के पश्चिम छोर पर अवस्थित गेहुआं नदी में जल का भराव कर मंदिर में स्थापित किया ।वही गजहारा दुर्गा मंदिर ,सरोजा बेला सहित अन्य गांव में भी कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा निकाल कर दुर्गा मंदिर में स्थापित किया गया।उसके वाद हिंदू वैदिक परम्पराओ के अनुसार प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई।इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के गांव के आसपास का माहौल भक्ति मय बना रहा जो अगले नौ दिनों तक रहेगा।बता दे की प्रखंड में कुल 18 जगह पर मां भगवती की धूमधाम से पूजा अर्चना की जाती है। इसको लेकर लोगो में खुशी का माहौल देखा जा रहा है।बच्चे,बुजुर्ग,युवा,महिला अभी पूजा को लेकर उत्साहित दिख रहे है।

# थाना परिसर में दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**। जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत आगामी दुर्गापूजा को लेकर थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसका अध्यक्षता एसडीएम शंभूनाथ ने किया। आयोजित बैठक में एसडीपीओ विपिन कुमार, बिडिओ रितेश कुमार सिंह, बीपीआरओ देश कुमार, सिओ उपेन्द्र कुमार, थानाध्यक्ष के अलावे थानाक्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य व कई पुजा समिति के लोग सामिल हुए। एसडीएम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पुजा कमेटी के लोग थाना को लिखित आवेदन देकर 10 दिवसीय आयोजन की अनुमति प्राप्त करेंगे। आवेदन में पुजा स्थल, सड़क भ्रमण तथा विसर्जन जुलूस का रूट चार्ट का उल्लेख जरूर करेंगे, ताकि पुजा आयोजन से लेकर सभी धार्मिक गतिविधियों में सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त रूप से किया जा सके। आयोजन स्थल के अलावे संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर पुलिस बलों की तैनाती भी की जाएगी। आयोजन के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र के लिए सशर्त अनुमति दी जाएगी। एसडीएम ने कहा कि जिला प्रशासन से मिले दिशा निर्देशों का शख्ती से अनुपालन कराया जाना है। कहा कि विसर्जन जुलूस या धार्मिक आयोजन के दौरान अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन पर पुरी तरह से रोक रहेगी, डीजे, अश्लील गीत, आर्केस्ट्रा अथवा सांस्कृतिक कार्यक्रम के नाम पर गीत व नृत्य का कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी जाएगी। एसडीएम ने कहा कि पुजा आयोजन या मेला में शांति भंग करने वाले लोगों को चिन्हित कर उसके खिलाफ 107 की कार्रवाई की जाएगी। कहा कि पुजा पांडाल सहित आस पास के क्षेत्र को सीसी कैमरे की निगरानी में रखें। बताया कि पुजा पांडाल में प्रवेश व निकासी के लिए महिला और पुरुष का अलग अलग गेट बनाना होगा। शराबबंदी कानुन का अनुपालन शख्ती से कराया जाएगा और सोशल मिडिया पर आपत्तिजनक संदेश पोस्ट करने पर ग्रूप के एडमीन के खिलाफ कानुनी कार्रवाई की जाएगी। विधि व्यवस्था संधारण तथा शांति व्यवस्था के लिए पुलिस गस्ती को बढ़ा दिया जाएगा। पुजा एवं मेला आयोजन के दौरान हुडदंग मचाने तथा यातायात नियम के के विरुद्ध वाहन चलाने वालों पर पैनी नजर रखने तथा अपेक्षित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसडीपीओ ने कहा की डीजे बजाने पर पूर्णतः पाबंदी रहेगी, डीजी मालिको से अपील करते हुए कहा कि कलश स्थापना से पहले थाना में अपना अपना डीजे जमा कर दें, जो डीजे मालिक डीजे थाना में जमा नहीं करेंगे, उनका डीजे सीज कर थाना लाया जाएगा। कहा कि जिस शराबी पर केस हुआ है, उसको थाना पर बुलाकर परेड करवाया जाएगा, और उसे किसी तरह का हुड़दंग नहीं करने का चेतावनी भी दी जाएगी। अश्ली गाना और साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले स्लोगन बजाने वालो पर कारवाई होगी। उन्होंने थानाध्यक्ष को सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने वाले लोगों को चिन्हित कर 107 की कार्यवाई करने का निर्देश दिया। मौके पके करीमन साफी, अकिल अहमद, मो हसन अंसारी, मजहरुल हक खान, शालिग्राम पांडेय, गौरीशंकर भगत, मो हासिम, मकसूद मसन, रामटहल भगत, फेकनारायण मंडल, रघुनन्दन पासवान, सुभाष यादव आदि मौजूद थे।

## देशी एवं नेपाली दिलवाले सोफी शराब के साथ दो महिला तस्कर गिरफ्तार



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल**। जिले में त्रिवेणीगंज पुलिस द्वारा महासमकालीन अभियान के तहत पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर शनिवार की शाम तीन लीटर देशी एवं 39.900 लीटर नेपाली दिलवाले सोफी शराब के साथ दो महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष केबी सिंह ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र के श्रीपुर डपरखा वार्ड नंबर 27 में छापेमारी के दौरान पुलिस ने रिंकू देवी के घर के बगल में छिपाकर रखे तीन लीटर देसी शराब बरामद किया गया। साथ ही मौके पर तस्कर रिंकू देवी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि रहठा वार्ड नंबर 5 में दो जगहों पर छापेमारी की गई। जिसमें राजो देवी के घर के बगल में छिपाकर रखे पीले रंग के प्लास्टिक के बोड़ा में से 107 बोतल प्रति बोतल 300 एमएल यानी कुल 32.100 लीटर शराब बरामद किया गया और तस्कर राजो देवी को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावे इंदु मंडल उर्फ कारी के धान लगे खेत से छिपाकर रखे पीला रंग के प्लास्टिक बोरा में छिपाकर रखा हुआ 26 बोतल प्रति बोतल 300 एमएल यानी कुल 7.800 लीटर नेपाली शराब दिलवाले सोफी बरामद किया गया। जबकि इंदु मंडल उर्फ कारी भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि केस दर्ज कर गिरफ्तार दोंनो महिला तस्कर को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है।

## दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति का बैठक



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल**। जिले के किशनपुर थाना परिसर में रविवार को थानाध्यक्ष राघव शरण की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई । बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं बुजुर्ग व्यक्तियों ने शांति समिति में अपना अपना विचार व्यक्त किए । बैठक में पिपरा विधानसभा के पूर्व विधायक यदुवंश कुमार यादव, प्रखंड विकास पदाअधिकारी राजकुमार चौधरी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव ,प्रखंड राजद अध्यक्ष मंगल यादव ,भाजपा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष महामाया चौधरी, एवं रामदेव पंडित, पैक्स अध्यक्ष लक्ष्मी चौधरी, मुखिया उमेश पासवान, ओम यादव, अमन कुमार ,पूर्व मुखिया बृजेश कुमार, जिला परिषद हसनैन नुमानी, बिंदेश्वरी ठाकुर, सरपंच महेश्वरी यादव ,बीरबल सेठ, शशि पासवान, पूर्व मुखिया गंगा प्रसाद यादव ,पूर्व मुखिया मो नईम उदीन , बिजली सिंह यादव, पूर्व जिला परिषद रमेश कुमार ठाकुर ,सुरेश प्रसाद यादव,समिति उमेश कुमार यादव, सरपंच प्रवीण कुमार राम, सरपंच राजेंद्र शर्मा, समिति संदीप कुमार, नरेश कुमार यादव, किशोर कुमार यादव ,अमरेंद्र झा, मो जब्बार, महादेव चौधरी, फिरोज आलम थे।

### धूमधाम से शुरू हुआ शारदीय नवरात्रि का त्यौहार



**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल**। जिले में निर्मली प्रखंड अंतर्गत कलस्थापन के साथ ही रविवार को नगर सहित पूरे अनुमंडल क्षेत्र में धूमधाम से नवरात्रि का त्यौहार शुरू हो गया। नगर स्थित दुर्गा मंदिर में माँ दुर्गा की प्रतिमा के पास कलस्थापना कर माँ शैलपुत्री के पूजा से शुरुआत किया गया। मेला कमेटी के अध्यक्ष किशोरी साह ने बताया कि सुबह मंत्रो उच्चारण के साथ नवरात्रा का शुभारंभ हो गया है। बड़ी दुर्गा मंदिर में विधि विधान के साथ प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा की गई। मेला कमिटी के सचिव जगन्नाथ कामत ने बताया की भव्य मेला का आयोजन कर धूमधाम से नवरात्रा का त्यौहार मनाई जा रही है। प्रखंड क्षेत्र के नगर सहित जरौली, हरियाही, महुआ, बेला सिंगार मोती आदि जगहों पर माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर दुर्गा पूजा का त्यौहार मनाया जा रहा है। दुर्गा मंदिर के मुख्य पुरोहित हरेश पांडे ने बताया की नवरात्रि में 09 दिनों तक माता के नौ रूपों की पूजा की जाती हैं। इन दिनों लोग माता की पूजा-अर्चना करते हैं और माता के भजन गाते हैं। नवरात्री के अंतिम दिन पर लोग 9 कन्यांओं को माता के 9 रूप मानकर पूजते हैं और भोजन भी कराते हैं और इस दिनों माता के लिए हलवा-चने का प्रसाद शुभ माना जाता है। नवरात्री को परम शक्ति की साधना का पर्व भी कहा जाता है। श्रद्धा और विशवास के साथ लोग माता के इस पर्व पर उनका पूजन करते हैं। वैश्विक महामारी कोरोना के कारण बीते 2 वर्षों से सरकारी गाइडलाइंस का पालन करते हुए नवरात्रा का त्यौहार मनाया जा रहा था लेकिन इसबार भव्य रूप से दुर्गा पूजा के बारे हुए इस बार का नवरात्रि का त्यौहार मनाया जा रहा है।

### पुलिस द्वारा शराब पियक्कड़ व शराब तस्कर गिरफ्तार ,भेजा जेल



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, मरौना, सुपौल**। जिले के मरौना प्रखंड अंतर्गत नदी थाना पुलिस ने बेलही गांव से शनिवार की रात्रि एक शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।जानकारी देते हुए नदी थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया की गुप्त सूचना मिली थी की बेलही चौक पर शराब ने नशे में एक व्यक्ति हो हंगामा कर रहा है।सूचना के आधार पर हो हंगामा कर व्यक्ति को गिरफ्तार कर थाना लाया जहां जांच के दौरान शराब पीने की पुष्टि हुई। वही एसडीपीओ राजू रंजन के नेत्वृत में थाना क्षेत्र के सरोजा कॉलनी वार्ड 12 में 10 बोतल नेपाल निर्मित देशी शराब के साथ सरोजा कोनी गांव निवासी परमानंद यादव और राम जी यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।एसडीपीओ राजू रंजन ने बताया की रामजी के घर से 10 बोतल शराब बरामद की गई।

### अज्ञात चोरों ने एक साथ दो घरों में दिया चोरी की घटना को अंजाम



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल**। जिले में त्रिवेणीगंज नगर परिषद क्षेत्र के मलहनमा वार्ड 7 में अज्ञात चोरों ने शनिवार की देर रात दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान चोर लाखों रुपए के समान चुराकर ले गए। इस घटना के बाद लोगों में दशहत का माहौल व्याप्त है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार मलहनमा वार्ड नंबर 7 निवासी विष्णुदेव साह के घर से अज्ञात चोरों ने शनिवार की रात बक्शा उठाकर ले गए साथ ही उसमें रखे नगद सहित लाखों रुपए के जेवरात की चोरी कर ली। चोर यहीं तक नहीं रुके, चोरों ने पड़ोस के राजेन्द्र साह के यहां भी चोरी की घटना को अंजाम देते हुए नगद, जेवरात और कपड़ा की चोरी कर ली और लाखों रुपए के समान चुराकर फरार हो गए। पीड़ित गृहस्वामियों ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। थानाध्यक्ष केबी सिंह ने बताया कि आवेदन के आलोक में मामले की जांच की जा रही हैं।

नवरात्रि | डीह टोला में 201 कन्याओं का निकाला गया कलश यात्रा

# नवरात्रि शुरू मां दुर्गा की जय करो से गूंजा करियो



**जिला संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल**। जिले में प्रखंड के करियो पंचायत में नवरात्रि के दिन सभी पूजा पंडालों से लोग करियो डीह टोला मंदिर से कलश में जल भरकर कलश स्थापना किया और मां भगवती की आराधना की लोग भक्ति गानों पर झूमते नजर आए नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा से पहले पवित्र कलश की स्थापना की जाती है। हिंदू धर्म में कलश को सुख, समृद्धि, ऐश्वर्य और मंगल कामनाओं का प्रतीक माना गया है। ऐसे में शुभ कार्य हो या धार्मिक अनुष्ठान, कलश को स्थापित किए बगैर ईश्वर की पूजा का फल मिलना मुश्किल है। कलश स्थापना से संबंधित हमारे पुराणों में एक मान्यता है, जिसमें कलश को भगवान विष्णु का रुप माना गया है। इसलिए लोग देवी की पूजा से पहले कलश का पूजन करते हैं। पूजा स्थान पर कलश की स्थापना करने से पहले उस जगह को गंगा जल से शुद्ध किया जाता है और फिर पूजा में सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया जाता है। कलश को पांच तरह के पत्तों से सजाया जाता है और उसमें हल्दी की गांठ, सुपारी, दूर्वा, आदि रखी जाती है। कलश को स्थापित करने के लिए उसके नीचे बालू की वेदी बनाई जाती है और उसमें जोह बोये जाते हैं। जोह बोने की परंपरा धन-धान्य देने वाली देवी अन्नपूर्णा को खुश करने के लिए की जाती है। मां दुर्गा की फोटो या मूर्ति को पूजा स्थल के बीचों-बीच स्थापित करते हैं और मां का श्रृंगार रोली ,चावल, सिंदूर, माला, फूल, चुनरी, साड़ी, आभूषण और सुहाग से करते हैं। पूजा स्थल में एक अखंड दीप जलाया जाता है जिसे व्रत के आखिरी दिन तक जलाया जाना चाहिए। कलश स्थापना करने के बाद, गणेश जी और मां दुर्गा की आरती करते है जिसके बाद नौ दिनों का व्रत शुरू हो जाता है। माता में श्रद्धा और मनवांछित फल की प्राप्ति के लिए बहुत-से लोग पूरे नौ दिन तक उपवास भी रखते हैं। नवमी के दिन नौ कन्याओं को जिन्हें माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों के समान माना जाता है, श्रद्धा से भोजन कराई जाती है और दक्षिणा आदि दी जाती है। कलश यात्रा के दौरान पदयात्रा सनाथ टोला नव टोल होते हुए फिर करियो वापस मंदिर प्रांगण में आई इसी दौरान डॉक्टर दिनकर कुमार दास पवन कुमार यादव वीरेंद्र कुमार यादव छोटेलाल सरपंच वर्तमान जनार्दन यादव रामनाथ मंडल गणेश यादव मोहम्मद सबफरोज आलम करियो पंचायत की तमाम नागरिक भाग लिए।

# दुर्गा पूजा के कलस स्थापना को लेकर निकाली गई कलश यात्रा



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल**। जिले में किशनपुर प्रखंड अंतर्गत मलाढ पंचायत के वार्ड 7 में रविवार को कलश स्थापना के लिए कुंवारी कन्याओं और महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा सार्वजनिक नवनिर्मित महिपट्टी दुर्गा मंदिर से निकलकर मलाढ, किशनपुर बाजार, होते हुए शिवपुरी पंचायत स्थित बाबा धीरा अखरहा पहुंची। यहां महिलाओं और कुंवारी कन्याओं ने पोखर से जल भरकर वापस नवदुर्गा मंदिर पहुंची। इस दौरान मां दुर्गा के जय घोष से पूरे गांव कि माहौल भक्तिमय हो गया। मौके पर मेला के सदस्य अरुण यादव ने बताया कि 301 महिलाओं और कुंवारी कन्याओं ने भव्य कलश शोभा यात्रा में भाग लिया। उन्होंने ने कहा कि महिपट्टी में दुर्गा पूजा पहली बार किया जा रहा है। कहा कि सार्वजनिक नवनिर्मित महिपट्टी दुर्गा मंदिर के नाम से 10 धुर जमीन मुनाई यादव और 10 धुर जमीन बलदेव यादव के द्वारा दान में दिया गया है। कहा कि एक महिने के अंदर में ही ग्रामीणों के द्वारा चंदा इकट्ठा कर मां दुर्गा की मंदिर लगभग 5 लाख कि लागत से बनाई गई है। कहां अब इस साल के तरह हर साल अब बड़े ही धूमधाम से मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जाएगी। वहीं मौजहा दुर्गा मंदिर में भी कलश यात्रा किया और कोशी नदी में जल भर कर पुनः मंदिर परिसर पहुंचा। मौके पर पूजा कमेटी के अध्यक्ष गोपाल यादव,उपाध्यक्ष रंजन यादव कोषाध्यक्ष पप्पू कुमार, और रविंदर यादव, सचिन इंद्रदेव साह, महासचिव अखिलेश सिंह , पैक्स अध्यक्ष भुनेस्वरी यादव ,राज किशोर यादव,कलेस्वर मंडल, रामलोचन साह नरेश कुमार आदि भक्त मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

### 2 चरणों में होगी जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। जिला खेल पदाधिकारी भानु प्रकाश ने बताया कि रोहतास के सभी विद्यालयों की भागीदारी जरूरी, भाग लेने के लिए 17 अक्टूबर तक निबंधन की अंतिम तिथि है। रोहतास में जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में होगा। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के वार्षिक खेल कार्यक्रम के तहत इसे 18 और 19 अक्टूबर तथा 27 और 28 अक्टूबर को जिला मुख्यालय सासाराम के विभिन्न मैदानों में आयोजित किया जाएगा।

### एबीपी के नगर मंत्री ने प्राचार्य से की शिकायत

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सासाराम नगर इकाई के नगर मंत्री रौशन पांडेय के नेतृत्व में स्थानीय शेरशाह महाविद्यालय के प्राचार्य से मिलकर कॉलेज की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसमे 2019-22 बीसीए के छात्रों से प्रैक्टिकल के नाम पर एक छात्र से 6000 रुपया लिया गया है। लगभग पूरे छात्र छात्रा से सात लाख बीस हजार का अवैध तरीके से पैसा लिया गया है। जिसकी जांच कराई जाए। बीबीए कक्षा संचालन नियमित सुचारू रूप से चालू रहे।

### दुकान तोड़कर पैसे चुराने वाला जेल

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के शंभू डिहरी गांव में बीती रात दुकान का शटर तोड़कर चौंतीस हजार रुपए लूटने वाले को गिरफतार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि शंभू डिहरी गांव के छोटे लाल के पुत्र गुडु चौधरी को चोरी के चौंतीस सौ रुपए के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दुसरे घटना में दिनारा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लूट कांड के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. दिनारा थाना से मिली जानकारी के अनुसार चमराहा टोला निवासी शेर बहादुर चौहान के पुत्र निरहु चौधरी तथा परदेशी चौधरी के पुत्र विकास कुमार को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. पुलिस के अनुसार कांड संख्या 445/23 के दोनों अभियुक्त थे . बताते चलें कि 8 सितंबर को चमराहा टोला पर लूट के घटना को अंजाम दिया था.

### दो से पांच हजार पर बन रहा है राशन कार्ड

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। बिक्रमगंज अनुमंडल के विभिन्न प्रखंड दिनारा,नासरीगंज,बिक्रम गंज,राजपुर , संझौली,दावथ, सूर्यपुरा में राशन कार्ड बनाने तथा निर्गत करने के नाम पर बड़े पैमाने पर अनियमितता बरतने की शिकायत मिल रहा है।शिकायतकर्ताओं का आरोप है की राशन कार्ड बनाने के नाम पर दो से चार,पांच हजार की राशि रिश्वत के तौर पर वसूल की जा रही है।इनका यह भी कथन है कि सभी प्रखंडों के एमओ अपना अलग अलग एक निजी सचिव सह दलाल नियुक्त किए हैं।जिनके जरिए पीड़ित पक्ष से राशि वसूल करने के उपरांत ही राशन कार्ड निष्पादित की जा रही है।इनका यह भी दावा है कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में खुले जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों से प्रत्येक माह एमओ नियुक्त किए गए दलालों के जरिए मोटी रकम प्राप्त करते है।जिसके एवज में जन वितरण प्रणाली के दुकानदार उपभोक्ताओं को एक से दो किलो अनाज वजन में कम देते है।अब इन आरोपों में कितना दम है यह तो जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।लेकिन इन दिनों अनुमंडल के दो तीन प्रखंड रिश्वत लेकर राशन कार्ड निर्गत करने के मामले में काफी सुर्खियों में है।वैसे तो दलालों की संख्या सरकारी विभागो के कमोवेश सभी विभागो में कायम है। अधिकांश लोगों का कहना है कि विकास मित्र के द्वारा जांच के नाम पर आनलाइन फार्म छांट दिया जा रहा है। जबकि पैसे लेते ही अनाज दिया जाने लगता है। राशनकार्ड बनकर तैयार हो जा रहा है। वास्तविक लोगों को छोड़कर पैसे वाले को राशन कार्ड बनाया जा रहा है। जबकि उचित व्यक्ति दर दर की ठोकरें खाने को विवश है।

### रोहतास में दो अलग घटनाक्रमों में दो लोगों की गोली मारकर हत्या

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। रोहतास में दो अलग घटनाक्रमों में दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पहली घटना डिहरी नगर थाना क्षेत्र के सोन नदी पर स्थित पुल की है जहां बदमाशों एक 27 वर्षीय युवक की गोलीमार का हत्या कर दी। वहीं बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के पटेल नगर वार्ड नंबर- 5 में एक युवक की गोली मार के हत्या कर दी गई। पुलिस दोनों ही वारदातों की जांच में जुट गई है। डिहरी नगर थाना क्षेत्र के सोन नदी पर स्थित पुल पर बदमाशों की गोली के शिकार हुए युवक की पहचान औरंगाबाद के वारुण थाना क्षेत्र स्थित पंडित बिगहा गांव के रहने वाले अरविंद कुमार सिंह के बेटे अनुज यादव के रूप में हुई है। इस मामले में हथियार के साथ एक अपराधी को डेहरी थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से पिस्टल के अलावे तीन जिंदा कारतूस तथा मैगजीन भी बरामद हुए हैं। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश बताई जाती है।मृतक के भाई ने बताया कि वारुण के ही कुछ लोगों से आपसी विवाद था। इस विवाद में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। बता दें कि हत्या करने के बाद भागने के क्रम में बोलेरो सवार अपराधी डेहरी के राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक अन्य बाइक को टक्कर मार दिया। स्थानीय लोगों के हंगामा करने के बाद हत्यारे को पकड़ लिया गया। साथ ही पुलिस ने बोलेरो गाड़ी तथा हत्या में इस्तेमाल हथियार भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल भेज दिया है।

# गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की शोभायात्रा



**आरा। भोजपुर** । नगर रामलीला समिति आरा के तत्वाधान में शनिवार को रथ पर सवार मां लक्ष्मी एवं भगवान विष्णु की गाजे-बाजे और ढोल-नगाडो के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। इस दौरान शहर में पुलिसिया व्यवस्था चाक-चौबंद दिखी। पुलिस के अफसर शोभायात्रा व जवान शोभायात्रा के आगे-आगे चल रहे थे। शोभा यात्रा शहर के पुरानी अदालत पड़ाव स्थित जगदीश प्रसाद के गोला से निकलकर चौक आर्य पथ, आरण्य देवी, शीशमहल चौक, गोपाली चौक, शिवगंज, सदर अस्पताल रोड, मठिया मोड, महादेवा रोड, धर्मन चौक, चित्रटोली रोड़, डिन्स टैंक रोड़ होते रामलीला मैदान पहूंची। रामलीला मैदान में ध्वजारोहण व पूजा के साथ दस दिवसीय रामलीला का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ.अर्चना सिंह ने कहा कि 4 सौ सालों से चली आ रही पुरानी परंपरा का निर्वहन करने का अवसर बहुत ही सौभाग्य से मिला है, हमारी आने वाले पीढ़ी अपनी सनातन संस्कृति व परंपरा को नजदीक से जान सके और समझ सके। इसलिए इस आयोजन को भव्य रूप देने का छोटा सा प्रयास किया गया है। इस बार वृदांवन की प्रसिद्ध मंडली द्वारा रामलीला का आयोजन हो रहा है, जिसका प्रचार प्रसार शहर के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में भी हो रहा है, ताकि हम अपने सनातन संस्कृति का प्रसार आने वाली नयी पीढ़ी में कर सकें। सचिव शंभु नाथ प्रसाद ने बताया कि अगामी 15 अक्टूबर 2023 (रविवार) से संध्या साढे पांच बजे से रात्रि साढ़े नौ बजे तक प्रतिदिन रामलीला का आयोजन 'रामलीला मैदान' में होगा। अगामी 24 अक्टूबर (मंगलवार) विजयादशमी के दिन रात्रि 8 बजे 'रावण पुतला दहन' कार्यक्रम का आयोजन होगा। वही 28 अक्टूबर (शनिवार) को रात्रि 9 बजे से भरत मिलाप की झाँकी निकाली जाएगी। 30 अक्टूबर (सोमवार) को संध्या 06 बजे से राम राज्याभिषेक तथा भव्य देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आचार्य धर्मेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद, सलाहकर समिति के वरिष्ट सदस्य मेजर राणा प्रताप सिंह, सचिव शम्भू नाथ प्रसाद, संरक्षक मंडल के वरिष्ठ सदस्य डॉ. कुमार द्विजेन्द्र, अवधेश कुमार पाण्डेय, राम कुमार सिंह, दिलीप कुमार गुप्ता, विष्णु शंकर, सुनील कुमार चौधरी, मिथलेश रंजन, अविनाश कुमार, मुन्ना कुमार, पंकज प्रभाकर, सुनील कुमार, सिताराम पाण्डेय, नीतीश कुमार, प्रमोद कुमार, ओपी पाण्डेय, राकेश कुमार 'धन्नू', ऋषिकेश ओझा, संजीव सिन्हा, डॉ. कृष्ण कुमार (पत्रकार), राकेश कुमार सिंह (शिक्षक), कन्हैया सिंह, शशिकांत ओझा, मनोज कुमार सिंह, भाजपा नेता अशोक शर्मा, राकेश रंजन उर्फ पुतुल, डॉ .के एन सिंह, डॉ. मदन मोहन द्विवेदी, लोजपा (आर) के जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान, मृत्युंजय भारद्वाज, अधिवक्ता डी. राजन, संजीव जी, संजीव सिंह, मंगलम कुमार सहित सभी कोर कमेटी के सदस्यों के साथ-साथ सैकड़ों लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। आकर्षण का केंद्र रहा शोभा यात्रा आरा। नगर रामलीला समिति द्वारा शनिवार को आयोजित शोभायात्रा शहर वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। पहली बार शोभा यात्रा में भारी संख्या में महिलाओं और युवतियों की भागीदारी रही। महिलाएं अपनी परंपरागत पोशाक साड़ी पहनकर शोभायात्रा में शामिल हुई। उनके सर पर भगवा कलर का साफा बंधा था। इसके अलावे पुरुष भी कुर्ता-पायजामा पहनकर शोभायात्रा में शामिल हुए। उनके सर पर केसरिया साफा लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था।

## अपराधियों ने बाइक सवार युवक को मारी गोली, मौत



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। आरक्षी अधीक्षक रोहतास विनित कुमार ने बताया डिहरी नगर थाना अंतर्गत आपसी रंजिश में हत्या की गई। जिसमें दो लोग गिरफ्तार हुए हैं। वहीं उनके पास से एक पिस्टल और कारतूस बरामद किया गया है।डेहरी नगर थाना क्षेत्र के जवाहर सेतु पुल के पास शनिवार देर रात कार सवार अपराधियों ने एक बाइक सवार युवक को पहले टक्कर मारकर गिराया, फिर सिर में गोली मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृत युवक की पहचान औरंगाबाद के बारुण थानाक्षेत्र के पंडित बिगहा गाँव के राकेश यादव उर्फ अनुज यादव (27) के रूप में की गई है। जिसमें नगर थाना में 830/23 मृतक के पिता के ब्यान पर दर्ज किया गया है। रोहतास पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कार सवार दो लोगों को औरंगाबाद के बारूण थाना क्षेत्र के विधि गांव से परमानंद सिंह के पुत्र अंकित कुमार एवं इंग्लिश गांव से हरेंद्र सिंह के पुत्र सोनल कुमार चालक के साथ बैठा था। जिसके पास से देशी पिस्टल एक, जिन्दा कारतूस चार,मैजिन दो , मोबाइल दो बरामद किया गया है।

## आरा में अतिक्रमण अभियान संध्याकालीन मै चलाया गया



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा। भोजपुर**। शहर में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया एएसपी चंद्र प्रकाश यातायात पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह यातायात थाना अध्यक्ष प्रदीप सरकार नगर थाना संजीव कुमार के नेतृत्व में शीश महल चौक गोपाली चौक सिंडिकेट धर्मन चौक टाउन थाना होते हुए अतिक्रमण चलाया गया इस अभियान में नगर निगम के कर्मचारी के अलावे जिला पुलिस बाल के सहयोग से अतिक्रमण हटाया गया माइक से अलाउंस किया गया कि अगर दोबारा अतिक्रमण लगते हैं तो उनको जुर्माना एवं सामान भी जप्त कर लिया जाएगा सभी दुकानदारों अतिक्रमण माइक से सूचना दिया जा रहा था।

### शोभायात्रा के दौरान चाक-चौबंद दिखी पुलिसिया व्यवस्था

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा**। नगर रामलीला समिति द्वारा निकली गई शोभा यात्रा के दौरान पुलिस-प्रशासन चुस्त दुरुस्त दिखा। शहर के पुरानी अदालत पड़ाव पर सुबह 11 बजे से ही भारी संख्या में पुलिस बल की तैनात हो गये। शोभायात्रा के दौरान एएसपी चंद्र प्रकाश, मुख्यालय डीएसपी विनोद कुमार, ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार सुधांशु, नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार, नवादा थाना इंचार्ज शंभू कुमार भगत, मुफ्फसिल थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, इंस्पेक्टर अशोक चौधरी, यातायात थाना प्रभारी प्रदीप सरकार समेत अन्य पुलिस ऑफिसर एवं जवान मुस्तैद रहे।

### नवरात्र की जयंती से मिल जाते हैं भविष्य के संकेतः संजीव मिश्रा



**पूर्णियां**। तमाम सनातनियों को यह जानकारी होगी ही कि नवरात्र में कलश के नीचे जयंती बोयी जाती है. अंतिम दिन जयंती को काटकर देवी दुर्गा को अर्पित किया जाता है. फिर उनके आशीर्वाद के रूप में परिवार के लोग जयंती को सिर या कान पर रखते हैं. इसके अलावा भी जयंती के और कई महत्व हैं. नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापना की जाती है. उसी वक्त कलश के नीचे रखी मिट्टी में जौ बो दिया जाता है. तीन-चार दिन बाद उसमें अंकुर निकल आते हैं. उसे ही जयंती कहा जाता है.

**दूर होती है नकारात्मक ऊर्जाः** नवरात्र में जयंती का विशेष धार्मिक महत्व है. इसकी विधिवत पूजा की जाती है. नौ दिन बाद अर्थात दशमी तिथि को कलश को नदी में विसर्जित कर दिया जाता है. जयंती से घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है. सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह रहता है. परिवार में सुख-शांति रहती है और समृद्धि आती है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जयंती केवल पूजा की चीज नहीं है, बल्कि ये भविष्य की बाबत संकेत भी देती है. जयंती को अन्नपूर्णा माना जाता है. इसलिए नवरात्र में उनकी पूजा की जाती है.

**उतनी ही कृपा मिलती है माता कीः** कहते हैं कि बोयी गयी जयंती जितनी बढ़ती है, उतनी ही कृपा माता की मिलती है. जब भी देवी-देवताओं का हवन किया जाता है तो उसमें जौ का उपयोग होता है. ऐसा इसलिए कि शास्त्रों में अन्न को ब्रह्म माना गया है. नवरात्र में जयंती की पूजा का यही आधार है. जयंती को लेकर कई धार्मिक मान्यताएं हैं. इन मान्यताओं के आधार पर जयंती अगर हरी-भरी रहती है तो परिवार में सुख-शांति रहती है, तरक्की भी होती है. जयंती जितनी हरी-भरी रहेगी, आर्थिक रूप से उतने ही मजबूत रहेंगे. परिवार में प्रेम भाव बना रहता है. इसके विपरीत जयंती का विकास सही ढंग से नहीं हो पाता है तो इसे शुभ संकेत नहीं माना जाता है. मान्यता है कि इससे आने वाले साल में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. इसके लिए हर रोज दुर्गा पाठ, दुर्गा चालीसा या दुर्गा मंत्रों का जप करना चाहिये. वैसे तो जयंती दो से तीन दिन बाद अंकुरित हो जाती है, लेकिन अगर देरी से अंकुरित होती है तो आगे के दिनों में अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है. साथ ही जिस चीज के लिए आप मेहनत कर रहे हैं, उसका फल मिलने में विलंब हो सकता है. जयंती जितनी तेजी से बढ़ती है, उतनी ही तेजी से उन्नतिभी होती है.यह आस्था और विश्वास की बात है. मानना और न मानना आप पर निर्भर है।

## कलश स्थापना के साथ ही शारदीय नवरात्र हुआ शुरू



**दावथ ( रोहतास)**। कलश स्थापना के साथ ही रवि वार से दावथ प्रखंड के क्षेत्र में शारदीय नवरात्र प्रारंभ हुआ। नवरात्र के प्रथम दिन शहर के विभिन्न पूजा पंडालों सहित अपने अपने घरों में अनेक श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से कलश की स्थापना कर श्रद्धा और भक्ति भाव से नवरात्र का अनुष्ठान प्रारंभ किया। पंडित उमेश पाठक ने बताया कि नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना की जाती है।माता रानी से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की जाती है। नवरात्र का शुभारंभ होने के साथ ही शहर में दुर्गोत्सव की धूम शुरू हो गई। विभिन्न पूजा पंडालों में सुबह शाम हो रही पूजन अनुष्ठान व आरती और इस दौरान बज रहे घंटा, शंख के धुन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। उल्लेखनीय है कि प्रखंड क्षेत्र के कई स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इनमें से दावथ,मलियाबाग,जमसोना, योगनी , बभनौल सेमरी में पारंपरिक रूप से पूजन अर्चना की धूम रहती है।वहीं दुर्गा पूजा समिति , नवरत्न दुर्गा पूजा समिति, आदर्श दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडालों में पूजन अर्चना के साथ ही भव्य व सुंदर पूजा पंडाल व आधुनिक साज सज्जा विशेष आकर्षण का केंद्र होती है। वहीं दूसरी ओर प्रतिपदा के साथ ही प्रसिद्ध मां आसावरी मंदिर दावथ में भी कलश स्थापना कर पूजन अनुष्ठान शुरू किया गया।

**नवरात्र** सुबह से हर गांव शहर के मंदिरों में भक्तो की भीड़ मां दर्शन करने के लिए उमड पड़ा, जिसमें ताराचण्डी मां सासाराम,श्री यक्षिणी माता भलुनीधाम में भक्तो का हूजूम उमड पड़ा

# नमस्तस्यै नमो नमः से गुंजायमान हुआ रोहतास

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। रविवार की सुबह से ही हर गांव शहर के मंदिरों में भक्तो की भीड़ मां दर्शन करने के लिए उमड पड़ा। जिसमें ताराचण्डी मां सासाराम,श्री यक्षिणी माता भलुनीधाम में भक्तो का हूजूम उमड पड़ा। वहीं सभी दुर्गा पंडाल में दुर्गा सप्तशती के मां के मंत्रों की आवाज बहुत ही सुमधुर सुनाई पड़ा। इस संबंध में श्री दुर्गा पूजा समिति सरांव बाजार के मुख्य पुजारी कवि सुनील कुमार ने बताया कि तारामण्डलों के उस पार फैले खगोल के महाविस्तार को देख, हमारे मनीषियों ने अन्तर्यात्रायें कर, उस महाचेतना को ही आद्यशक्ति कहा होगा। चेतना के विभिन्न स्तरों से निकला यह धार्मिक आविष्कार, भारतीय अध्यात्म का चिंतन बीज है... वैचारिक ऊर्जा की उसी पुरातन मिट्टी से हमारी संस्कृति के वटवृक्ष का निर्माण हुआ है। पितृ श्राद्ध समाप्त होते ही आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से शारदीय नवरात्रा आरम्भ हो जाते हैं। 'पितृ श्राद्ध' भूत हो चुके अदृश्य जीवन को हमारा प्रणाम है, और नवरात्रि की 'घट-स्थापना' एवं 'जौ' की हरियाली, ऋतुगर्भा दिनों की प्रतीक हैं। ऋतुएं वर्ष में दो बार ऋतुगर्भा होती हैं। बसन्त और शरद ऋतुओं के इन नौ दिनों को ऋतुगर्भा माना गया है। प्रकृति के इसी नौ दिवसीय रचनाधर्म को 'नवरात्र' कहा जाता है... जीवन के वर्तुल को परिभाषित करने का यह भारतीय ढंग है। शरद ऋतु का यह संधिकाल, शरीर में हलचल पैदा करता है...शरीर के विकार उभरने लगते हैं...आंतरिक रस-रसायनों और मनोवेगों का प्रकृति के साथ संघर्ष होता है...प्रकृति से सामन्जस्य बैठाने का यह संघर्ष, शरद में ही होता है। इसीलिए जहाँ बच्चों की उम्र की तुलना 'वसन्त' से होती है, वहीं वयस्कों के लिए 'सौ शरदों' की कामना की गयी है। नवरात्रों के अनुष्ठान और साधना के प्रावधान अकारण नहीं हैं। शारीरिक वेग और व्याधियाँ, व्रत साधना से नियन्त्रित हों...धार्मिक चित्त वृत्ति का रंग आहार-व्यवहार का परिमार्जन करे तो जीवन स्वयं ही त्यौहार बन जाता है...जैसे कि रजोधर्म के कारण ऋतुमती स्त्री, गर्भधारण के योग्य बनती है...'रज' रचना का केन्द्र है, ... उसी तरह सृजन के इस महायज्ञ में समिधा



बनती स्त्री को हमारे मनीषियों ने उच्चासन दिया है...महाप्रकृति के समस्त रचनाधर्म को गर्भ देने वाली वह महाशक्ति, महामाया, स्त्री का वह विराट रूप, वह जगद्जननी ही नवरात्रों की आराध्य देवी है.....'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा' इन पांच तत्वों के प्रतीक सुगंधि, जलाभिषेक, दीप, धूप, आदि देवी को अर्पित किये जाते हैं। और पूजा के अन्त में नैवेद्य के निवेदन से प्रकृति के समस्त तत्वों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की जाती है... प्रकृति के विश्लेषण का यह लोक-दृष्टान्त, ये कर्मकान्ड, जीवन में संयम और परिमार्जन लाते हैं...ऋत् के अमृत से आनंदित समाज, साधना से सधता है, रचनाशीलता के आनंद से जुड़ता है।शरदऋतु में गेहूं, जौ, चना बोया जाता है, वृक्षारोपण होता है...उद्योगों से निबटने के पश्चात ही कार्तिक के पावन-स्नानों की झड़ी लग जाती है/ मालवा और दक्षिण भारत में तो कार्तिक-शुक्ल की प्रतिपदा से ही नववर्ष का आरंभ माना जाता है, वहीं दीपावली में बही-खाते बदलकर, व्यापारी, नव-वर्ष की शुरूआत करते हैं...काल-गणना की यह भारतीय समझ अद्भुत है...बिना कलेन्डर के हजारों वर्षों से अनपढ़ लोग भी प्रकृति और कालचक्र से बतियाते हैं...नदियों के किनारे होने वाले मंगल-स्नान, समय की वे भारतीय-सुईयां हैं, जिनकी टिक-टिक को हमारे लोग वर्षों से समझते रहे हैं... हमारे ये धार्मिक-स्नान सामाजिक मिलन के केन्द्र हैं...काया को क्षणभंगुर मानने वाला भारतीय-समाज नदियों के किनारे मात्र शरीर धोने नहीं आता, वह पानी में डुबकी लगाकर उन पवित्रा जलतरंगों में जातीय-स्मृति के उस आरोह-अवरोह को सुनने भी आता है, जो मन के तारों को प्रतिवर्ष कस कर प्राणों को सुरीला 'वाद्य' बनाता है। नवरात्रों में 'देवीपूजा' को रामलीला और कृष्ण की महारास लीला से रेखांकित करना, हम जीवंत-भारतीयों की उत्सव-प्रियता का प्रमाण है...सूर्य की तिरछी होती किरणें, अपनी गुलाबी ठंड से धमनियों को गर्माती हैं, यौवन कुलांचे मारने लगता है... वस्त्रों की भाषा बदलती है...रामलीला की चौपाइयां, हारमोनियम की धुनें मन में अलग सी उदासी भरती है...शरद-ज्योत्सना की ठंडी-आग, यौवन के पृष्ठ जलाने लगती है...कृष्ण का महारास ऋतु-सम्पादित समाचार-पत्र की तरह प्रत्येक व्यक्ति की दिनचर्या में हस्तक्षेप करने लगता है, नुकीला होता शीत, जीवन को खटखटाता है, शरद शरीर को मांजता है...इसीलिये वयस्क जन, खीर के कटोरे चांदनी में रख उस ऋतु-अमृत से सौ-शरदों को देखने की कामना करते हैं...शरद से लेकर बसन्त के धमाल तक के ऋतुचक्र को हमारे देश में धार्मिक-पुस्तक की तरह पढ़ा जाता है।

### डीएम एवं एसपी ने रात्रि भ्रमण किया



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक विनित कुमार द्वारा पदाधिकारियों की टीम के साथ बभनौल, कोवाथ, बिक्रमगंज शहर एवं नोखा नगर पंचायत में भ्रमण किया गया एवं आगामी त्यौहारों के लिए विधी व्यवस्था के संबंध में निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक निदेश दिये गये। साथ में उप विकास आयुक्त शेखर आनंद, अपर समाहर्ता चन्द्रशेखर सिंह, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी उपेन्द्र पाल भी उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### एक शराब धंधेबाज व तीन पियक्कड़ गिरफ्तार भेजे गए जेल



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर**। जिला के कुदरा थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र से एक शराब के धंधेबाज सहित तीन पियक्कड़ों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष संजय कुमार के द्वारा बताया गया कि, बिहार सरकार के मद्य निषेध कानूनों को ससंकल्पित रुप से पालन करते हुए, थाना प्रशासन द्वारा शराब व शराबियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में थाना क्षेत्र के पचपोखरी गांव से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 15 लीटर देसी महुआ वाली शराब के साथ ग्रामवासी उमेश पासवान पिता शंकर पासवान को गिरफ्तार किया गया। वहीं थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से तीन पियक्कड़ों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गिरफ्तार पियक्कड़ सुभाष चौधरी पिता शंकर चौधरी ग्राम-शिवपुर, थाना- करमचट, जंग बहादुर शर्मा पिता स्वर्गीय वैद्यनाथ शर्मा ग्राम- मुजियां, थाना- कुदरा, प्रदीप कुमार पिता अवध कुमार सिंह ग्राम-बहुआरा, थाना- करहगर, जिला-रोहतास के निवासी बताए जा रहे हैं।

### 3396.96 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब व एक ट्रक जप्त तस्कर गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर**। जिला के मोहनियां थाना प्रशासन द्वारा 3396.96 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब व एक ट्रक जप्त करते हुए तस्कर को किया गया गिरफ्तार। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष ललन कुमार के द्वारा बताया गया, कि बिहार सरकार द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए, शराब तस्कर व शराबियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में रविवार समय लगभग 8:30 बजे मोहनियां ए एल टी एफ टीम के प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक राजीव कुमार सिंह व मद्य निषेध टीम तथा मोहनियां थाना के पुलिस पदाधिकारी व बल के द्वारा, सामेकित जांच चौकी मोहनियां के पास जांच के क्रम में एक ट्रक में सड़े सेव में छुपा कर रखें, काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। तथा उक्त ट्रक से एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े चालक से पूछताछ करने के क्रम में चालक द्वारा बताया गया, कि यह शराब चंडीगढ़ से लेकर सिलीगुड़ी जाना था। शराब की कुल 379 पेटी में 3396.96 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब पाया गया। शराब जप्त करते हुए शराब परिचालन करने के जुर्म में ट्रक संख्या एचपी 28 बी 8133 को जप्त कर, तस्कर को गिरफ्तार किया गया। साथ ही तस्कर के पास से एक मोबाइल फोन भी जप्त किया गया। गिरफ्तार तस्कर दिनेश कुमार उम्र करीब 46 वर्ष पिता सूरत सिंह ग्राम मसौर, थाना- घुमारवी, जिला- बिलासपुर' हिमांचल प्रदेश का निवासी बताया जा रहा है।

### चैनपुर पुलिस ने तीन वारंटीयो को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चैनपुर(कैमूर)**। थाना क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर पुलिस द्वारा तीन वारंटीयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वही इस सम्बंध चैनपुर थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार ने बताया कि तीन वारंटीयों को चैनपुर के मस्जिद के पास स्वर्गीय बैजनाथ पासी का पुत्र मिठाई पासी दूसरा गरीबन पासी का पुत्र राजू पासी बताया गया। वहीं तीसरा रामवचन राम का बेटा सुरेश राम ग्राम बड़ी तकिया थाना चैनपुर तीनों कैमूर जिला का रहने वाला है। ये वारंटी कुछ दिनों से फरार चल रहे थे की गुप्त सूचना मिला की वारंटी घर पर आए हुए हैं। जहां चैनपुर पुलिस ने सूचना को पाते ही मौके पर पहुंचकर इन तीनों वारंटीयों को गिरफ्तार कर चैनपुर थाना लाया गया। जहां इन तीनों वारंटी को चैनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच करा कर भभुआं न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं की मांगों को लेकर हड़ताल जारी





**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर**। जिला के सभी प्रखंड परिसरों में आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं का विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल जारी। क्रम में कुदरा प्रखंड परिसर में अनिश्चितकालीन हड़ताल में सम्मिलित संगठन के प्रखंड अध्यक्ष उषा सिंह, कोषाध्यक्ष शमीमा आरा बानो एवं सचिव माया कुमारी के द्वारा बताया गया, कि आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति की 8 सितंबर 2023 को केदार भवन अदालतगंज पटना में आहूत बैठक में राज्य के तीन प्रमुख संगठनों तथा दो समर्थित संगठनों द्वारा राज्य सरकार के वादा खिलाफी के विरुद्ध, सर्वसम्मति से 29 सितंबर 2023 से आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं के अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया गया है। बैठक में राज्य सरकार के वादा खिलाफी तथा 25 मार्च 2022 को विधानसभा के समक्ष संपन्न विशाल आंदोलन के माध्यम से 20 जुलाई 2022 को माननीय मंत्री के समक्ष प्रधान सचिव तथा निदेशक की उपस्थिति में, 21 जुलाई 2022 को निदेशालय में निदेशक के साथ मांग पत्र पर बना सहमति को अब तक लागू नहीं करने, केंद्र सरकार द्वारा मानदेय बढ़ोतरी के बाद 50% राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि में वृद्धि करने के पूर्व के आदेश को भी समाप्त कर देने को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए, हड़ताल में जाने का निर्णय लिया गया। विधानसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन द्वारा अपने घोषणा पत्र में, सरकार बनने पर आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं के मानदेय को दुगना करने का वादा किया गया था, साथ ही तेजस्वी यादव के द्वारा लगभग अधिकांश चुनावी सभा में भी इस आशय का आश्वासन दिया गया था। पर मानदेय दुगना करने की बात तो छोड़िए, अभी तक प्रतिनिधिमंडल से मिलने तक का कष्ट नहीं किया गया। सरकार द्वारा दस्तावेज में तो हम लोगों को 4 घंटे का कार्य दिया गया है, पर 12 घंटे लगातार कार्य लिया जाता है, इतना ही नहीं रात में भी मैसेज करके दूसरे दिन के कार्यों का सूची भेज दिया जाता है। दूरभाष पर लगातार कार्य करने को कहा जा रहा है। जबकि दूरभाष की सुविधा सरकार द्वारा नहीं दिया गया है, नहीं रिचार्ज का पैसा दिया जाता है। ज्ञातव्य है कि वर्तमान वर्ष में जनवरी माह से मार्च माह के बीच लगातार 3 महीने तक संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में आहूत चरणबद्ध आंदोलन के दरम्यान, निदेशक आईसीडीएस आईसीडीएस एवं प्रधान सचिव समाज कल्याण विभाग के द्वारा दिए गए आश्वासन पर भरोसा करते हुए संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा, चरणबद्ध आंदोलन के अंतिम चरण का राजव्यापी विशाल प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया था। 3 महीने बाद 26 जुलाई 2023 को जब संयुक्त संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल निदेशक से मिलकर सरकार द्वारा किए गए वायदे को पूरा करने की मांग की गई, तो मानदेय राशि बढ़ाना तो दूर जिन आठ मांगों पर सहमति बनी थी उसे भी घिसी पिटी बात कह कर टाल दिया गया। ऐसी स्थिति में संयुक्त संघर्ष समिति को विवश होकर हड़ताल में जाने का निर्णय लेना पड़ा। आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं का कहना है, कि मरता क्या न करता, हम लोग उस अवस्था में पहुंच चुके हैं। उपस्थित सेविका व सहायिकाओं द्वारा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी किया गया। साथ ही गीत के माध्यम से भी विरोध दर्ज कराया गया। उन्होंने कहा कि मांग पूरा न होने तक हड़ताल जारी रहेगा।

## प्रेम प्रसंग मामले में युवक की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर**। भभुआं कलौंज गांव के सिवान में प्रेम प्रसंग मामले में एक युवक की हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाने का मामला प्रकाश में आया। संदर्भ में जानकारी लेने पर ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहम्मदपुर गांव निवासी किशन बिन्द का 21 वर्षीय पुत्र राजा बाबू, भ्रमित प्रेम की जाल में फंस गया था। जो प्रेमिका के बुलाने पर एक बजे रात्रि को मिलने उसके घर गया था, लड़की के मां द्वारा रात में लड़के के घर पहुंच कर बताया गया, की आपका लड़का मेरे घर आया हुआ था। जहां हम लोगोको देखकर वहां से भाग निकला, लड़के के पिता ने बहुत खोज बिन किया लेकिन लड़का कहीं नहीं मिला। सुबह में कलौंज गांव के सिवान में लड़के का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। जबकि लड़के की परिजनों का कहना है कि लड़की के परिजनों द्वारा हमारे लड़के का हत्या कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही, मौके पर पहुंची पुलिस लड़की को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभूआं भेज दिया गया है।

## चार पियक्कड़ो के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के कर्णपुरा गांव से गुप्त सूचना के आधार पर दुर्गावती पुलिस ने शनिवार की रात्रि एक धंधेबाज को 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार धंधेबाज कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र के कर्णपुरा गांव निवासी रोहित सिंह बताया जा रहा है। जिसे दुर्गावती पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर थाने लाया गया जहां पर पूछताछ करते हुए मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया गया। वही मरहिया मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग दो से एक चार पहिया वाहन से आरहे चार लोगों को शराब के नशे में दुर्गावती पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ये सभी लोग चार पहिया वाहन से उत्तर प्रदेश से शराब पीकर बिहार की सीमा में आ रहे थे तभी दुर्गावती पुलिस के द्वारा मरहिया मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग दो पर रोक कर उनकी तलाशी ली गई तो सभी लोग शराब के नशे में पाए गए ।इसके बाद पुलिस के द्वारा इनका मेडिकल जांच कराया गया जहां पर शराब पीने की पुष्टि हुई इसके बाद पुलिस ने सभी लोगों को आगे की कार्रवाई करते हुए पुलिस अभिरक्षा में भभुआ जेल भेज दिया। गिरफ्तार लोगों में प्रभाकर कुमार सिंह मंसूरपुर, प्रवीण कुमार दरौली रामगढ़, कुमार अरविंद रामगढ़ बाजार एवं अमित गुप्ता चड़ेश रामगढ़ सभी कैमूर जिले के निवासी बताए जाते हैं।

## जिला अधिवक्ता संघ भभुआं कैमूर बिहार के अधिवक्ता संघ पूर्व संयुक्त सचिव स्टेट बार काउंसलिंग सदस्य पद हेतु 17 अक्टूबर को करेंगे नामांकन



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर**। बिहार स्टेट बार काउंसिल पटना सदस्य पद हेतु दिनांक 17 अक्टूबर 2023 को कैमूर भभुआं अधिवक्ता संघ पूर्व संयुक्त सचिव मंटू पांडेय द्वारा बिहार स्टेट बार काउंसिल भवन पटना में बिहार स्टेट बार काउंसलिंग सदस्य पद हेतु किया जाएगा नामांकन। संदर्भ में जानकारी देते हुए उनके द्वारा कहा गया, अधिवक्ताओं के लिए बिहार स्टेट बर काउंसिल पटना का सदस्य पद हेतु में चुनाव जो लड़ रहा हूं ,यह चुनाव मेरा नहीं अधिवक्ताओं के हित के लड़ाई है। मेरी पहली प्राथमिकता बिहार के अधिवक्ताओं को गंभीर बीमारी में इलाज हेतु बिहार वेलफेयर ट्रस्टी फंड से 500000 रूपए इलाज हेतु आर्थिक सहायता अधिवक्ताओं के निधन पर, बिहार वेलफेयर ट्रस्टी से उसके आश्रित को 10 लाख रुपया आर्थिक सहयोग, अधिवक्ता के हत्या होने पर 20 लाख रुपया का आर्थिक सहयोग एवं अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम राज्य सरकार और केंद्र सरकार से पास करने के लिए मैं लड़ाई लड़कर अधिवक्ता हित में पास कराऊंगा। जो अधिवक्ता अपने सुरक्षा हेतु शस्त्र अनुज्ञप्ति लाइसेंस लेना चाहेंगे उसके लिए बिहार के हाल जिला पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक से मिलकर लाइसेंस दिलवाऊंगा। बिहार में हर बार के अधिवक्ताओं को बैठने के लिए जगह की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था और सुरक्षा के पैमाने पर हर जिले के कैंपस में सुरक्षा के लिए विधि व्यवस्था कराऊंगा। बिहार में 10 साल के अंदर प्रेक्टिस करने वाले अधिवक्ता किसी दुर्घटना या घटना में अपंग हो जाते हैं, तो उनके एक पुत्र को ग्रेजुएशन तक पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था, बिहार स्टेट बर काउंसिल पटना एवं हर जिला स्तर पर व्यवस्था करवाऊंगा पूर्व संयुक्त सचिव मंटू पाण्डेय ने बताया कि मेरा नामांकन 17 अक्टूबर 2023 दिन मंगलवार को बिहार स्टेट बार काउंसिल भवन पटना में होगा। और इसका मतदान दिनांक 11 दिसंबर सन 2023 को होगा।

**परेशानी** राष्ट्रीय राजमार्ग के मानक के रूप नहीं होने से वाहनों के जाने से जगह-जगह खराब हो रही है

# ओवरलोड वाहनों के कारण क्षतिग्रस्त हो रही ग्रामीण इलाकों की सड़के



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग से अलग आंतरिक रोडो को इस समय ओवरलोडेड वाहनों के द्वारा क्षति पहुंचाई जा रही है। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश बिहार की सीमा को जोड़ने वाला गाजीपुर और चंदौली जिले का ककरैथ बॉर्डर का रास्ता राष्ट्रीय राजमार्ग से आकर मिलता है। दुर्गावती चेहरिया पथ पर ओवर ब्रिज नहीं होने के कारण गाड़ियों का आना जाना उत्तर प्रदेश की सीमा में नहीं होता था। लेकिन फिलहाल राष्ट्रीय राजमार्ग से कुलहरिया मेला पथ पर ओवर ब्रिज का निर्माण तथा रुचि सोया फैक्ट्री से होकर अकोढी मेला पथ पर करणपुरा गांव के पास ओवर ब्रिज बन जाने के कारण ओवरलोडेड वाहनों का आवा गमन बदस्तूर जारी है। ये रोड ग्रामीण इलाकों के लिए और छोटे वाहनों के लिए बने थे जो ग्रामीण इलाकों को जोड़ते हैं जिससे जनता के छोटे वाहनों के साथ आवागमन में कोई परेशानी न हो। फिलहाल ग्रामीण इलाकों की रोड राष्ट्रीय राजमार्ग के मानक के रूप नहीं होने की वजह से ओवरलोडेड वाहनों के जाने से जगह-जगह खराब हो रही है। प्रखंड के अंदर रेलवे लाइन पर दो जगह पर ओवरब्रिज निर्मित होने के कारण आज ओवरलोडेड वाहन इन्हीं ब्रिजो के सहारे उत्तर प्रदेश के गाजीपुर मऊ रामगढ़ होते हुए आरा बक्सर दिलदारनगर गुजरते हैं। यह वाहन टोल टैक्स बचाने के हेतु या अवैध ढंग के वजह किसी कागजात के नही होने के कारण गुप्त रास्तों से लगता है जाने काम कर रहे हैं। फिलहाल वाहन चालकों की मजबूरियां जो भी हो लेकिन ऐसे वाहनों से देहाती रास्ते कमजोर और क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। यदि समय रहते ओवर ब्रिजों पर पोल लगाकर अंडर घेरा नहीं बनाया गया तो कुछ ही दिनों में ग्रामीण इलाकों से गुजरने वाले रास्तों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।

## बरली गांव की मुख्य सड़क हुआ तालाब में तब्दील



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामपुर (कैमूर)**। रामपुर प्रखंड के अमॉव पंचायत के वार्ड नंबर 2 बरली के मुख्य सड़क तालाब में हुआ तब्दील। आपको बता दें की नाली न होने की वजह से सभी के घरों की पानी मुख्य सड़क पर ही गिरता है,जिसके वजह से सड़क पर हमेशा पानी लगा रहता है। जिसके वजह से ग्राम वासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थिति को देखते हुए ग्रामीण मुन्ना शर्मा व राजेंद्र शर्मा के द्वारा सफाई हेतु लोगों को जागरूक करने के तहत, नवरात्र पर्व को देखते हुए नाली की साफ़ सफाई सफाई की गई। ग्रामीणों का कहना है कि इस पर जनप्रतिनिधियों के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। यदि नाली बन जाए तो इस पानी का निकास हो जाएगा, जिससे कि ग्रामवासीयों को आवागमन में परेशानी नहीं होगा।

### 12.4 किलोग्राम गांजा के साथ दो गांजा तस्कर गिरफ्तार अग्रिम प्रक्रिया जारी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर**। जिला के भगवानपुर थाना प्रशासन द्वारा 12.4 किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को किया गया गिरफ्तार अग्रिम प्रक्रिया जारी। थाना अध्यक्ष से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक, कैमूर, भभुआ के निर्देशन में थाना भगवानपुर पुलिस द्वारा सूचना संकलन कर 12.4 किलोग्राम मादक पदार्थ (गांजा) के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर अधौरा थाना क्षेत्र के बभनी कलां गांव निवासी भोला जायसवाल का 20 वर्षीय पुत्र करण सोनी व दूसरा तस्कर उसी गांव के श्रम सिंह यादव के 19 वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ यादव है। जहां भगवानपुर पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही में जुटी है।

### पुलिस ने गुप्त सूचना पर एक स्कॉर्पियो सवार युवक को शराब के साथ किया गिरफ्तार




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामगढ़ (कैमुर)**। यूपी से शराब लेकर बिहार में रामगढ़ के रास्ते अपने ठिकाने पर जा रहे एक युवक को रामगढ़ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। वहीं थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिला था कि यूपी के रास्ते बिहार में स्कार्पियो सवार शराब लेकर प्रवेश कर रहा है। उसे पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया, एक सफेद कलर की स्कॉर्पियो यूपी के रास्ते से आते हुए दिखाई दी, तो रोक कर जांच किया गया तो उसमें से 48 पीस 8:00 पीएम शराब बरामद हुआ तस्कर को गिरफ्तार करते हुए अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय प्रस्तुत कर दिया गया।

### शरद नवरात्र के पहले दिन मुंडेश्वरी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालु की भिड़







**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चैनपुर(कैमूर)**। विधान सभा के भगवानपुर में पवरा पहाड़ी पर स्थित मां मुंडेश्वरी धाम में बलि की अनोखी प्रथा है। और यहां दी जानेवाली बलि की प्रक्रिया भी बेहद खास है.ऐसी बलि प्रथा पूरे विश्व में कहीं भी नहीं है।.जहां लोग मां के सामने उनसे अराधना कर अपना संकल्प लेते हैं और बकरे चढ़ाने की बात कहते हैं।संकल्प पूरा होने पर लोग पुनः मां के दरबार मुंडेश्वरी धाम में आते हैं, तब एक बकरे को साथ लेकर आते हैं और बकरे को स्नान कराकर फूल माला के साथ मां के चरणों में ले जाते हैं.जहां पुरोहित के द्वारा बकरे को मां के समक्ष चरणों में लिटा दिया जाता है और फूल अक्षत मार के मां को अर्पित किया जाता है.जहां बकरा अचेत अवस्था में हो जाता है।पुनः पुरोहित के द्वारा मां रक्षा करो करके अक्षत बकरे पर मारा जाता है.तब बकरा लड़खड़ाता हुआ खड़ा हो जाता है. ऐसे में बकरे की बलि की प्रक्रिया पुर्ण की जाती है।वहीं पुजारी उमेश मिश्रा बताते हैं मां मुंडेश्वरी के मंदिर के अंदर गर्भ गृह में चतुर्भुज शिवलिंग और शिव परिवार की प्रतिमा उपस्थित है.यहां मां मुंडेश्वरी की प्रतिमा है.यहां बलि प्रथा बहुत मशहूर है.जो लोग मन्नत मानते हैं कि मां मेरी मन्नत पूरी हो जाए तो बकरा चढ़ाएंगे, लेकिन यहां रक्तविहीन बलि दी जाती है. हिंसा नहीं की जाती है. यहां अहिंसक बलि दी जाती है. जिसे मां स्वीकार करती हैं,ऐसा बलि प्रक्रिया पूरे विश्व में नहीं होता है.जो यहां हमारे मां मुंडेश्वरी मन्दिर में होता है।मंदिर का इतिहास काफी पुराना है।चैत्र व शारदीय नवरात्र के समय मंदिर में बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश व देश के कोने कोने से भक्त यहां मां की पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। मां मुंडेश्वरी सभी की मनोकामना पूर्ण करती हैं।

### नवरात्रि में भी सफाई का ख्याल नहीं



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। कलश यात्रा के साथ नवरात्र शुरू हो गया है। सासाराम शहर में पूजा पंडालों का निर्माण अंतिम चरण में है। लेकिन, इस बीच सासाराम शहर के कई मुहल्ले के लोगों को गंदगी से जूझना पड़ रहा है। कई गली व मुहल्ला में कचरा पसरा हुआ है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शेरगंज और चौक बाजार में श्रद्धालुओं को भी कचरा के बीच से होकर जाना पड़ा। जबकि देहात के गांवो की स्थिति और भी बदतर है।

# ख़ास ख़बर

## पीएम आवास योजना के लाभार्थियों ने ग्राम प्रधान पर लगाया अवैध उगाही का आरोप

**गाजीपुर।** जहां सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना में रेवतीपुर विकास खंड अंतर्गत सरहुला ग्राम पंचायत में अनियमिता सामने आई है। ग्राम पंचायत के कई आवास लाभार्थियों ने ग्राम प्रधान धर्मप्रकाश पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा आवास देने के बदले में 10 से 15 हजार रूपए की अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। गांव में पहुंची टीम ने जब पड़ताल किया तो कई लाभार्थियों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान ने प्रधानमंत्री आवास में जमकर वसूली की है। जब प्रधान को ये बात पता चली तो वो अपनी सफाई देते हुए मीडियाकर्मियों से मिलने के लिए कहने लगे। इसके कुछ ही देर बाद सचिव रोहित कुमार मीडियाकर्मियों से फोन पर सिफारिश करने लगे। पूरे मामले से पीडी राजेश यादव को अवगत करा दिया गया है। देखना ये है कि अधिकारियों द्वारा क्या कदम उठाया जाता है।

## जमानियां हिंदु पीजी कॉलेज जमानियां से निकाली गई अमृत कलश



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मनोज कुमार, जमानियां।** हिंदु पीजी कॉलेज जमानियां से निकाली गई अमृत कलश यात्रा प्रोफेसर अखिलेश शर्मा ने सभी को दिलाईं पंच प्रण कार्यक्रम समारोह आयोजित किया गया जमानियां के प्रोफेसर अखिलेश शर्मा ने अमृत कलश यात्रा निकाल कर एक नई उम्मीद जगाए जमानियां स्टेशन बाजार स्थित हिंदु पीजी कॉलेज शासन निर्देशा अनुसार महाविद्यालय प्राचार्य अखिलेश प्रोफेसर अखिलेश शर्मा, शास्त्री संयोजक मेरी माटी मेरा देश के तहत कलश यात्रा का रखाव और पंच प्रण का शपथ दिलाई गई प्राचार्य ने मेरी माटी मेरा देश के बारे में छात्र छात्राओं के जानकारी दी प्राचार्य अखिलेश शर्मा शास्त्री ने कहा कि यह अभियान अपने मातृत्व भूमि से प्रेम और राष्ट्र प्रति समर्पण के भाव को पुष्ट करने के लिए चलाया जा रहा है हमारे देश का इतिहास शौर्य भाव से भरा पड़ा है जिनमें अनेक वीरों ने प्राण के आहुति देते हुए मान सम्मान के प्रति रक्षा की।

## पीएम आवास योजना के लाभार्थियों ने ग्राम प्रधान पर लगाया अवैध उगाही का आरोप




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** जहां सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना में रेवतीपुर विकास खंड अंतर्गत सरहुला ग्राम पंचायत में अनियमिता सामने आई है। ग्राम पंचायत के कई आवास लाभार्थियों ने ग्राम प्रधान धर्मप्रकाश पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा आवास देने के बदले में 10 से 15 हजार रूपए की अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। गांव में पहुंची टीम ने जब पड़ताल किया तो कई लाभार्थियों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान ने प्रधानमंत्री आवास में जमकर वसूली की है। जब प्रधान को ये बात पता चली तो वो अपनी सफाई देते हुए मीडियाकर्मियों से मिलने के लिए कहने लगे। इसके कुछ ही देर बाद सचिव रोहित कुमार मीडियाकर्मियों से फोन पर सिफारिश करने लगे। पूरे मामले से पीडी राजेश यादव को अवगत करा दिया गया है। देखना ये है कि अधिकारियों द्वारा क्या कदम उठाया जाता है।

## श्री पवहारी बाबा रामलीला ट्रस्ट यूसुफपुर खडवा के रामलीला मंचन के कलाकारों के मुख से बहती है सरस्वती की अविरल धारा



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** मनिहारी शारदीय नवरात्रि दशहरा के पवित्र बेला पर देश भर मे हो रहे रामलीला के मंचन में अति प्राचीन श्री पवहारी बाबा रामलीला ट्रस्ट यूसुफपुर खडवा के दस द्विवसीय रामलीला मंचन के तीसरे दिन रामलीला का महत्वपूर्ण अंश "राम वन गमन" का अभिनय करते कलाकार अपने को बिल्कुल उसी अभिनय के सापेक्ष तैयार करते हैं और राम वन गमन में माता कैकेई द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के लिए वन और भरत जी के लिए राजगद्दी मांगा लिया बहुत ही मार्मिक प्रसंग को राम के अभिनय में राजेश्वर सिंह जानकी अभिनव सिंह लक्ष्मण गोपाल सिंह दशरथ के अभिनय रामाश्रय दूबे कैकेई बुच्ची बासफोर सुमित्रा मूलचंद मासूम सुमंत दिवाकर सिंह और मंथरा प्रकाश गुप्ता ने किया। बिना ध्वनि वादक यंत्र द्वारा सादकी पूर्वक मंचन बहुत ही स्वर की दरिया माता सरस्वती की अविरल धारा अभिनय के कलाकारों के मुख से बहती है।श्री पवहारी बाबा रामलीला ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री पंचम सिंह जी के समर्पण के भाव और सभी के प्रति प्यार और दुलार से गंगा जमुनी की तहजीब है यह रामलीला मीडिया प्रभारी राजेश जायसवाल द्वारा प्रेस प्रस्तुति की।

# महिला सुरक्षा सहित साइबर अपराध संबंधित संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता , सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर।** भुड़कुड़ा कोतवाली क्षेत्र के कवला जखनिया के प्राथमिक विद्यालय पर आज दोपहर 1:00 बजे कोतवाल तारावती ने अपने बीट के सिपाहियों को लेकर महिला सुरक्षा सग्रोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें कोतवाल तारावती ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है ।महिलाओं को इसका सदैव एहसास होना चाहिए ।कहीं आते-जाते यदि रास्ते में अथवा कार्य स्थल या फिर घर के आसपास कहीं कोई मनचला आपको परेशान करें तो घबराएं नहीं ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दें। इस दौरान वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चिकित्सी सहायता 108, पुलिस कंट्रोल नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि के बारे में जानकारी दी ।वहीं भाजपा के मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा कि महिलाओं के सुरक्षा के लिए सरकार सख्त है ।महिलाओं को सुरक्षा के लिए पुलिस 24 घंटे तत्पर पर है तथा उन्होंने कहा किसी भी घटना या असुरक्षित महसुस हो तो तत्काल पुलिस को याद करें पुलिस 24 घंटे महिलाओं को सुरक्षा के लिए तत्पर है ।उन्होंने कहा कि सूचना देने वाला का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा ।उन्होंने महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ अपने अधिकार को जाने। किसी भी संकट में अभी शिकायत को दर्ज कराए।ग्राम प्रधान किरण देवी ने कहा कि बालिकाओं और शिक्षिकाओं महिलाओ को हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 1076 ,112 सहित साइबर अपराध संबंधित मामले का तत्काल शिकायत दर्ज कराए। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में महिलाओं एवं बच्चियों पर होने वाले अपराध पर लगाम लगाने के लिए कमर कस लिया है जिसके तहत मिशन शक्ति की शुरुआत हुई है। इस मौके पर प्रधान किरण देवी ,बीसी सखी सुमन भारती, रागिनी देवी, शीला देवी, प्रमिला देवी ,संगीता, जूही, सहित महिला कांस्टेबल भी मौजूद रही।

## तीन नाबालिक किशोर को पुलिस ने भेजा चोरी के आरोप में जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता , रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर।** भुडकुंडा कोतवाली अंतर्गत खेमपुर गांव से कोतवाली के उपनिरीक्षक गुलाम हुसैन अपने पुलिस कांस्टेबलों के साथ आज सुबह 6.30 पर 17 वर्षीय तीन नाबालिक शिक्षित चोर को अरेस्ट करने का दावा किया। जिसमें तीनों नाबालिक किशोर को चोरी के मामले में पुलिस ने धारा 457,380,411 में जेल भेजा ।साथ ही आरोपी के पास से दो सोलर पैनल,एक बैटरी,,इन्वेटर,प्रिंटर भी बरामद करने का दावा किया। मालूम हो की क्षेत्र में चोरी घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल था कब किस किसान का ट्यूबेल का मोटर ,समरसेबल या सोलर पैनल, बैटरी चोरी हो जाए कहां नहीं जा सकता था । पिछले 15 दिनों के बीच में थाना क्षेत्र के जखनिया बाजार सहित दर्जनों गांव में चोरी घटनाओं को चोरों ने अंजाम दिया था। जिससे लोगों में एक भय व्याप्त था। लेकिन इत्तेफाक यह रहा की 13 अक्टूबर की रात 9:00 बजे ग्रामीणों ने दो चोरों को पड़कर चोरी हुए सामान की वसूली करना शुरू कर दी जिसमें दो लोगों का सामान तो मिल गया लेकिन और अन्य भुक्तभोगी चोरी के समान को लेकर चोर से पूछताछ कर ही रहे थे कि पुलिस ने मौके पर जाकर ग्रामीणों सहित दो लोगों को पुलिस ने पड़कर थाने ले आई और 48 घंटे के बाद पुलिस ने तीन नाबालिक चोरी आरोपी को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया ।खेमपुर गांव निवासी चंद्रशेखर चौहान की सोलर पैनल बैटरी ,चोरी हुई थी जिसमें मुकदमा दर्ज किया गया था और सटीक सूचना मिलने पर चोरी की आरोपी तीन किशोर को गिरफ्तार किया गया जिनका संबंधित धाराओं में जेल भेजा गया। इस चोरी घटना को लेकर पुलिस के कार्यप्रणालियो पर क्षेत्र की आम जनता में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है।

## परोपकार की भावना इन्सान को फ़रिश्ता बना देती हैः संजय कुमार सिंह



**शुभ भास्कर चंदौली/ शहाबगंज।** स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के सेमरा मातृभूमि सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आर.के नेत्रालय महमूरगंज द्वारा सेमरा बगीचे में लगातार आयोजित होने वाले निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में कुल 232 मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। शिविर का शुरुवात महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। शिविर में एक्सिडेंट में अपना पैर गवां चुके गरीब परिवार को संगठन की ओर से की गई आर्थिक सहायता प्रदान किया गया कार्यक्रम में उपस्थित मातृभूमि सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने उद्घोष करते हुवे कहा परोपकार का अर्थ होता है दूसरों का अच्छा करना। परोपकार का अर्थ होता है दूसरों की सहयता करना। परोपकार की भावना मानव को इंसान से फरिश्ता बना देती है। परोपकार के समान कोई धर्म नहीं है,परोपकार ऐसा कृत्य है जिसके द्वारा शत्रु भी मित्र बन जाता है। वहीं शिविर में पधारे ग्राम प्रधान लालपुर सोनू द्विवेदी ने कहा कि मातृभूमि सेवा ट्रस्ट के लोगों का सेवा भाव देखकर मन आह्लादित हो गया। कार्यक्रम में अपनी गीतों से जाने माने कलाकार आफताब अली कैमूरी ने अपने गीतों के माध्यम से समां बांधा तो वहीं शानदार बिरहा गायक चन्दन यादव ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी।उभरते हुए कलाकार सावन विश्वकर्मा ने लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेन्द्र द्विवेदी उर्फ सोनू ने किया तो वही संचालन सुबाष विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय शैक्षिक संगठन की अध्यक्ष रीता पाण्डेय,राजेश सिंह,रिंकू विश्वकर्मा,प्रेम सिंह,कन्हैया मास्टर साहब,नेपाली सिंह,सत्यानंद रस्तोगी,पं.रामबोला तिवारी,गब्बर विश्वकर्मा,अजय सिंह, सुमंत कुमार मौर्य,आयुष, दिलीप गुप्ता, चन्द्रशेखर शाहनी, मो तसलीम, नन्दलाल प्रजापति, रामकुमार बाबा,राजेश विश्वकर्मा 'राजू' सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया, रामनगर द्वारा सेमिनार का हुआ आयोजन




**शुभ भास्कर चंदौली) डीडीयू नगर।** क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया, रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन और विवेक आश्रम इंडिया फाउंडेशन के तत्वाधान में देश के मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को अपग्रेड करने के लिए एम.एस.एम.ई. मंत्रालय और क्वालिटी कॉंसिल ऑफ इंडिया की परियोजना जेड सर्टिफिकेशन पर सेमिनार का आयोजन सिगरा स्थित होटल कैस्टिलो में किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने कहा की ये बहुत ही सुनहरा अवसर है कि इस समय जेड सर्टिफिकेट के तीनों लेवल गोल्ड, सिल्वर और ब्रोंज इस समय निशुल्क बन रहा है । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया के सीनियर डायरेक्टर डॉ रामानंद शुक्ला ने जेड की आवश्यकता पर बोलते हुए कहा की प्रधानमंत्री के अमृत काल के विजन के अनुरूप मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को अपग्रेड करते हुए उनकी रिवेन्यू को बढ़ाना इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है । सर्टिफिकेशन प्राप्त उद्यमियों को बैंक के लोन में प्राथमिकता व बैंक के ब्याज रेट में सब्सिडी, सर्टिफिकेशन कास्ट,ब्रान्ज सिल्वर गोल्ड कन्सलटेन्ट हैन्डहोल्डिग कास्ट , माइनर माडिफिकेशन प्लांट मशीनरी प्रत्येक सर्टिफिकेशन पर कुल पॉच लाख रुपये एवं सभी लेबल पर सफलतापूर्वक सर्टिफिकेशन लेने पर पंद्रह लाख रुपये तक का फायदा उद्यमी ले सकते है। इसके साथ-साथ रेलवे भाड़े से लेकर तमाम स्कीमों में सुविधा और सब्सिडी दी जाएगी ।यूपी गवर्नमेंट भी जेड सर्टिफाईड इकाई को लाभ दी जाती है। इस अवसर पर अतिथि के रूप में पधारे एम.एस.एम.ई के ज्वाइंट डायरेक्टर ,वाराणसी एल.बी.एस यादव ने कहा की यह परियोजना एक विशिष्ट और महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसका असर दूरगामी होंगे। वही इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग विभाग, वाराणसी मंडल के संयुक्त आयुक्त उमेश सिंह ने कहा की यह परियोजना छोटे उद्योगों की कार्य कुशलता और लाभ दोनों को बढ़ाएगी । इसलिए प्रत्येक उधमी को जेड में रेजिस्ट्रेशन अवश्य ही करवाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत मे विवेकाश्रम फाउंडेशन के अध्यक्ष एकांत दीप ने आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का संचालन हीरा दुबे किया। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल उद्यमियों में मुख्य रूप से राकेश जायसवाल, राकेश अग्रवाल, संतोष जालान,शिव पूजन, वीरेन्द्र यादव, अजय राय,मुकुल केशरी,अतुल मिश्रा, अमित गुप्ता , शिवकुमार, जायसवाल, संजय लखमानी, रवि कपूर, अभिषेक बंसल, शक्ति सिन्हा, अमित सिंह, साजन जायसवाल आदि की सहयोगिता एवम उपस्थित रही।

## पत्रकार स्व.राजेश मिश्रा की 21 अक्टूबर को मनायी जायेगी छठवीं पुण्यतिथि



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, करंडा।** स्वाभिमान संगठन के संस्थापक सदस्य,संघ कार्यकर्ता व दैनिक जागरण करंडा के संवाददाता रहे स्व. राजेश मिश्रा की छठवीं पुण्यतिथि 21 अक्टूबर को सुबह साढ़े दस बजे क्षेत्र के ब्राह्मणपुरा स्थित यथार्थ बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। उनके छोटे भाई अमितेश मिश्रा ने क्षेत्र की जनता से आग्रह करते हुए कहा कि उक्त तिथि पर पधार कर समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे, पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

## रामलीला में कैकई कोप भवन का हुआ मंचन



**शुभ भास्कर चंदौली/धानापुर।** रामलीला में राजा दशरथ से रानी कैकई द्वारा मांगे गए वचन की लीला का मंचन किया गया। रामलीला में जब भगवान राम को अयोध्या का राज देने की चर्चाएं आई तो उसकी दासी मंथरा ने महारानी कैकेयी का कान भर दिया। मंथरा ने कहा कि राम तो राजा बन जाएंगे। मगर कैकई पुत्र भरत को कुछ नहीं मिलेगा।इतना सुनते ही कैकेयी की मति में छोभ उत्पन्न होता है , और महरानी कैकई कोप भवन में चली जाती है। और वहां जाकर रूठ कर बैठ जाती है। इस बात का जब राजा दशरथ को पता चलता है तो, राजा कोप भवन में जाकर रानी कैकई से उसका कारण जानते हैं। कैकई राजा दशरथ से अपने वचन मांगती है। इसके तहत कैकई दशरथ से अपने पुत्र भरत को राज गद्दी तथा राम को चौदह वर्ष का वनवास मांगती है। इसको सुनकर दशरथ बहुत दुखी होते हैं और वो कैकई से कहते हैं कि तुम कुछ भी मांग लो, लेकिन राम को वनवास मत मांगों। इस पर कैकई कहती है कि तुम अपने वचन से मुकर जाओ। ये मान लो कि रघुकुल वचन मिथ्या हैं, इस पर दशरथ कहते हैं कि रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाएं पर वचन जाई। राजा ऐसा ही करने को तैयार हो जाते हैं। लीला में श्रीरामजी सीताजी लक्ष्मण सहित वन को प्रस्थान कर जाते हैं। इस लीला मे भगवान राम के जीवन से जुड़े कई धरोहर आज भी अयोध्या में मौजूद हैं, उन्हीं धरोहरों में से एक राम जन्मभूमि परिसर में स्थित कोप भवन है, जहां राजा दशरथ भी नतमस्तक हो गए थे। उपस्थिति -सनत द्विवेदी,अरबिंद मिश्रा, सतीश सेठ,रामलाल सेठ,राम सिंह ,अच्युतानन्द ,धनजय रस्तोगी, विवेक,मोनू,पवन,सत्यम,इत्यादि,,

## सिद्ध पीठ हथियाराम मठ में शारदीय नवरात्र महोत्सव का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर।** अध्यात्म जगत में तीर्थस्थल का रूप ले चुके सिद्धपीठ हथियाराम मठ में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पीठाधिपति महामंडलेश्वर स्वामी श्री भवानी नन्दन यति जी महाराज के संरक्षकत्व में शारदीय नवरात्र महोत्सव का आयोजन किया गया है। नवरात्र महोत्सव के प्रथम दिवस रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापित कर हवन पूजन का शुभारंभ हुआ। नवरात्र पर्यंत चलने वाले इस वृहद अनुष्ठान में पुण्य लाभ की कामना के साथ शिष्य श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। यह प्रसिद्ध देवी मंदिर पूरे दिन श्रद्धालुओं से गुलजार रहा। यहां पहुंचे हजारों भक्तों ने देवी मां के चरणों में फूल-माला, प्रसाद अर्पित कर शीश नवाया। देवी की आराधना करते हुए अपने के साथ ही परिवार के सुख-समृद्धि की कामना किया। उल्लेखनीय है कि करीब साढ़े सात सौ वर्ष प्राचीन सिद्धपीठ हथियाराम मठ स्थित मां सिद्धिदात्री और बुढ़िया माता के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए देश के कोने-कोने से शिष्य-श्रद्धालु पहुंचते हैं, जो श्रद्धा भाव से देवी माता और पीठाधिपति महामंडलेश्वर भवानीनन्दन यति के चरणों में श्रद्धानवत होते हैं। शिष्य श्रद्धालुओं के बीच प्रवचन करते हुए स्वामी भवानी नन्दन यति ने देवी दुर्गा की आराधना को सर्वदा फलदायक बताते हुए जनता से पूजा-पाठ और संत समागम से जुड़ने का आह्वान किया।

## रामलीला मंचन से पूर्व राम आरती की निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** फक्कड़ बाबा के मशहूर मेला सूरत में रामलीला मंचन होने से एक दिन पूर्व शनिवार को पूर्व प्रधान संतोष कुमार राय की अध्यक्षता मे राम आरती की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान राम की ज्योति दीप प्रज्वलित कर गाजे बाजे के साथ गांव के दरवाजे-दरवाजे घुमाई गई। हर साल की भांति इस साल भी रामलीला शुरू होने से एक दिन पहले पूर्व प्रधान संतोष राय के अध्यक्षता में रामदीप प्रज्वलित कर विधि पूर्वक गाजे बाजे के साथ पूरे गांव में घुमाई गई। इस दौरान गांव के श्रद्धालु महिला एवं पुरुष ज्योति का अवलोकन करते हुए भगवान राम का स्मरण किया। तथा राम आरती में शरीक होकर राम भजन गाते हुए जुलूस के पीछे-पीछे हो लिए। पूर्व प्रधान संतोष राय ने बताया कि कल से रामलीला प्रारंभ हो जाएगा। हर वर्ष रामलीला प्रारंभ होने से पहले राम आरती कराई जाती है जिसमें हर वर्ग के लोग शामिल होते हैं। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रधान संतोष कुमार राय के साथ रामलीला समिति सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

प्रदर्शन — कार्यकर्ताओं ने शास्त्री पार्क में किया उपवास, भाजपाइयों के सद्बुद्धियों के लिए किया दुर्गा पाठ

# राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता



**शुभ भास्कर चंदौली/डीडीयू नगर।** आम आदमी पार्टी चंदौली के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के शास्त्री पार्क में माननीय सांसद संजय सिंह जी की गिरफ्तारी के विरोध में उपवास किया हुआ प्रदर्शन किया तथा संजय सिंह की शीघ्र रिहाई व नरेंद्र मोदी जी तथा भाजपाइयों के सद्बुद्धि के लिए दुर्गा पाठ किया । इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने कहा कि एक तरफ जितने भ्रष्टाचारी हैं सभी को नरेंद्र मोदी जी ने भाजपा में शामिल कर लिया है और उन्हें संवैधानिक पदों पर बैठाकर महिमा मंडित किया हैं तो दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी जी के भ्रष्टाचार के खिलाफ मजबूती से लडने व नरेंद्र मोदी जी का भ्रष्टाचारी चेहरा देश के सामने लाने व भाजपाइयों के भ्रष्टाचार को देश के सामने उजागर करने वाले आम आदमी पार्टी के सांसद उत्तर प्रदेश के प्रभारी माननीय संजय सिंह जी को नरेंद्र मोदी जी ने ई डी द्वारा गिरफ्तार करवा दिया है तथा उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है । सांसद संजय सिंह जी ने नरेंद्र मोदी के काले कारनामों को, भ्रष्टाचार को लगातार उजागर करने का काम किया है । अडानी के घोटाले को उजागर करने का काम किया है , भाजपायों द्वारा अयोध्या में भगवान श्री राम जी के मंदिर निर्माण में चंदा की हो रही चोरी को उजागर करने का काम संजय सिंह जी ने किया है। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि संजय सिंह जी शेर हैं वे न तो डरेंगे न तो झुकेंगे । संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि आज नवरात्रि का प्रथम दिन है हम आम आदमी पार्टी चंदौली के कार्यकर्ता लोग मां दुर्गा से संजय सिंह जी की रिहाई के लिए प्रार्थना करते हैं तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सद्बुद्धि के लिए व भाजपायों के सद्बुद्धि के लिए भी प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष ज्ञान पांडेय ने कहा कि आम आदमी पार्टी वाले किसी से डरते नहीं है। भ्रष्टाचार के विरोध में हमेशा आवाज उठाते रहेंगे। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण चौबे ने कहा आम आदमी पार्टी किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार को उजागर करती रहेगी। राजकुमार खरवार ने कहा आम आदमी पार्टी ने बढ़िया काम किया है स्कूल अस्पताल बनवाये हैं इसलिए भाजपा घबड़ा गयी है। मुगलसराय विधान सभा अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा आम आदमी पार्टी ने जो दिल्ली में और पंजाब में काम किया उसे नरेंद्र मोदी जी घबरा गए हैं और आम आदमी पार्टी के नेताओं को गिरफ्तार करवा रहे हैं। प्रवीण तिवारी ने कहा आम आदमी पार्टी संजय सिंह के खिलाफ हो रहे अत्याचार को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगी। संतोष कुमार ने कहा आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ती रहेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण चौबे, मुगलसराय विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, प्रवीण तिवारी एडवोकेट, राजकुमार खरवार , दिलीप चौहान , गौरव कुमार शर्मा ,भजनू राम आदि लोग मौजूद रहे।

# रोबोट का जीवन्त उदाहरण लोगों के बीच प्रस्तुत



**शुभ भास्कर चंदौली/पड़ाव।** स्थानीय सेठ एम. आर. जैपुरिया स्कूल्स बनारस पड़ाव शाखा के बच्चों ने चाँद पर चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर के सफल परिक्षण को प्रदर्शित किया | रविवार को सेठ एम. आर. जैपुरिया स्कूल्स बनारस पड़ाव शाखा में कक्षा 3 से 12वीं तक के छात्रों ने विज्ञान के अनेकानेक स्वनिर्मित मॉडल का प्रदर्शन किया | 300 मॉडल में 50 मॉडल को चयनित किया गया | कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में क्रियात्मक कौशल का विकास करना रहा | उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी वृंद के स्वागत के साथ किया गया, इसी क्रम में अभिभावक गोष्ठी में पधारे वरिष्ठ अभिभावकगण एवं विद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी वृंद के करकमलों द्वारा प्रदर्शनी स्थल पर फीता काट कर प्रदर्शनी का श्री गणेश किया गया | मॉडल का निर्माण व प्रदर्शन करने वाले छात्रों की सूची इस प्रकार है – कक्षा नौवीं से आद्या श्रीवास्तव एवं समूह ने वेस्ट इलेक्ट्रिक जनरेटर का, सविज्ञा एवं समूह ने अर्थक्वेक अलार्म, आदित्य राज ने मोशन एंड लॉ ऑफ़ मोशन, शिवेन ने हारप्रोफोमिंग फार्मिंग, कक्षा दसवीं से आनंद आदि ने रडार सिस्टम, यक्षेश ने ई.वी.चार्जिंग, कक्षा ग्यारहवीं से अयाम कृष्ण आदि ने ग्रीन हाउस इफेक्ट, पूरब आदि ने हाइड्रोपावर टरबाइन जनरेटर, वेदांत- सुधि आदि ने रोटेटिंग हाउस, कक्षा बारहवीं से समृधि एवं समूह ने मार्डन बनारस, अथर्व आदि ने इंटरगैलेटिक आस्ट्रोफिला, प्रियांशु सिंह आदि ने वायस कंट्रोल रोबोट, अमन, नाजिया आदि ने रडार डिक्टेटर, अनन्या, फयाक आदि ने सोलर पैनल एवं ड्रीप एरिजेशन, शिरीश एवं मेधा ने प्रिज्व्रेंश लैंड रोवर, कोमल दिशा आदि ने ग्रीन हाउस एनर्जी आदि का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को विस्मित कर दिया बच्चों की क्रियाकलाप एवं प्रज्ञा प्रदर्शन को देखकर अभिभावक विह्वल थे | उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज बजाज जी ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आप सबके अविष्कार मस्तिष्क को देखकर आज मै बस यही कहूँगा कि भारत को आगामी वैज्ञानिक मिल चुका है और आने वाले दिनों में आप अपनी मेधा से न सिर्फ चंद्रमा और मंगल ग्रह पर अपितु संपूर्ण ब्रह्मांड पर अपनी प्रतिभा का परचम फहराएँगे | इस कार्यक्रम में विद्यालय के चेयेरमैन दीपक बजाज जी, प्रबंध निदेशक मनोज बजाज जी, कार्यकारी निदेशक श्यामसुंदर बजाज जी निदेशका मंजु बुधिया जी, प्रधानाचार्य आशीष सक्सेना जी, उपप्रधानाचार्य प्रियंका मुखर्जी जी, अभिभावक वृंद, शिक्षकगण एवं बच्चों की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही |

# ख़ास ख़बर

## सड़क हादसे में चार युवक घायल

**संवाददाता मो0 अबूबकर, रूदौली अयोध्या** । कोतवाली रूदौली के रेलवे ओवरब्रिज पर शनिवार रात तेज रफ़्तार मोटसाइकिल की आपस मे जोरदार टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार चार युवक घायल हो गए। हादसे की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुँच चारों घायलों को उपचार के लिए निकटतम अस्पताल सीएचसी रूदौली में भर्ती कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली रूदौली क्षेत्रांतर्गत भेलसर रुदौली मार्ग पर स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर दो मोटरसाइकिल की आपस में ज़ोरदार टक्कर हो गई।टक्कर तेज होने के चलते बाइक सवार चार युवक घायल हो गए सूचना पर पहुंचे स्थानीय पुलिस ने चारों घायलों रामू पुत्र रामकिशन निवासी पूरे डेल्ही ऐहार,रामतीरथ पुत्र शिवकुमार निवासी मदद अली का पुरवा,राहुल यादव पुत्र रामराज निवासी पूरे गुलजार ऐहार,राजेन्द्र पुत्र अम्बिका प्रसाद निवासी खैरनपुर को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रूदौली में भर्ती कराया गया।

## 9 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोण्डा** । गोण्डा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आगामी नौ दिसम्बर को गोण्डा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय एवं समस्त तहसील स्तर पर किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा के सचिव अपर जिला जज एफटीसी नितिन श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका आदि से सम्बन्धित मामलों एवं बैंक मामले, धारा 138 पराक्रम लिखत अधिनियम वाद आदि (लम्बित एवं प्री-लिटिगेशन मामले) के साथ-साथ आवश्यकतानुरूप सभी सुलह योग्य आपराधिक वादो, सिविल वादो, भूमि अधिग्रहण वादो, मोटर दुर्घटना प्रतिकर मामले, पारिवारिक वादो, स्टाम्प वादो, उपभोक्ता फोरम वादो, श्रम मामलों, मध्यस्थम प्रकरणों, नगरपालिका टैक्स वसूली मामलों आदि को पक्षकारों की सहमति से लिया जा सकता है।

## नवरात्र के प्रथम दिवस पर पटरंगा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को किया गया जागरूक



**संवाददाता मो0 अबूबकर, रूदौली अयोध्या** । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देश पर थाना पटरंगा पुलिस द्वारा नवरात्र के प्रथम दिवस पर ग्राम पटरंगा में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चियों को सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई।जिसमे महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, सीएम हेल्पलाइन, डायल 112 सहित अन्य अपनी सुरक्षा कैसे करना के बारे में भी जागरूक किया। तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया । उक्त अवसर पर थानाध्यक्ष पटरंगा एवं SI सुधाकर सिंह, कांस्टेबल अवनीश सिंह एवं महिला आरक्षी आकांक्षा तिवारी मौजूद रहे ।

## गांव में रौब जमाना पड़ा मंहगा डी0बी0बी0एल0 बन्दूक मय कारतूस के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोण्डा** । गोंण्डा पुलिस अधीक्षकअंकित मित्तल ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि रखने व त्योहारों को सकुशल व शन्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु कड़े निर्देश दिये थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना परसपुर पुलिस क्षेत्र भ्रमण में रवाना थी कि संदिग्ध प्रतीत होने पर 01 अभियुक्त विनय कुमार सिंह उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद डी0बी0बी0एल बन्दूक मय 06 अदद कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि यह लाइसेंसी बन्दूक श्याम सिंह पुत्र गंभीर सिंह नि0 नगदा सदा थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद की है मै और श्याम सिंह एक साथ गुड़गांव में गार्डी का काम किया करते है। गांव में धाक जमाने के चक्कर में यह बन्दूक मै लेकर आ गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना परसपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

## रेल इंजन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । अयोध्या-प्रयागराज रेलखंड पर जलालपुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप रविवार सुबह रेल इंजन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। कोतवाल राजेश कुमार राय ने बताया कि मृतक की पहचान कोतवाली क्षेत्र के सराय भनौली निवासी विनय यादव (26) पुत्र दूधनाथ यादव के रूप में हुई है।बताया गया कि रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के चलते मृतक विनय जब रेल ट्रैक से कुछ पहले अपनी बाइक खडी कर दिया और ट्रैक के पास चला गया। इसी दौरान अयोध्या की तरफ से सुल्तानपुर की तरफ जा रहे रेल इंजन की चपेट में आ गया। ग्राम प्रधान विजय गौड़ ने बताया कि मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था। अभी उसका विवाह नहीं हुआ था। बताया गया कि विनय कुछ समय से मानसिक रूप से अवसाद में चल रहा था। दवा उपचार चल रहा था। कोतवाल का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल जांच पड़ताल की जा रही है। कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास रेल इंजन की चपेट में आने से हुई युवक की मौत मामले में घटनास्थल पर पहुंचे पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय यादव, सपा नेता जेपी यादव, ग्राम प्रधान विजय गौड़, मुकुल आनंद सहित कई लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

योगी सरकार की व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ा रहा दबंग

# पंचायत भवन पर ताला लगाकर दबंग ने कर लिया अवैध कब्जा

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । योगी सरकार की व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल उठ रहे हैं सरकार के पंचायत भवन को दबंग द्वारा इस प्रकार कब्जा कर लिया गया है वह कोई सरकारी कार्यालय या भवन नहीं बल्कि कबाड़खाना प्रतीत होता है लगभग दो वर्ष से ताला लगा कर रखा है । विकासखंड बीकापुर में एक ग्राम पंचायत ऐसी भी है जिसका पंचायत भवन बने हुए करीब 3 वर्ष बीत गया मगर फिर भी यहां के बाशिनदों को पंचायत भवनों पर मिलने वाली सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। हद तो तब हो गई जब पिछले दो वर्षों से गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा इसमें ताला लगा दिया गया है और कब्जा किया गया है।



**निर्मित पंचायत भवन ग्रामीणों के लिए दूर की कौड़ी साबित हो रही** : विकासखंड बीकापुर की ग्राम पंचायत रंडोली पश्चिम पाली में वर्ष 2020 में पंचायत भवन का निर्माण कार्य संपादित किया गया। जिसमें करीब 16 लाख रुपए की लागत से पंचायत भवन बनाए जाने की कार्य योजना बनकर तैयार हुई। मगर इसी बीच गांव के ही कुछ लोगों द्वारा पंचायत भवन की भूमि पर विवाद उत्पन्न करके पंचायत भवन पर ताला लगाकर अवैध कब्जा कर लिया गया। राजस्व अभिलेखों के अनुसार राजस्व गांव की गाटा संख्या 585 ग जो बंजर खाते की भूमि है पर पंचायत भवन का निर्माण किया गया। जबकि गाटा संख्या 585 के अन्य सह खातेदार द्वारा उक्त पंचायत भवन की भूमि को अपनी संक्रमण्य खतौनी बढ़कर पंचायत भवन पर ताला लगा दिया गया। कई न्यायालय में इस गंभीर प्रकरण को लेकर मुकदमे बाजी हुई। लेकिन अभी तक मामला अधर में लटका हुआ है। मुकदमों में फैसला हो जाने के बाद भी लाखों रुपए की लागत से निर्मित पंचायत भवन ग्राम पंचायत कर्मियों और ग्रामीणों के लिए दूर की कौड़ी साबित हो रही है।

**ग्रामीणों ने विवाद के निस्तारण की मांग** : आलम यह है कि पंचायत भवन पर ताला लगने के कारण भवन धीरे-धीरे जर्जर हो रहा है। ग्राम पंचायत अधिकारी और पंचायत सहायक पंचायत भवन के बाहर बैठकर बैठक और कार्य करना पड़ता है। दूसरी तरफ ग्रामीणों को भी पंचायत भवनों पर मिलने वाली सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुभाष वर्मा द्वारा बताया गया कि पंचायत भवन की भूमि तथा पंचायत भवन निर्वाचित होने के बाद भी गांव के कुछ लोगों द्वारा विवाद उत्पन्न करने और ताला बंद कर देने के कारण मामला अधर में लटका हुआ है। ग्राम प्रधान सहित गांव के जागरूक लोगों द्वारा पंचायत भवन के निर्माण का कार्य पूरा कराए जाने और विवाद के निस्तारण की मांग किया है।

## नाबालिग लड़की को बहला कर भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार





**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा** । गोंण्डा पुलिस अधीक्षकअंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराधों में अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों को दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कटराबाजार पुलिस ने लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी अभियुक्त-प्रद्युम्न उर्फ करिया पुत्र गिरधर नि0 ग्राम गौरा सिंहानापुर थाना करनैलगंज जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना कटराबाजार क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लडकी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था तथा उसके साथ दुष्कर्म भी किया गया। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता के पिता द्वारा थाना कटराबाजार में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कटराबाजार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

## वन विभाग व ग्रामीणों की मदद से पकड़ा गया मगरमच्छ

**नवाबगंज (गोंडा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा** । क्षेत्र की ग्राम पंचायत टिकरी के मजरा पाण्डेय टिकरी में शुक्रवार देर रात ग्रामीणों ने मगरमच्छ देखा जिसके बाद हडकंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पंहुच डायल 112 पुलिस और वन क्षेत्राधिकारी विनोद कुमार नायक टीम के साथ मौके पर पहुँचकर दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को पकड़ लिया ।जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया मगरमच्छ को टिकरी जंगल के पास ऊँट घाट पुल के पास चम दई नदी में छोड़ा दिया गया है। मगरमच्छ पकड़ने के दौरान वन रेंजर विनोद नायक , अरुण तिवारी, दयाशंकर पांडेय, संतोष सिंह प्रधान प्रतिनिधि, अरविंद, पांडेय, हनुमंत सिंह,



जुडी पांडेय, रवि सोनी, गिरजा पांडेय, जगदीश पांडेय, सुरेश पांडेय, वेदप्रकाश पांडेय, सुरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश पांडेय, ननके पांडेय, दीपनारायण पासवान, राहुल पांडेय, दिनेश पांडेय , आलोक पांडेय , राजेश पांडेय, रमेश पांडेय मौजूद रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर लगने वाला आयुष्मान भव मेला बना मजाक

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर अयोध्या** । मुख्यमंत्री और शासन की प्राथमिकता में शामिल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को लगने वाला आयुष्मान भव मेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में मजाक बनकर रह गया है। प्रसार प्रसार ना होने से अधिकांश लोगों को इसकी जानकारी भी नहीं हो पा रही है। रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया गया। लेकिन मिला पूरी तरह सूना सूना दिखाई पड़ा। गिनती के इक्का-दुक्का मरीज ही मेले पर पहुंचे स्वास्थ्य कर्मियों का अधिकांश स्टॉल खाली रहा। सुबह 10 बजे से आयोजित किए गए आयुष्मान स्वास्थ्य मेले में मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर की चिकित्सक अजय वर्मा और महिला चिकित्सक डॉक्टर दीप्ति गौतम मौजूद रही। दोपहर 1 बजे



तक सर्दी, जुकाम, बुखार, शरीर दर्द आंख की बीमारी से संबंधित करीब 17 मरीज ने पहुंचकर रजिस्ट्रेशन कराया और दवा उपचार कराया। कुछ स्वास्थ्य कर्मी मेले में मौजूद न रहकर ओपीडी के कमरे में मौजूद रहे। लेकिन 2 बजे के बाद मेले के स्टॉल और चिकित्सकों की कुर्सियां खाली हो गई। सिर्फ इमरजेंसी सेवा में चिकित्सक धर्मेंद्र कुमार और फार्मासिस्ट मौजूद रहे। मेले के स्टॉल पर कोई मौजूद नहीं रहा। इसी दौरान मौके पर पहुंचे कुछ मीडिया कर्मियों द्वारा मेले में स्टाल खाली तथा स्वास्थ्य कर्मियों और चिकित्सक को नदारद देखकर फोन से मुख्य चिकित्सा अधिकारी से शिकायत की गई और स्वास्थ्य मेले की टाइमिंग पूछी गई। मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा मेले की समय अवधि शाम शाम 4 बजे तक बताया गया। पत्रकारों की शिकायत पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अधीक्षक अवधेश कुमार सिंह को फोन किया गया और मेले में किसी स्वस्थ कर्मी के मौजूद न रहने की बात बताई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी का फोन आने के बाद अस्पताल में स्थित अपने आवास पर आराम फरमा रहे अधीक्षक गुस्से में बाहर निकले तथा शिकायत से नाराज तानाशाही दिखाते हुए वहां परिसर में मौजूद पत्रकारों के साथ गरमा गरम बहस शुरू कर दिया। तथा पत्रकारों को अस्पताल से चले जाने को कहा। और खुद जाकर मेले में बैठ गए। इस संबंध में पत्रकारों द्वारा तत्काल अधीक्षक के कार्य शैली की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की गई। मुख्य अधिकारी संजय जैन ने बताया कि आयुष्मान भव मेले के प्रति लापरवाही किया जाना काफी गलत है सुबह 10:00 बजे से शाम 4 बजे तक है मेले का समय है। मेले के समय में चिकित्सा और स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य है। लापरवाही के संबंध में स्पष्ट के कारण मांगा जाएगा।

## रामनगरी की सुरक्षा में लगे जवानों के रहने के लिए बन रहा बहुमंजिला भवन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । योगी सरकार अयोध्या के संपूर्ण विकास में जुटी हुई है। वहीं अब प्रभु श्रीराम की नगरी की सुरक्षा में लगे जवानों के लिए स्थाई आवास की व्यवस्था की जा रही है। आवास का निर्माण कार्य तेज गति से हो रहा है। अयोध्या पुलिस लाइन में भी तीन बहुमंजिली भवन का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। उस में थोड़ा बहुत कार्य शेष है। जबकि पीएसी के 300 जवानों के लिए तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के तुलसीपुरम का काम भी तेज गति से आगे बढ़ रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आने वाले हजारों सुरक्षा कर्मियों व साधू संतों के रहने के लिए भी यह आवास काम आएगा। पुलिस विभाग ने सुरक्षाकर्मियों के स्थाई आवास और बैरक के काम को तेज कर दिया है। तुलसी नगर पीएसी के 300 जवानों के लिए स्थाई आवास के निर्माण का काम तेज हो गया है। लगभग 24 करोड़ की लागत से बनने वाला यह बहुमंजिला भवन 2024 में तैयार होगा। टेढ़ीबाजार सीओ कालोनी में 600 सुरक्षाकर्मियों के लिए आवास बनकर तैयार है। यहां बैरक का निर्माण भी किया गया है। पुलिस लाइन्स में 300 जवानों के लिए बैरक और आवास के लिए बहुमंजिला भवन बनकर तैयार हैं। इन भवनों में कहीं पुलिस तो कहीं रामजन्मभूमि की सुरक्षा में तैनात जवानों को रखा जाएगा। प्रभारी निरीक्षक पुलिस लाइन बीके सिंह ने बताया कि सुरक्षार्मियों के आवास और बैरक का प्रस्ताव समय-समय पर भेजा जाता है। करीब डेढ़ हजार सुरक्षा कर्मियों के बैरक का निर्माण तेजी से पूरा हो रहा है, इसका काफी कार्य पूरा हो चुका है और कुछ ही दिन में आवास बन कर पूरी तरह तैयार हो जाएंगे।

## दीपोत्सव में बनेगा विश्व कीर्तिमान

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप अयोध्या के दीपोत्सव को एतिहासिक बनाने के लिए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव मोहम्मद सहील ने रविवार को दोपहर में राम की पैड़ी एवं चैधरी चरण सिंह घाट पर दीए सजाने के स्थलों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय के कर्मियों के साथ दीए सजाने वाले स्थलों की नाप-जोख की। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 11 नवम्बर के दीपोत्सव में छठवी बार विश्व रिकार्ड बनाने के लिए सहायक कुलसचिव मोहम्मद सहील को घाटों की मार्किंग की जिम्मेदारी कुलपति द्वारा सौपी गई है। इनके द्वारा दोपहर में कर्मियों के साथ चिन्हित स्थलों का निरीक्षण किया गया एवं दीए बिछाने की स्थल का नाप जोख कराई गई। विवि दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 संत शरण मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरूप 21 लाख दीए प्रज्ज्वलित करने के लिए दोनों स्थलों के घाटों पर 24 लाख दीए सजाने के रेखांकन का कार्य शुरू कर दिया गया है। विश्वविद्यालय की कुलपति, कुलसचिव, उपकुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य, पूर्व दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा सहित अन्य शिक्षकों द्वारा जायजा लिया जा रहा है।

## रामचंद्र यादव ने किया मां कामख्या धाम मेले का निरीक्षण

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर विधायक ने मेले का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान विधायक में साफ सफाई दीवाल पर बनी पेंटिंग नालियों से बहते हुए पानी आदि की जानकारी ली।विधायक रामचंद्र यादव ने कहा की आने वाले नवरात्रि के पावन पर्व पर समस्त श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसी के क्रम मा कामाख्या धाम मेले का निरीक्षण किया जा रहा है।जिसमें कई प्रकार की खामियां पाई जा रही है।जिसको ले करके खंड विकास अधिकारी मवई अखिलेश गुप्ता से भी बात की गई है।व रुदौली ईओ से भी इस संबंध में बात की गई है।कि अपने यहां के कर्मचारियों को लगातार मां कामाख्या धाम पर कार्य करने का मौका दें।जिससे की यहां साफ सफाई सुचार रूप से हो सके।वहीं भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने मूर्ति विसर्जन घाट का भी निरीक्षण किया।मूर्ति विसर्जन घाट पर बाढ़ के समय जो भी मिट्टी बाढ़ के कारण ऊपर आ गई थी।उसको तत्काल हटवा करके रास्ता साफ कराने का भी आदेश दिया।विधायक ने रास्ते निरीक्षण करते हुए रास्ते में फटी पाइप लाइन का भी जिक्र किया।विगत वर्षों में जो भी ग्राम सभा में पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया गया है।

## बाल विवाह,बाल श्रम एवं बाल तस्करी की रोकथाम के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । अयोध्या बाल अधिनियम के अनुसार हक व अधिकार प्रति जागरूक हो अयोध्या जिले में प्रसार संस्था एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन यू एस दिल्ली के बैनर तले , ग्राम पंचायत बरवा विकास खण्ड क्षेत्र मसौधा बाल विवाह,बाल श्रम एवं बाल तस्करी की रोकथाम के विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजित कर , बच्चों को उनके हक व अधिकार व शोषण की रोकथाम के प्रति जागरूकता व अवर्नेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया, पृथ्वीराज चौहान इंटर कॉलेज बरवा मसौधा जिला अयोध्या का स्टाफ भी भरपूर सहयोग किया, कार्यशाला में बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल तस्करी रोकथाम के विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए जागरुक किया गया साथ ही साथ उनके अधिनियम के बारे मे भी अवगत कराया गया। बच्चो में पोस्टर, पंपलेट बाटकर नारे बुलवाये गए और उनसे उनके अधिकारों के बारे में भी चर्चा की गयी उक्त मौके पर एनजीओ प्रसार संस्था सचिव शिशुपाल यादव ,दीपक चौहान , दिलीप रवि कनौजिया कुमार ऑल टीचर प्रिंसिपल, सहित लोग रहें मौजूद।

अभियान — नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के प्रति महिलाओं को किया जा रहा है जागरूक

# मिशन शक्ति अभियान 4.0 के तहत जनपद के समस्त थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन

**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा** । गोंण्डा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवो में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही महिला सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण कराने के सम्बन्ध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है तथा रैली निकालकर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन आदि अधिकारो के प्रति महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा अपितु शक्ति दीदी नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवो में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को



जागरूक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुण दोष के आधार पर निराकरण कराया जाएगा। आज दिनांक 15.10.2023 को जनपद के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारीगणों (शक्ति दीदी) द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में रैली निकालकर महिलाओं/बालिकाओं नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया तथा 30 जगह चौपाल लगाकर व 48 गांव वार्डो बैंको स्कूल में भ्रमण कर 421 बच्चों महिलाओं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान 4.0 के बारे में पम्पलेट बांटकर व जनजागरूक करते हुए आत्मरक्षा के बारे में बताया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों 1090, 181, 112, 1076, 1098, 108, 102, 1930 आदि के बारे में अवगत कराया गया तथा उनकी शिकायतों को सुनकर निस्तारित किया गया।

# दिव्यांग सहायता रथः समाजसेवी ने भेंट की ट्राई साइकिल, दिव्यांग जनों ने व्यक्त किया आभार

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ गोसाईगंज अयोध्या** । णस्थानीय नगर के भीटी तिराहा स्थित जगदीश जायसवाल आवास के पीछे नयी कॉलोनी में निःस्वार्थ सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोसाईगंज थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने गणमान्य जनों की उपस्थिति में दिव्यांगजनों को दिव्यांग रथ के रूप में ट्राई साइकिल भेंट की। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगो ने गोसाईगंज समाजसेवी हनुमान सोनी द्वारा चलाई जा रही इस मुहीम की सराहना की। वहीं ट्राई साईकिल पाकर लाभार्थी दिव्यांगजनों के चेहरे पर खुशी छा गई। लाभार्थी दिव्यांगजनों ने निःस्वार्थ सेवा समिति के प्रबंधक समाज सेवी हनुमान सोनी द्वारा उनकी मदद के लिए चलाई जा रही इस मुहिम को मददगार बताते हुए आभार व्यक्त किया।बता दें कि समाजसेवी सोनी द्वारा नगर में गरीबों के लिए उनके सेवा पर हमेशा तत्पर रहते हैं। उनके द्वारा चलाया जा रहा है स्वर्ग विमान वाहन जिसका कोई शुल्क नहीं लगता किसी के परिवार में अगर



कोई ऊपर वाले को प्यार हो जाता है। यह वाहन मृतक के आवास पहुंच कर शमशान घाट ले जाने का काम करती है। निःस्वार्थ सेवा समिति के प्रबंधक हनुमान सोनी ने निःस्वार्थ सेवा समिति के अध्यक्ष के रूप में हेमंत कसौधन को नया अध्यक्ष घोषित किया। अध्यक्ष बनाये जाने पर वहां लोगों ने तालियां बजाकर का हेमंत कसौधन का लोगों माला पहनाकर स्वागत किया। वशिष्ठ अतिथि गोसाईगंज क्राइम इंस्पेक्टर ईश नारायण मिश्र ने कहां कि सच्चा परोपकारी वही व्यक्त है जो प्रतिफल की भावना ना रखते हुए परोपकार करता है। एक बार एक संत आम के पेड़ की छाया में आराम कर रहे थे। तभी कुछ बच्चे आम तोड़ने के लिए पेड़ की ओर पत्थर फेंकने लगे इसी बीच एक पत्थर संत के सिर पर लगा और खून बहने लगा अब बच्चों को या डर सताने लगा कि वह संत उन्हें साथ देंगे इस डर से बच्चे वहां से भागने लगे लेकिन संत ने उनको अपने पास बुलाया और कहा तुमने वृक्ष पर पत्थर मारा और उसने तुम्हें आम खाने को दिए लेकिन मैं तुम्हें कुछ भी नहीं दे पा रहा हूं संत की परोपकार की भावना सुनकर बच्चे उनके आगे नश मस्तक हो गए असल में सूर्य, चंद्रमा, वायु, अग्नि, जल, आकाश, पृथ्वी, पेड़, पौधे आप सभी मानव कल्याण में लगे रहते हैं।

## ख़ास ख़बर

### अफजलपुर में पीसीसी सड़क का हुआ शिलान्यास



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा ।** स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो की अनुपस्थिति में तथा उनके निर्देश पर अफजलपुर में बीस सूत्री अध्यक्ष उज्ज्वल भट्टाचार्य तथा बीस सूत्री सदस्य भवसिंधु लायक ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर तथा नारियल फोड़ कर एवं शीलापट का अनावरण कर पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष उज्ज्वल भट्टाचार्य ने कहा कि यह सड़क इस क्षेत्र के लोगों की लंबे अरसे से मांग थी जिसे स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के पहल पर आज इसका शिलान्यास किया गया। उन्होंने कहा कि यह सड़क इस क्षेत्र के लिए काफी कारगर साबित होगी ।खासकर बरसात के दिनों में यहां के लोगों को काफी कठिनाई हो रही थी ।उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं ,उनके कार्यकाल में क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास हुआ है।कहा कि चाहे शिक्षा हो स्वास्थ्य या सड़क हो हर क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है ।उन्होंने कहा कि आगामी दिन में भी जो भी सड़क अछूता रह गया है उसे शीघ्र ही पूर्ण करने का पहल किया जाएगा। इस अवसर पर दयामय घोष, सनत मंडल, उत्तम चंद ,हेलाराम गोराई, सुभाष मंडल ,कन्हाई मंडल, आदि ग्रामीण एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

### महिला कृषक गोष्ठी सह सुकर वितरण व प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा ।** रविवार को फतेहपुर प्रखंड सभागार में महिला किसान दिवस के अवसर पर जलछाजन और आत्मा के द्वारा संयुक्त रूप से महिला कृषक गोष्ठी सह सुकर वितरण व प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कृषक गोष्ठी की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी फतेहपुर हरि पद रूई दास के द्वारा की गई। कृषक गोष्ठी में कृषि, आत्मा , जलछाजन एवं जेएसएलपीएस के कर्मियों ने भाग लिया। कृषक गोष्ठी में सुकर पालन , पोषन वाटिका, मिलेट्स की खेती एवं उसके पोषक तत्व ,सूक्ष्म सिंचाई योजना, गोवर्धन एवं अन्य किसानों उपयोगी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर जिला कृषि पदाधिकरी जमतारा लव कुमार, प्रखण्ड प्रमुख अरविंद मुर्मू, प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष सह नाला विधायक प्रतिनिधि परेश यादव उप परियोजना निर्देशक संजय कुमार सिंह उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त बीटीएम फतेहपुर, नाला, जामताड़ा एवं अन्य जलछाजन के डब्ल्यू डीटी कर्मी संदीप, संतोष, कल्पना ने भाग लिया। गोष्टी के दौरान प्रसनोतरी का भी अयोजन किया गया। जिसमे प्रथम, दुतिया तृतीय और सांत्वना पुरस्कार से प्रगतिशील महिला कृषकों के मौके पर सम्मानित भी किया गया ।

### पिंडारगड़िया में वेजिटेबल एफपीओ ग्रुप के महिलाओं के बीच सरसों बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा ।** महिला किसान दिवस के अवसर पर नाला प्रखंड अंतर्गत पिंडरगड़िया गांव में आत्मा जामताड़ा एवम नाला वेजिटेबल एफपीओ ग्रुप के महिला किसान समूहों के बीच जिला कृषि पदाधिकारी जामताड़ा लव कुमार , उप परियोजना निदेशक आत्मा जामताड़ा संजय कुमार सिंह, बीटीएम नाला सुजीत कुमार सिंह, बीटीएम जामताड़ा इकबाल हुससै, एफपीओ से रजनी कुमारी के द्वारा महिला कृषकों के बीच सरसो बीज वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार के द्वारा उपस्थित महीला कृषकों को सबसे पहले महीला किसान दिवस की बधाई दी तत्पश्चात सरसो बीज को क्लस्टर में सीधी लाइन में बोआई करने हेतु प्रेरित किया जिसमे पौधा से पौधा की दूरी 25 सेंटीमीटर एवं कतार से कतार की दूरी 45 सीएम की दूरी रखने की जानकारी दी गई।

# एशियाई चैंपियंस हॉकी ट्रॉफी कल आ रहा जामताड़ा के ऐतिहासिक गांधी मैदान




**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा ।** भगवान बिरसा मुंडा के धरती रांची में प्रथम बार महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी 2023 का आयोजन 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में हमारे देश भारत के अलावे जापान, चीन , कोरिया , मलेशिया एवं थाईलैंड के महिला खिलाड़ी शामिल होंगी। इसके संदर्भ में हॉकी झारखंड के निर्देशानुसार एशिया ट्रॉफी का टूर झारखंड के 24 जिलों में आयोजित किया गया है। इस ट्रॉफी का अनवंरन 13 अक्टूबर को राज्य के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन , विश्व हॉकी महासंघ के अध्यक्ष दात्तो तैयब इकराम एवं एशिया हॉकी के उपाध्यक्ष सह हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह के द्वारा किया गया था। इसी कड़ी आगामी कल माँ चंचला के पावन भूमि जामताड़ा में 16 अक्टूबर दिन सोमवार दोपहर 3:00 से शाम 5:00 बजे तक जामताड़ा के ऐतिहासिक गांधी मैदान में एशियाई हॉकी ट्रॉफी का अनावरण एवं प्रदर्शनी किया जायेगा । साथ ही नगर भ्रमण गांधी मैदान से प्रारंभ होकर जामताड़ा बाजार होते हुए इंदिरा चौक, स्टेशन रोड होते हुए सुभाष चौक होते हुए यह ट्रॉफी धनबाद की और रवानगी किया जाएगा। एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी टूर को सफल आयोजन को लेकर हॉकी जामताड़ा आज रिलायंस ट्रेंड के प्रांगण में हॉकी जामताड़ा के अध्यक्ष हरिओम के अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारी सहित युवा वर्ग ने अपने-अपने विचार रखें । जिसमें मुख्य रूप से हॉकी जामताड़ा के उपाध्यक्ष संजय परशुरामका , हॉकी जामताड़ा सचिव डॉ.भास्कर चांद , संयुक्त सचिव विपिन दुबे , संजीव सेन , रौनक राज, कुंदन राय , सादिक अंसारी , अमित मंडल , ताहा अंसारी, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक दुबे उपस्थित थे । हॉकी जामताड़ा की और से अपील किया गया है कि इस महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी मे जामताड़ा के प्रबुद्ध जन एवं खेल प्रेमी हजारों -हजार की संख्या में पहुंचकर इस सुनहरे कार्यक्रम का हिस्सा एवं ट्रॉफी टूर एवं अनावरण का हिस्सा बने।

## जिसे सुर से प्यार नहीं है, वो इंसान नहीं- डॉ गोपाल कृष्ण झा



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा ।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची द्वारा आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कला उत्सव 2023 अंतर्गत शास्त्रीय संगीत प्रतिस्पर्धा में जामताड़ा कॉलेज के 12वीं कक्षा के छात्र ध्रुव कुमार दास ने बालक वर्ग में, डीएवी की नवीं कक्षा की छात्रा श्रेष्ठा लायक बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।दूसरी ओर जामताड़ा कॉलेज जामताड़ा के 11वीं कक्षा के छात्र राजकुमार दास ने लोक संगीत में प्रथम स्थान प्राप्त किया।ध्रुव के राग भीम पलासी की बंदिश में, श्रेष्ठा के राग देश की बंदिश में एवम राजकुमार की लोक संगीत के बंगला गीत पर भावपूर्ण प्रस्तुति से श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।तीनों कलाकार कला की अन्य विधाओं में पूर्व में घोषित प्रथम विजेताओं के साथ दिनांक 3 अक्टूबर को झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के द्वारा आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेंगे। रविवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ गोपाल कृष्ण झा ने इन तीनों कलाकारों को विशेष रूप से जिले के शास्त्रीय संगीत के लिए समर्पित प्रसिद्ध बेनीमाधव संगीतालय में पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अपनी वाक शैली के लिए प्रसिद्ध डीईओ डॉ गोपाल कृष्ण झा ने अपनी संक्षिप्त अभिव्यक्ति को नहीं रोक पाए। शास्त्रीय संगीत की विभिन्न विधाओं की उत्पत्ति और विकास पर अपनी अभिव्यक्ति में उन्होंने कहा कि प्यार नहीं है जिसे सुर से,वो इंसान नहीं।मौके पर बेनी माधव संगीतालय के गुरुजी शिशिर तिवारी,एपीओ उज्ज्वल मिश्र,शिक्षक राकेश कुमार दास,शिक्षिका श्रीमती तंद्रा लायक सहित कई संगीत प्रेमी उपस्थित थे।ज्ञात हो कि बेनीमाधव संगीतालय जामताड़ा का मशहूर कला केंद्र है। जहां कला के क्षेत्र में सरकारी सेवा और ख्याति प्राप्त कर चुके ढेरों कलाकार जुड़े हुए हैं।

## शिव शक्ति मंदिर में कलश यात्रा के साथ दुर्गा पूजा का हुआ शुभारंभ



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर ।** मधुपुर फूलदानी रोड स्थित शिव शक्ति मंदिर में शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई ।यह कलश यात्रा मंदिर के प्रांगण से प्रारंभ होकर फूलदानी रोड, कॉलेज रोड होते हुए सहारा मैदान के पास जोरिया तक गई और वहां से कलश में जल भरकर वापस मंदिर तक आई। कलश यात्रा में लगभग 100 महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कलश यात्रा में जय माता दी जय श्री राम जैसे नारे गुजते रहे । इसी यात्रा में स्थानीय लोगों के अलावा शहर के कई गणमान्य लोग और छोटे छोटे बच्चे भी उपस्थित रहे। पूजा समिति के कोषाध्यक्ष नंद कुमार झा ने बताया कि इस वर्ष से मूर्ति स्थापित कर मां की भव्य पूजा शुभारंभ की जा रही है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष यहां कल स्थापना कर पूजा की जाती थी लेकिन स्थानीय लोगों ने निर्णय किया की पूजा आकर्षक तरीके से मनाई जाए ।इस बार बृहद पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ पूजा आरंभ की जा रही है।

## बदमाशों ने कालाझरिया शामपोखर पेट्रोल पंप पर की लूटपाट, सीसीटीवी में कैद

**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा ।** कर्माटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कालाझरिया शामपोखर के पास इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप में देर शाम पल्सर सवार 3 अज्ञात लोगों के द्वारा बंदूक कट्टा दिखाकर हजारों की संपत्ति और मोबाइल लूट ली गई। विदित हो कि बाइक सवार अपराधियों ने पेट्रोल बाइक में भरवाया था। इस एवज में स्टाफ के द्वारा जब पैसा मांगा गया तो तीनों आरोपी स्टाफ से उलझ गए। साथ ही तीनों अपने चेहरों को अच्छी तरह से ढके हुए थे ताकि पहचान जाहिर न हो सके। इसके उपरांत उनके द्वारा बंदूक कट्टा दिखाकर करीब 50 हजार नगद छीन लिया गया।अपराधियों की कारतूत सीसीटीवी में कैद हो गई है। विदित हो कि वही पेट्रोल पंप के स्टाफ राजेश रवानी द्वारा 310 रुपए का पेट्रोल दिया गया था।राजेश रवानी के द्वारा पैसा मांगने पर बाइक सवार तीनों आरोपी के द्वारा बंदूक कट्टा दिखाकर लूटपाट की गई।घटना को लेकर करमाटांड़ थाना प्रभारी बिरजू कुमार द्वारा बताया गया कि काला झरिया पेट्रोल पंप पर अपराधियों द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया है। इस घटना के बाबत थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि करीब 40 से 50 हजार रुपए की लूट हुई है। इसकी अभी जांच चल रही है. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों को पहचान की जा रही है और शीघ्र ही पकड़ लिए जाएंगे।

### पूर्व राष्ट्रपति महान वैज्ञानिक डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि उत्साहपूर्वक मनाया



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर ।** ला -पॉला फैक्ट्री मोड स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम चौक के सामने भारत के पूर्व राष्ट्रपति महा वैज्ञानिक भारत रत्न एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पूरे उत्सव के साथ मनाया गया।इस मौके पर एपीजे अब्दुल कलाम की तस्वीर पर माला अर्पण कर इन्हें श्रद्धांजलि दी गई और मजदूरों के बीच मिठाइयां बांटी गई।इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव शबाना खातून, पूर्व नपा उपाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा प्रभारी जियाउल हक,पूर्व जुझारू वार्ड पार्षद शबाना परवीन ,मोहम्मद ताहिर अंसारी, मोहम्मद श्याम, मोहम्मद नसीम अंसारी ,पप्पू सिंह, मोहम्मद शमसुद्दीन, मास्टर मोहम्मद फारूक, शब्बीर अहमद ,मोहम्मद खुशीद, मोहम्मद शमीम अंसारी समेत दर्जनों लोग इस उत्सव में शामिल हुए। मौके पर कांग्रेस नेत्री शबाना खातून ने कहा कि एपीजे अब्दुल कलाम ने देश की सुरक्षा और महान शक्ति बनाने में अपना अहम योगदान दिया है। अब्दुल कलाम ने संघर्ष से शीर्ष तक सफर केवल देश ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानव जगत के लिए एक विरासत है। आज हम सभी इस शक्ति की पुण्यतिथि पूरे उत्सव के साथ मना रहे हैं क्योंकि आज देश को महान शक्ति बनाने में डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम का अहम किरदार रहा है। जियाउल हक टार्जन ने कहा देश की महाशक्ति बनाने में डॉक्टर एपीजी अब्दुल कलाम का अतुलनीय योगदान रहा है।

### एकल अभियान गौ ग्राम योजना के तहत गोबर से दीपक बनाने का दिया गया प्रशिक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा ।** एकल अभियान गौ ग्राम योजना के तहत बीते शनिवार 14 अक्टूबर से रविवार 15अक्टूबर तक बरियारपुर, मुचियाडिह में केन्द्रीय गौ ग्राम योजना प्रमुख प्रदीप स्वांई और केन्द्रीय सह योजना प्रमुख राजू पाण्डेय द्वारा गोबर से दीपक बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन अंचल सचिव संजय परसुरामका, आरोग्य भारती जिला सचिव संजय मंडल, अखिल भारतीय विधार्थी परिषद् जामताड़ा नगर महामंत्री राज सोनकर के द्वारा भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। श्री स्वांई और पाण्डेय ज़्ी ने गौ की महिमा को बताते हुए संयुक्त रूप से कहा कि गाय सबकी माता है। वह हमें पूरे जीवन काल दूध देती है, गोबर देती है, मूत्र देती है। उनके गोवंश से खेती करते हैं। माल ढोने के काम करते हैं । इतना ही नहीं उनके गोबर और मूत्र से बड़े-बड़े बीमारी ठीक होता है। अर्थात हमारा जीवन गौमाता पर आधारित है। इसलिए हमें दूध नहीं देने वाले गौमाता की भी सेवा करना है क्योंकि गाय का घर किसान का घर है। हमें गौ आधारित रोजगार देकर गांव को स्वावलंबी बनाना है। प्रशिक्षण में उज्जवल वराण्डे, संजीव मरांडी,कर्ण महतो, गंगाधर महतो, गोमस्ता हांसदा,माथन किस्कू,सीमति सोरेन सहित नारायणपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों से सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।

**आयोजन** बी0एन0 रोड भैरवा स्थित इंस्पायर क्लासेस मे ए पी जे अब्दुल कलाम की जयंती समरोह पूर्वक मनाया गई

# एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**दैनिक शुभ भास्कर, मो असलम, मधुपुर/ देवघर ।** मधुपुर शहर के बी०एन० रोड भैरवा स्थित इंस्पायर क्लासेस मे ए पी जे अब्दुल कलाम की जयंती समरोह पूर्वक मनाया गई तथा इस अवसर पर क्विज तथा अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षकों तथा बच्चों ने कलाम जी की तस्वीर पर मल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पण किया। मौके पर संस्थान के निदेशक भूमन्यु सौरव ने विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा की वे एक शानदार वैज्ञानिक और पथप्रदर्शक इंजीनियर थे जिनका पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित रहा। भारत को महाशक्ति बनाने की उनकी महत्वाकांक्षा थी। इसके लिए वे देश के विद्यार्थियों की भूमिका को प्रमुखता से स्वीकार करते थे।डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने देश को तकनीक तथा सामरिक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जो योगदान दिया उसे देश कभी भुला नहीं पाएगा। अग्नि और पृथ्वी मिसाइलों का विकास करना, उनसे मिली सबसे बड़ी भेंटों में से एक हैं। मिसाइल कार्यक्रम में उनकी सक्रिय भूमिका के कारण, एपीजे अब्दुल कलाम को भारत का मिसाइल मैन कहा जाता है। एपीजे अब्दुल कलाम रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डी आर डी ओ), और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) दोनों में शीर्ष शोधकर्ता के रूप में में सेवा दे चुके हैं। अपने जीवनकाल में कलाम को कई विश्वस्तरीय पब्लिकेशन कार्यों का श्रेय जाता है, लेकिन इंडिया 2020 को उनके सबसे प्रसिद्ध योगदानों में से एक माना जाता है। कार्यक्रम में अभिषेक गौरभ, शुभम कुमार, सहित दर्जनों विद्यार्थी उपस्थित थे।

# अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जामताड़ा इकाई की एक अहम बैठक आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा ।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जामताड़ा इकाई की एक अहम बैठक जिला उपाध्यक्ष राकेश कांत रौशन की अध्यक्षता में आदर्श मध्य विद्यालय जामताड़ा मे की गई। बैठक में मुख्यतः सरप्लस शिक्षक की समस्या मे घोर अनियमितता के कारण संघ क्षुब्ध है।दूसरा मुद्दा ग्रेड वन से ग्रेड सेवन तक की जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में वस्तुस्थिति को शिथिल होने पर संघ का रोष प्राप्त है।तीसरी बिंदु विद्यालय में पठन पाठन कार्यों में प्रतिदिन बहुत सारे विभाग से चिट्ठी निकलती है जिसमें तुरंत हार्ड कॉपी एवम सॉफ्ट कॉपी में समय न देकर तुरन्त जमा करने को कहा जाता है जो संघ को इस पर कड़ी आपत्ति इज़हार करती है। चौथी बिंदू राज्य में अजप्टा की चुनाव जल्द से जल्द करने की बातें कही गई। राज्य उपाध्यक्ष बाल्मीकि कुमार ने सभी मुद्दों को समेकित करते हुए कहा कि जिले के संगठन को एक जोरदार प्रदर्शन करने की बातें कही। महासचीव हरि प्रसाद राम ने कहा कि यदि हमारी मांगे नहीं मानी जाती है तो जल्द ही जोरदार आंदोलन की जाएगी। बैठक में शामिल पदाधिकारियों ने अपनी अपनी बातें चारों बिंदुओं में जोरदार ढंग से रखी। इस बैठक में उपाध्यक्ष राकेश कांत रौशन,संजय प्रसाद सिंह, संयुक्त सचिव राजेश कुमार सिन्हा, अमरनाथ दास,संगठन मंत्री द्वारिका राम,नवीन कुमार, रंजीत कुमार, अजय कुमार सिंह, शिव पूजन जी, संजय प्रसाद खरवार, रंजन कुमार, राधा विनोद मंडल,जयकांत तिवारी, धर्म वीर भारती,मो सैयद ईमाम, विकास कुमार,विजय पांडे एवम जिला प्रवक्ता दिनेश करमाली।

# खास खबर

## समाजसेवी कुँवर सुमेर सिंह द्वारा सयुंक्त जिला हास्पिटल में किया गया फल वितरण



**सम्वाददाता संतोष कुमार दुबे बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश बलरामपुर जिले में समाज सेवी कुंवर सुमेर सिंह द्वारा संयुक्त जिला चिकित्सालय में मरीजों को किया गया फल वितरण सयुंक्त जिला चिकित्सालय में चिकित्सा अधीक्षक की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ आपकी जानकारी के लिए बताते चलें कि भाजपा नेता द्वारा कोरोना काल से लेकर आज तक जनता की लगातार निस्वार्थ भाव से सेवा की जा रही है जिसके चलते अक्सर भाजपा नेता कुंवर सिंह अक्सर चर्चाओं में बने रहते हैं आपको बता दें की भाजपा नेता कुंवर सुमेर सिंह मूल रूप से बलिया जिले के निवासी हैं और बलरामपुर जिले के धर्मपुर में ट्रांस्पोर्ट चलाते हैं। और गरीब मजलूमों की सेवा करते हैं जहां कोई व्यक्ति परेशान होगा वहां श्रीसिंह हमेशा तन मन धन से खड़े नजर आते हैं। श्रीसिंह युवाओं में चर्चित है। श्रीसिंह द्वारा मरीज वा वार्ड वाय जो मरीजों की देख भाल करते हैं।

## थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा वांछित गिरफ्तार



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों/वारण्टीयों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर श्री बृजनन्दन राय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री विमलेश सिह थाना को0 नगर बलरामपुर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक- 15.10.2023 को थाना कोतवाली नगर जनपद बलरामपुर पर पंजी0 मु0अ0सं0 346/2023 धारा 364/302/201 भादवि से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभि0 करन सोनी पुत्र दिनेश सोनी मूल निवास मेजर चौराहा व हाल पता गदुरहवा थाना को0नगर बलरामपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

## मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के क्रम में नारी सुरक्षा दल द्वारा किया जा रहा है महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त एंटी रोमियो स्क्वाड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी, नारी सुरक्षा दल द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं/बालिकाओं आदि को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे- OTP शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल,बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी।

## देवीपाटन मेले में मिलट्स महोत्सव का महंत देवीपाटन मंदिर एवं जिलाधिकारी महोदय ने फीता काटकर किया शुभारंभ



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** देवीपाटन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को विभिन्न विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल के माध्यम से किया जाएगा जागरूक महंत देवीपाटन मंदिर एवं जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी महोदय ने आयुष्मान भव रैली को हरी झंडी दिखाकर की किया रवाना उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधान,कृषक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री को किया गया सम्मानित शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर शक्तिपीठ देवीपाटन मेले में जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के प्रति जागरूक किया जाने के लिए 09 दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 09 दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का शुभारंभ महंत देवीपाटन मंदिर मिथलेश नाथ योगी, जिलाधिकारी श्री अरविंद सिंह, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, गन्ना विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, पंचायती राज विभाग, प्रोबेशन विभाग,रेशम विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉल का महंत देवीपाटन मंदिर जिलाधिकारी महोदय एवं जनप्रतिनिधि गण द्वारा अवलोकन किया गया। देवीपाटन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को स्टॉल के माध्यम से विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर आयुष्मान भव जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान आयोजित गोष्ठी में उपनिदेशक कृषि एवं जिला कृषि अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया। गोष्ठी में महंत देवीपाटन मंदिर मिथलेश नाथ योगी जी ने कहा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनमानस को जागरुक करते हुए योजना का लाभ दिया जाए। माननीय विधायक तुलसीपुर श्री कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा की मोटे अनाज का उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि सभी विभाग देवीपाटन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को विस्तार पूर्वक अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी देना सुनिश्चित करें।

# मां पाटेश्वरी देवीपाटन की महिमा यहां त्रेता युग से जल रही अखंड ज्योति



**बलरामपुर जिला संबादाता के बी गुप्ता।** भारत-नेपाल सीमा के सुहेलवा वन के समीप स्थित ऐतिहासिक 51 शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर मे शारदीय नवरात्र रविवार से शुरू हो रही है, देवीपाटन मंदिर मे कुछ खास महत्व माना गया है। यह मंदिर बलरामपुर जनपद मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर तहसील तुलसीपुर के सूर्या, सिरिया नदी के तट पर देवीपाटन गांव मे स्थित है। यहां पर दूर-दूर देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं और मां पाटेश्वरी के दर्शन करते हैं। 15 अक्टूबर से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्रि पर प्रसिद्ध मंदिर देवीपाटन की तैयारी प्रशासन के द्वारा पूरी की जा चुकी है। सुरक्षा के दृष्टिगत मंदिर परिसर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा। साफ-सफाई सुरक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के आवागमन को लेकर स्पेशल ट्रेन,अतिरिक्त रोडवेज और प्राइवेट बसें चलाई जाएंगी मेले में ट्रैक्टर ट्राली से श्रद्धालुओं के आवागमन को रोकने के लिए पुलिस को निर्देश दिए गए हैं। शक्तिपीठ मंदिर देवीपाटन 51 शक्तिपीठों में शुमार है, यहां पूरे वर्ष देश के कोने-कोने के अलावा दूसरे देशों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। मान्यता है कि यहां माता सती का वाम स्कंध पट सहित गिरा था पट सहित गिरने से यहां आदिशक्ति को माता पाटेश्वरी के नाम से जाना जाता है। माता पाटेश्वरी के नाम पर ही इस क्षेत्र का नाम देवीपाटन है,यही के नाम पर मंडल का नाम भी देवीपाटन है। यहां पूरे वर्ष देश के कोने-कोने सहित दूसरे देशों से भी श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। प्रत्येक वर्ष चैत्र नवरात्रि में एक माह का विशाल मेला लगता है, मंदिर की ऐतिहासिकता को देखते हुए प्रदेश सरकार के द्वारा लगने वाले मेले को राजकीय मेले का दर्जा प्राप्त है।देवीपाटन मंदिर की व्यवस्था और देखरेख गोरक्षनाथ मंदिर गोरखपुर के द्वारा की जा रही है। गोरक्ष पीठाधीश्वर सीएम योगी आदित्यनाथ मंदिर की व्यवस्थाओं को लेकर स्वयं समीक्षा करते रहते हैं। देवीपाटन शक्तिपीठ का महत्व और महात्म्य देश के 51 शक्तिपीठों मे एक विश्व-विख्यात आदि शक्ति मां पाटेश्वरी देवी पाटन मंदिर में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन से ही देश-विदेश से आए दर्शनार्थियों का तांता लगा रहता है। देवीपाटन मंदिर में स्थित जगदमाता पाटेश्वरी अपने अलौकिक इतिहास को समेटे हुए है। युगों-युगों से ऋषि-मुनियों के तप और वैराग्य का साक्षी रहा यह स्थल अपने अतीत की गौरव गाथा खुद बयां करता है। प्रसिद्ध मंदिर को कई पौराणिक कथाओं के साथ सिद्धपीठ होने का गौरव प्राप्त है। यहां देश-विदेश से आने वाले भक्तों का तांता 12 महीने लगा रहता है। साल में दो बार चैत्र और शारदीय नवरात्र पर यहां विशेष उत्सव के साथ मेला लगा रहता है। इस समय माता के दर्शनार्थियों और उनके आशीषाभिलासियों की विशाल भीड़ रहती है। 51 शक्तिपीठों में से एक मां सती और सीता की शक्तियों से परिपूर्ण देवीपाटन मंदिर अपने गौरवमयी इतिहास को समेटे हुए है। लोगों की श्रद्धा है कि यहां विद्यमान महाभारत के कर्ण के द्वारा स्थापित सूर्यकुंड, त्रेतायुग से जल रहा अखंड धूना और अखंड ज्योति में मां दुर्गा के शक्तियों का वास है और इतिहास गवाह है कि सिद्ध रत्ननाथ (नेपाल) और गुरु गोरखनाथ को सिद्धि भी यहीं प्राप्त हुई थी कण-कण में देवत्व का वास होने से इस मंदिर पर देश-विदेश विशेष रूप से नेपाल से लाखों श्रद्धालु मनोकामना पूर्ण करने के लिए अनुष्ठान व्रत एवं पूजन करते हैं।

## जनपद बलरामपुर में किया गया पारिवारिक विवाद का हुआ सफल निस्तारण




**सौरव पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में पारिवारिक विवाद पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमे अपने पति शिवरतन द्वारा गाली गुप्ता वा मारपीट से संबन्धित विवाद था। परामर्श केन्द्र पर दोनो पक्ष को बुलाकर समझाने पर दोनो पक्ष आपस में एक साथ रहने को राजी हुए। परामर्शन में देवतादीन दूबे, वन्दना मिश्रा, अरुण कुमार यादव, तनवीर जहाँ, संजय तिवारी, महिला थाना प्रभारी श्रीमती विनीता चतुर्वेदी व महिला कांसटेबल ज्योति, का सराहनीय योगदान रहा।

## नवरात्रि, रालीला, भरतमिलाप पर आदर्श नगर पालिका की व्यापक तैयारी



**अनुपम मिश्र, बलरामपुर।** नगरपालिका चेयरमैन डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के निर्देशन में पर्व स्थलों का निरीक्षण कर समाधान कराया जायेगा। दशहरा पर्व पर परेड ग्राउंड में मेघनाथ रावण दहन स्थल को दिव्य,भव्य एंव कुशलता से मनाने हेतु नगर पालिका परिषद द्वारा कराई जाने वाली व्यवस्थाओं की जायजा लिया गया।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस ने बताया कि आगामी त्यौहारो को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व में भी पहले से दिव्य एंव भव्य दी गयी है दुर्गा पूजा,दशहरा,भरतमिलाप पर व्यापक व्यवस्था की गयी है स्थलों के हिसाब से डिवटी लगा दी गयी है।और बराबर समीक्षा की जायेगी। उक्त अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव,दशहरा कमेटी के अध्यक्ष संजय शर्मा,नगर पालिका के कर निरीक्षक हर्षित मिश्रा,गौरव मिश्रा,सुरेश कुमार गुप्ता ने विचार विमर्श किया एंव रणनीत बनाया।

# रामलीला मे भाग्यश्री ने 'वेदमती' और गिरजा शंकर ने 'रावण' की भूमिका में राम भक्तों का मन मोह लिया

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** अयोध्या की रामलीला आज से प्रारंभ हो गई हैजिसमें दिल्ली और मुंबई के कई फिल्मी दुनिया एवं धारावाहिक के तमाम कलाकार अहम भूमिका निभा रहे हैं जिसका शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हनुमानगढ़ के संत राजू दास एवं वरिष्ठ संत करपात्री जी महाराज के द्वारा किया गया। अयोध्या की रामलीला के आयोजक सुभाष मलिकने बतायाकि रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है पिछले साल अयोध्या की रामलीला को 25 करोड़ से ज्यादा राम भक्तों ने देखी थी, इस साल हमारी कोशिश है कि 50 करोड़ से ज्यादा राम भक्त अयोध्या की रामलीला देखने का सौभाग्य मिलेमैं सभी पत्रकारों को धन्यवाद करता हूं उनकी अयोध्या की रामलीला में अहम भूमिका होती है। हमने अयोध्या की रामलीला की शुरुआत कोरोना कल के समय से प्रारंभ किया था उससमय कहीं पर भी रामलीला नहीं दिखाई जा रही थी हमने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या से अयोध्या की रामलीला राम भक्तों को दिखाने का प्रयास प्रारंभ कियामुझे बहुत खुशी है कि अयोध्या की रामलीला को जो हम देखते हैं तो ऐसा लगता है जैसे भगवान श्री रामचंद्र जी स्वयं पृथ्वी पर उतर आए हो। आज अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है अभी तक 25 करोड़ से ज्यादा राम भक्त इसको देख चुके हैं। अयोध्या की रामलीला को दुनिया के कोने-कोने में देखा गया है हमारी कोशिश रहती है कि अयोध्या की रामलीला का हर साल नया रूप देखने को मिले। 2020 मे 16 करोड़ से ज्यादा राम भक्तों ने देखा था। 2021 मे 22 करोड़ से ज्यादा राम भक्तों ने देखा था और 2022 में 25 करोड़ से ज्यादा अयोध्या की रामलीला को देखा था। इस साल अयोध्या की रामलीला का चौथा संस्करण है। हमे हर साल माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद मिला है अयोध्या की रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मलिक बॉबी और महासचिव शुभम मलिक ने बताया इस बार रामलीला 14 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक होगी। राम कथा पार्क नया घाट में हर साल की भांति साल भी शाम 7:00 बजे से रात 10:00 बजे तक लाइव हमारे यूट्यूब चैनल अयोध्या की रामलीला और दूरदर्शन पर लाइव दिखाई जाएगी और कई सैटेलाइट टीवी चैनल पर भी दिखाई जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और सांस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह के सहयोग से अयोध्या की रामलीला संपन्न होगी है उनका हम दिल से धन्यवाद करते हैं। इस मौके पर अयोध्या की रामलीला के वाईस चेयरमैन करण शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, चेयरमैन राकेश बिंदल,वाईस प्रेसीडेंट संजय अग्रवाल, पीयूष और आयुष भी मौजूद थे।राकेश बिंदल, प्रदीप अग्रवाल, इंद्रजीत, पीयूष और आयुष भी मौजूद थे। इस साल अयोध्या की रामलीला में टीवी की बड़ी हीरोइन और बड़े कलाकार कम कर रहे हैं। पूनम ढिल्लों, भाग्यश्री, अमिता नागिरया, शीबा, रितु शिवपुरी, ममता सिंह, मांगिशा,पायल गोगा कपूर, प्रतिभा। गजेंद्र चौहान (राजा जनक), रजा मुराद (अहिरावण), राकेश बेदी (विभीषण), गिरिजा शंकर (रावण), अनिल धवन (इंद्रदेव), रवि किशन जी (केवट), वरुण सागर जी (हनुमान जी), सुनील पाल (नारद मुनि), राहुल भूचर (श्री राम जी), शिवा ,आकाशदीप (कुंभकरण), रूबी चौहान (मेघनाथ ), बनवारी लाल झोल (परशुराम), मनोज बक्शी (राजा दशरथ), गुलशन पांडे, अवतार गिल, सागर, चंदन काम कर रहे हैं। अयोध्या की रामलीला की एंट्री फ्री है। इसकी कोई भी एंट्री फीस नहीं है।अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला राम भक्तों ने बताया है अयोध्या की रामलीला का उद्देश्य यही रहता है कि करोड़ों राम भक्त जो घर में बैठे हैं वह प्रभु राम की रामलीला अपने घरों में बैठकर परिवार और बड़े बुजुर्ग के साथ मिलकर बैठकर देख सके।

## आपरेशन त्रिनेत्र अभियान चलाकर चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगवाया जा रहे हैं सीसीटीवी कैमरे



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा जनपद बलरामपुर में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाये जाने हेतु जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष की अपील पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सम्भ्रान्त नागरिकों ,ग्रामप्रधानों, ग्राम प्रहरीगण द्वारा प्रमुख चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये। थाना गैड़ास बुजुर्ग ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री किशोरी लाल नि0 नारायणपुर द्वारा आज दिनांक 15.10.23 को अपने दुकान पर मार्ग को कवर करते हुए 01CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना गैड़ास बुजुर्ग पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। थाना कोतवाली उतरौला ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री राजू गुप्ता नि0 सुभाष नगर द्वारा आज दिनांक 15.10.23 को अपने दुकान पर मार्ग को कवर करते हुए 04CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना कोतवाली उतरौला पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। थाना कोतवाली देहात ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री शुभांक श्रीवास्तव नि0 नीलकोठी अचलापुर द्वारा आज दिनांक 15.10.23 को अपने दुकान पर मार्ग को कवर करते हुए 03CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। थाना कोतवाली उतरौला ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री हामिद रजा नि0 गांधीनगर द्वारा आज दिनांक 15.10.23 को अपने दुकान पर मार्ग को कवर करते हुए 03CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना कोतवाली उतरौला पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। थाना ललिया ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री सगीर अहमद नि0 मथुरा बाजार द्वारा आज दिनांक 15.10.23 को अपने मकान पर मार्ग को कवर करते हुए 04CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना ललिया पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। थाना सादुल्लानगर ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री अविनाश उपाध्याय नि0 बनरही द्वारा आज दिनांक 15.10.23 को अपने क्लीनिक पर मार्ग को कवर करते हुए 04CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना सादुल्लानगर पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। सीसीटीवी कैमरा लगवाने वाले जनप्रतिनिधियों, सम्भ्रान्त नागरिकों ,ग्रामप्रधानों, ग्राम प्रहरीगण आदि को स्थानीय पुलिस द्वारा सम्मानित भी किया जा रहा है।

## दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार




**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** बलरामपुर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात कुलदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रविवार कोतवाली देहात पुलिस टीम उप निरीक्षक राजेश चन्द्र,कांस्टेबल निर्मल यादव द्वारा वांछित अभियुक्त भानु प्रताप यादव पुत्र लालबाबू यादव निवासी ग्राम नारायणपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## बलरामपुर पचपेड़वा में शांतिभंग करने के उपलक्ष में किया गया गिरफ्तार




**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** थाना पचपेड़वा पुलिस द्वारा आज दिनांक 15.10.2023 को थाना क्षेत्र मे शांति व्यवस्था व कानून व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए 06 व्यक्तियों का अन्तर्गत धारा 151/107/116 सीआरपीसी के तहत चालान किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय तुलसीपुर रवाना किया गया। कमाल अहमद पुत्र स्व0 अली रजा उम्र 35 वर्ष निवासी कुसमहर थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर, मो0 मारूफ पुत्र नजर मोहम्मद उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम जूड़ीकुईयां थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर, ओमप्रकाश पुत्र स्व0 अम्मर उम्र 52 वर्ष निवासी पिपरिहा जमुनी थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर, चिनी पुत्र स्व0 अम्मर उम्र 50 वर्ष नि0गण पिपरिहा जमुनी थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर, गंगाराम पुत्र स्व0 रामजस उम्र 50 वर्ष निवासी पिपरिहा जमुनी थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर, रामवेलास पुत्र गंगाराम यादव उम्र 20 वर्ष निवासी पिपरिहा जमुनी थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर।

**पुण्य तिथि** भामसं के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी की पुण्य तिथि सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया

# ठेंगड़ी जी का चिंतन और दर्शन कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणादायी: डॉ उपेंद्रमणि त्रिपाठी



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष अंबरीश सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को रेलवे स्टेशन कैंट पर सफाई कर्मचारियों के साथ भामसं के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी की पुण्य तिथि को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आरोग्य भारती अवध प्रान्त के सह प्रान्त मंत्री होम्योपैथिक चिकित्सा ने कहा कि समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों को मिटाकर सामाजिक समरसता स्थापित करते हुए समाज को मुख्य प्रवाह में जोड़ना हमारा कर्तव्य है। एक भारतीय हिंदू विचारक, ट्रेड यूनियन नेता और स्वदेशी जागरण मंच, भारतीय मजदूर संघ और भारतीय किसान संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी 14 अक्टूबर 2004 को अपनी मृत्यु तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक प्रचारक थे। वह अपनी जीवनशैली के विशिष्ट गुणों के सबसे प्रमुख समर्थकों में से एक रहे हैं: सादा जीवन, गहन अध्ययन, गहरी सोच, विचार की स्पष्टता। उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया।।जिला संरक्षक सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ के गीत "मानवता के लिए उषा की किरण जगाने वाले हम; शोषित, पीड़ित, वंचित जन का भाग्य बनाने वाले हम" के अनुरूप सामाजिक समरसता के ध्येय की पूर्ति संभव है।कहा कि दत्तोपंत जी दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के विचारों में स्पष्टता थी। ठेंगड़ी जी को ऋषि तुल्य और देव तुल्य बताते हुए भैया जी जोशी ने कहा ठेंगड़ी जी का चिंतन और दर्शन कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणादायी है।। उनका मानना था कि संगठन मज़दूरों के हित में काम करेगा लेकिन मजदूर भी राष्ट्र हित में काम करेंगे। बंद और हड़ताल के का वह बहुत ज्यादा समर्थन नहीं करते थे। चाहे कुछ मजबूरी हो मांग हमारी पूरी हो की जगह पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को राष्ट्र हित मे एक परिवार के रूप में काम करने के विचार को प्रतिपादित किया।कार्यक्रम के अंत में सभी सफाई कर्मचारियों को माला पहनकर अंग वस्त्र दे कर सम्मानित कर उनके साथ भोजन ग्रहण किया गया। कार्यक्रम के समापन भाषण में जिलाध्यक्ष अंबरीश सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं और कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# स्वर्गीय ओमकार सिंह की मूर्ति का अनावरण करते लोग



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ पूरा बाजार -अयोध्या।** शिक्षाविद समाज विचारक संवेदनशीलता की प्रतिमूर्ति प्रबल व्यक्तित्व के धनी राज बहादुर सिंह स्मारक इंटर कॉलेज मडना के संस्थापक स्वर्गीय ओंकार सिंह की प्रथम पुण्यतिथि राज बहादुर सिंह स्मारक इंटर कॉलेज मड़ना में समारोह पूर्वक मनाई गई प्रख्यात ज्योतिषाचार्य स्वामी चिरंजीव नारायण जी महाराज ने स्व ओंकार सिंह की मूर्ति का अनावरण किया।समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वामी चिरंजीवी नारायण जी महाराज ने ओंकार सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना होगा विशिष्ट अतिथि पूरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह ने कहा कि ओंकार सिंह के पद चिन्हो पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी उन्होंने कहा कि हर्ष की बात है कि ग्रामीण क्षेत्र में ओंकार सिंह ने जो शिक्षा की अलख जगायी है उसका दायित्व उनके पुत्र जितेंद्र कुमार सिंह बखूबी निभा रहे हैं।इस अवसर पर ओंकार सिंह के दर्जनों साथियों को शाल देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में पूर्व शिक्षक शेषराज सिंह पूर्व बैंक प्रबंधक जंग बहादुर सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेता सुधीर सिंह मुन्ना कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष गुरु प्रसाद सिंह भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कालिका सिंह विजय प्रताप सिंह भाजपा के मंडल अध्यक्ष नंदकुमार सिंह प्राचार्य डॉ अरुण कुमार त्रिपाठी पूर्व प्रधान ओम प्रकाश यादव प्रधानाचार्य शीलधर सिंह संतोष सिंह धीरेंद्र कुमार सिंह वीरेंद्र कुमार सिंह नेर्व स्वर्गीय ओंकार सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व को सराहा कार्यक्रम के आयोजक जितेंद्र कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि व क्षेत्रीय गणमान्य लोगों तथा उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

## ख़ास ख़बर

### बाबा की नगरी वाराणसी से विंध्यवासिनी धाम के लिए चलाई गई 80 बसे

**वाराणसी** । शारदीय नवरात्र में मां विंध्यवासिनी के धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। इसे देखते हुए यूपी रोडवेज वाराणसी चौधरी चरण सिंह बस अड्डे से विंध्याचल के लिए 80 बसों का संचालन करेगा। ये बसें भोर में तीन बजे से ही चलना शुरू हो जाएंगी।एआरएम ग्रामीण वीके श्रीवास्तव के अनुसार बस में जैसे ही 25 यात्री सवार होंगे, वैसे उन्हें गंतव्य के लिए रवाना कर दिया जाएगा। अधिकारी के अनुसार जरूरत के हिसाब से 20 बसों को रिजर्व रखा गया है।

### भाकपा(माले) इंसाफ मंच की टीम मिली दोनार गुमटी हादसा मे मरे पीड़ित परिवार के सदस्यों से

**दरभंगा (मो.जीलानी अंसारी)** । भाकपा( माले ) और इंसाफ मंच की टीम ने दोनार गुमटी पर हुए भीषण दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत व अन्य घायलों के पीड़ित परिवार से तारडीह प्रखंड के उनके बैका गांव में जाकर मिले। विदित हो की दिनांक 8/9/2023 को बईका वार्ड 6 निवासी शहजादी खातून पति मोहम्मद हमीदुल, रौसन खातून पति मो शहजाद, व अकशा प्रवीण पिता नवीदुल की मौत घटना अस्थल पर ही हो थी जब की मो सैफ पिता मो अनशार जीबन और मौत जूझ रहा है जिसका इलाज निजी अस्पताल मे चल रहा है दुख की इस घरी मे स्थानीय एम एल ए व स्थानीय सांसद पीड़ित परिवार से मिलना मुनासिब नहीं समझे जब की बिहार सरकार के काविना मंत्री का पंचायत है इंसाफ मंच के सदस्ययो ने सरकार से पीड़ित परिवार को अभिल्मव दस दस लाख रु मुआवजा एक सदस्य नौकरी और घायल को सरकारी खर्चा से इलाज की मांग की है दल मे इंसाफ मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष सह भाकपा( माले ) राज्य कमिटी सदस्य नेयाज अहमद, भाकपा( माले ) जिला स्थाई समिति सदस्य अशोक पासवान, इंसाफ मंच के राज्य सह सचिव मकसूद आलम पप्पू खां, इंसाफ मंच के राज्य कार्यकारिणी के सदस्य मो जमशेद और धनराज साह शामिल थे।

### युवती के मौत के बाद क्षेत्र में बना चर्चा, पुलिस कर रही हैं जांच

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया** । लौरिया प्रखंड के साठी पंचायत अंतर्गत रायबरवा गांव में शनिवार की रात एक युवती को परिजनों द्वारा आनन फानन में जलाया जाना थाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार जंग बहादुर राम की 16 वर्षीय पुत्री जो थाना क्षेत्र के रायबरवा में अपने चाचा वीर बहादुर राम के साथ 8 वर्षों से रह रही थी। उसके मां का देहांत 8 वर्ष पूर्व हो गई है। तब से वह अपने चाचा -चाची के साथ रह रही थी। शनिवार की देर शाम उसका फंदे से लटकता शव देख परिजन घबरा गए और आनन फानन में दाह संस्कार कर दिया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उदय कुमार ने बताया की घटना की सूचना मिली है लेकिन परिजन द्वारा कोई आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलते ही मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वही ग्रामीणों में यह चर्चा बना हुआ है की मृतिका की मां की मृत्यु होने के बाद 8 साल से वह अपने चाचा -चाची के साथ रह रही थी जबकि पिता काश्मीर में रहते हैं।

### गम्भीर बीमारियों से ग्रसीत रोगियो के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल अतिआवश्यक - डॉ बामनिया



**दैनिक शुभ भास्कर/ सुनील कुमार मिश्रा /राजस्थान / उदयपुर** । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि गैर संचारी रोगों विशेष कर कैंसर जैसी गम्भीर बिमारी से ग्रसित रोगियों के दिमाग पर भारी असर पड़ता है।रोगी जीने की आशा छोड़ देता है। आत्मविश्वास टूट जाता है। ऐसे समय में उसकी पेलिटेटिव देखभाल अतिआवश्यक है। सीएमएचओ डॉ बामनिया नर्सिंग अधिकारियों और सीएचओ के एमएनएस,एल्डरली, पेलिटेटिव एवं ओईईई के प्रशिक्षण समापन समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। प्रशिक्षण में गम्भीर रोगियों की देखभाल के अलग-अलग स्तरों के लिए बारह दिनों तक प्रशिक्षण दिया गया। डीपीएम सदाकत अहमद ने बताया कि राज्य सरकार के आदेश अनुसार अलग-अलग ग्रुप में सभी स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### लंबे समय से फरार चल रहे चोटी कटवा हत्याकांड के नामजद आरोपित को पुलिस ने दबोचा



**संगवाददाताः अब्दूल वहाब, उधवा/साहिबगंज** । राधानगर थाना पुलिस ने बीते शनिवार की रात थाना क्षेत्र अंतर्गत राधानगर गांव में छापेमारी कर चोटी कटवा हत्याकांड के नामजद आरोपित अजीत घोष को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित को पुलिस ने रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष चिरंजीत प्रसाद ने बताया कि राधानगर थाना कांड संख्या 82/2017 के नामजद आरोपित राधानगर गांव के निवासी अजीत घोष लंबे समय से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर उनके घर में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। छापेमारी दल में एस०आई रविंद्र कुमार सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे!

# मुड़ाडीह सैरात की बाजार का जमीन हो रहा अतिक्रमण, राजस्व वसूली में कमी



**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण**। बगहा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत गंडक पार सुदूरवर्ती क्षेत्र के भितहा प्रखंड स्थित मुड़ाडिह सैरात की लगने वाली बाजार सप्ताह में 2 दिन लगाना है, जहां मुड़ाडीह सैरात के बाजार की जमीन को अतिक्रमण कर बनाये पक्कीकरण के दुकानदार राजस्व की वसूली रोज दिन नहीं देते हैं। वही आसपास के क्षेत्र से आकर बाजार लगाने वाले व्यवसायिक को व्यवसाय नहीं करने देते हैं। जिससे राजस्व की वसूली नहीं मिल पाती है। बाजार में स्थायी दुकान बन जाने से खुदरा व्यवसायिक को दुकान मजबूरन फुटपाथ की तरह सड़क से सटे लगाना पड़ता हैं जिससे सड़क अवरुद्ध होने के कागार से बाधित होने पर आवागमन में राहगीरों को घोर परेशानी की सामना करना पड़ती हैं। मामले की जानकारी देते हुए बाजार का व्यवस्थापक धनंजय शर्मा ने बताया कि बाजार का टेंडर प्रति वर्ष अप्रैल से मार्च तक का होता है। उन्होंने कहा कि इकरारनामा के तहत मुझे हर व्यवसाइयो से प्रत्येक ब्यवसायिक दिन वसूलने का अधिकार दिया गया है। और यह बाजार को पक्के के कब्जा किये दुकानदार प्रत्येक दिन ब्यवसाय करते हैं जबकि स्थायी दुकान बनाकर कब्जा किये दुकानदारों के द्वारा राजस्व नहीं दी जाती है, जिससे कर की वसूली पूर्णतः नहीं हो पाने के कारण राजस्व में घटा का नुकसान भरना पड़ रहा है। जिसकी जानकारी निबंधनकर्ता भितहा को लिखित आवेदन देकर सूचित किया गया था जिसका बीते लगभग 5 माह होने के बावजूद भी उचित कार्रवाई नही हो पाया। उन्होंने कहा कि पूर्व निबंधनकर्ता प्रखंड विकास पदाधिकारी भितहा को पूर्व में भी लिखित आवेदन दिया गया । उनके द्वारा बताया गया कि यह मामला कई बरसों से आ रहा है। व्यवस्थापक द्वारा पूर्व में भी अंचला अधिकारी भितहा को इसकी अतिक्रमण की जानकारी दिया गया था व बीच बीच मे भी दिया जाता है जबकि इस मामले में अधिकारी द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया। जोकि इस तरह की रवैया से राजस्व की वसूली नहीं हो पाने से नुकसान हो रहा है। वही पदाधिकारी द्वारा कोई सपोर्ट नहीं मिलने के कारण व्यवस्थापक द्वारा बीच में ही निबंधन रद्द करने की बात कही जा रही है। उन्होंने इस तरह के कार्य कलापों से आरोप लगाते हुए बताया कि इस मामले में अधिकारी चुपी साध रहे हैं जिससे साफ जाहिर होता हैं कि कहीं ना कहीं अधिकारियों की मिली भगत साबित हो रही है । इस अतिक्रमण के संबंध में मामले की जानकारी लेने के लिए संवाददाता द्वारा अंचलाधिकारी भितहा से मिलना चाहा गया लेकिन साहब की किसी अन्य ब्यस्तता के कारण उनसे कोई बात नही हो पाई हैं।

## नरकटियागंज में नवरात्रि पूजा की धूम से हुआ भक्तिमय माहौल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज**। सर्व मंगल मांगल्ये, शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्ये त्र्यम्बके गौरी, नारायणी नमोस्तुते।आज से शारदीय नवरात्र प्रारम्भ हो गया है। इस शुभ अवसर पर नरकटियागंज अनुमंडल क्षेत्र के शहर से लेकर ग्रामीण इलाको में नवरात्र की पूजा प्रारम्भ हो गयी है। बता दे कि नवरात्र के 9 दिनों में माँ दुर्गा की अलग अलग स्वरूप की पूजा व उपासना की जाती है। रविवार को शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन सभी मंदिरों व पूजा पंडालों से कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा के बाद माँ की प्रथम रूप शैलपुत्री की पूजा अर्चना बड़े धुमधाम से की गयी। इस वर्ष की नवरात्रि पूरे नौ दिनों की है जो कि 15 अक्टूबर रविवार से शुरू होकर 24 अक्टूबर मंगलवार तक चलेगा। वही पूजा पंडालों को भव्य रूप से सजाया जा रहा हैं बात करें नरकटियागंज की तो नगर के आर्यसमाज रोड, गोपाला ब्रह्म स्थान, मनोरंजन भवन, देवी स्थान, मडवाडी मुहल्ला सहित कई स्थानों पे स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमा को मूर्तिकार अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

## मनोहरपुर थाना पुलिस ने 3 लाख की अवैध शराब जब्त की



**दैनिक शुभ भास्कर/रवि कुमार सैनी/राजस्थान** । मनोहरपुर थाना पुलिस ने अवैध शराब परिवहन करते हुए एक महिला सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने हरियाणा निर्मित 3 लाख रुपए की लागत की अवैध शराब और परिवहन के लिए काम में ली जा रही कार को भी जप्त किया है।मनोहरपुर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि दिल्ली से जयपुर की ओर एक कार में अवैध शराब ले जाने की सूचना मिली। इस पर मनोहरपुर टोल प्लाजा के पास नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान दिल्ली से जयपुर की ओर जा रही एक कर को रोककर पूछताछ की, तो कार में एक व्यक्ति और एक महिला बैठी हुई थी। उनसे कार में रखे सामान के बारे में पूछताछ की तो उन्होंने संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं दिया।पुलिस ने कार की जांच की तो हरियाणा और पंजाब निर्मित 120 अवैध शराब की बोतल बरामद हुई। इस पर पुलिस ने अवैध शराब परिवहन करने पर सीकर निवासी छिगन लाल सेवदा (36) पुत्र रामगोपाल जाट और एक महिला को गिरफ्तार कर लिया।

# शारदीय नवरात्र के पहले दिन भव्य कलश शोभा यात्रा निकाल कर पूजा प्रारंभ की गई



**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण**। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को सभी पूजा पंडालों व देवी स्थानों में कलश स्थापन को लेकर विधि-विधान से पूजन प्रारंभ हुआ। कलश स्थापन को लेकर विभिन्न पूजा समितियों की ओर से कलश शोभा यात्रा निकाली गई।बगहा अनुमंडल क्षेत्र के प्रखंड बगहा एक अंतर्गत नव दुर्गा पूजा समिति बगहा चिरान के पास, सिंगाड़ी पिपरिया पंचायत के सिंगाड़ी स्थित गुजेश्वरी माई स्थान, पिपरिया वार्ड संख्या 12 और डुमरिया माई स्थान में दुर्गापूजा समितियों की ओर से निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा में हजारों कुंवारी कन्याओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।कलश शोभा यात्रा गंडक नदी गोड़ीया पट्टी घाट, गंडक नदी रजवटिया घाट और तिरहुत गंडक मुख्य नहर से जल भरकर अपने-अपने पूजा स्थल पर पहुंची। जहां कलश स्थापन के बाद जो नव दिन की नवरात्रि पूजा प्रारंभ हो गई।नव दुर्गा समिति बगहा में अध्यक्ष धर्म शंकर सिंह,सदस्य कमलेश सिंह,राजू शुक्ल,रवि आर्य,सत्यम सिंह जो तीन वर्षों से जमीन पर लेटकर चलने वाला माई के प्रति श्रधालु,मोहित सिंह, संजय यदुवंशी,श्याम सिंह,पूजा समिति सिंगाड़ी में अध्यक्ष संजय कुशवाहा,सदस्य वह सहयोगी कामेश्वर सिंह, रामू साह, विनय कुमार, मुन्ना साह,अशोक साह, भुवनेश्वर मिश्रा, शत्रुघ्न साह,पिपरिया में पूजा समिति के अध्यक्ष संदीप साह,मनोरंजन सिंह,जैश चौहान,दरोगा चौहान, नर्वदेश्वर ठाकुर, प्रवीण ठाकुर,दुर्गेश सिंह चौहान, विनय कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह,रवि चौहान, डुमरिया में भाजपा नेता श्वेतमणि सिंह उर्फ तुषार सिंह, संजय कुमार बिडीसी, मनोज मुखिया, लालाबाबू यादव, ज्ञानेश्वर गिरी,बबलू यादव भगवान गिरी आदि समेत तमाम लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।

### युवा कांग्रेस ने की तमाड़ बुण्डू व अड़की प्रखंड अध्यक्षों की घोषणा



**चंदन कुमार गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट रिपोर्टर, रांची झारखंड** । तमाड़- तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नीतीश पांडे ने तमाड़ विधानसभा अन्तर्गत आने वाले तमाड़ बुण्डू ओर अड़की प्रखंड में प्रखंड अध्यक्षों की घोषणा की है। तमाड़ पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी को बनाया गया है. तमाड़ पश्चिमी का प्रखंड अध्यक्ष रोशन कामती को बनाया गया है। अड़की प्रखंड का अध्यक्ष प्रकाश मुण्डा एवम बुण्डू प्रखंड अध्यक्ष किशन लायक बनाएं गये हैं। नीतीश पांडे ने आज प्रेस विज्ञप्ति जारी कर युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्षों की घोषणा की। नीतीश पांडे ने सभी प्रखंड अध्यक्षों को 15 दिनों के अंदर प्रखंड समिति का विस्तार करने का निर्देश दिया है।

### नेशनल कॉन्फ्रेंस में संस्थापक संचालक पूर्बिया सर्वश्रेष्ठ सेवा के लिए



**सुनील कुमार मिश्रा दैनिक शुभ भास्कर राजस्थान उदयपुर** । सम्मानित- पीएमसीएच एवम पारस हैल्थ की नेशनल कॉन्फ्रेंस में डॉ मनोज महाजन,प्रोग्राम डायरेक्टर एवम डॉ आनन्द गुप्ता,ऑर्गेनाइजिंग डायरेक्टर,अरावली ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, उदयपुर द्वारा होटल होवार्ड जॉनसन,शोभागपुरा में लवीना विकास सेवा संस्थान, ओंगना के संस्थापक संचालक भरत कुमार पूर्बिया को बीटी कॉटन के निराश्रित बालश्रमिकों की पिछले छ वर्षों से बिना अनुदान सर्वश्रेष्ठ संचालन करने हेतु उपरणा व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।सर्वश्रेष्ठ सेवाओं के लिए पूर्बिया को अभी तक सातवीं बार सम्मानित किया गया है।

### किसी भी सूरत में शराब कारोबारी को बक्सा नहीं जाएगा



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो बेतिया विनोद कुमार**। बिहार में पूर्ण शराबबंदी 2016 से लागू की गई है और तरह-तरह के नियम में बदलाव की गई उसके बावजूद भी शराब कारोबारी अपने कारोबार में तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे है और कारोबार करने से बाज नहीं आ रहे हैं। वहीं पुलिस भी इस मामले में सख्ती से कार्रवाई करते आरही है लेकिन शराब कारोबारी अपने कारोबार से बाज नहीं आरहे है।ताजा मामला साठी थाना क्षेत्र का है जहां साठी पुलिस ने शनिवार को गुप्त सूचना के आलोक में छापेमारी की इस दौरान 50 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक कारोबारी को धर दबोचा। वही जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के तहत छापेमारी अभियान में 50 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है शराब कारोबारी शंकर मुखिया बसंतपुर निवास के रूप में हुई है गिरफ्तार अभियुक्त को बेतिया न्यायालय भेज दिया गया है। थानाध्यक सह इंस्पेक्टर द्वारा यह भी बताया गया कि शराब कारोबारी अपने कारोबार को जितना भी तरह तरह के हथकंडे अपना ले लेकिन शराब कारोबारी को किसी भी सूरत पर बख्शा नहीं जाएगा।वही छापेमारी अभियान में शामिल दरोगा अरविंद सिंह, पीएसआई जैसल कुमार, दरोगा जितेन्द्र कुमार , चौकीदार आदि पुलिस बल मौजूद रहे।

### चिगड़ी सिमराहा मे लाइसेंसी निरंकारी खाद बीज भंडार दुकान का विधिवत रूप से फीता काटकर उदघाटन किया गया



**दरभंगा (मो.जीलानीअंसारी)** । आज चिगड़ी सिमराहा पंचायत अंतर्गत सिमराहा गाँव के अकोनमा टोल में निरंकारी खाद बीज भंडार का उद्धघाटन किशान सलाहकार व्यास नंदन यादव सहित पंचायत के सभी किसानों के उपस्थित में सुभारम्भ हुआ वहीं किशान सलाहकार व्यास नंदन यादव ने कहा यहाँ से आधार कार्ड पर सभी किसानों को उचित मूल्य पर खाद बीज उपलब्ध कराया जाएगा।वहीं किसान उपेंद्र यादव ने कहा पूर्व में जो खाद का किल्लत रहा है हम किसानों को 10km 20km दूरी से खाद लाना पड़ता था अब निरंकारी खाद बीज भंडार हमारे गाँव में हो गया है इससे हम समस्त पंचायत वासियों को समय पर खाद उपलब्ध होगा तो किसानों के बीच त्राहिमाम नहीं होगा।वहीं समाजसेवी त्रिभुवन कुमार ने कहा कुशेश्वर स्थान विधानसभा के अंतिम छोड़ चिगड़ी सिमराहा पंचायत खाद बीज दुकान खुलने से क्षेत्र के लग्भग बीस गाँव से अधिक गाँव के किसानों को खाद बीज ससमय उपलब्ध हो जाएगा दुकान खुलने से पंचायत क्षेत्र के जनताओं में खुशी का लहर दौड़ उठा है।मौके पर उपस्थित पूर्व सरपंच शशिभूषण शास्त्री, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष घनश्याम यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुनील कुमार सुमन, छात्र नेता दिलखुश कुमार, संजय यादव,मुकेश पोद्दार, रूपेश कुमार, किसान चंद्रिका यादव, उपेंद्र यादव, सुभाष यादव, बौआ यादव,मदन यादव, सुरेश यादव, लालन यादव, विकाओ साह, रामबिलश यादव, सहित सैकड़ो किसान उपस्थित थे।

**आयोजन** रैली में शामिल लड़कियां दहेज़ छोड़ो जाती पाती तोड़ो भीख नही अधिकार चाहिए जीने का सम्मान चाहिए

# प्रधान मंत्री के संसदीय क्षेत्र मे सड़क पर उतर किशोरियों ने माँगा बराबरी का हक



**वाराणसी** । आशा विश्वास ट्रस्ट ,किशोरी युवा मंच व मनरेगा मजदूर यूनियन के संयुक्त तत्वाधान में बालिका महोत्सव का आयोजन ब्लॉक मुख्यालय आराजी लाइन्स के प्रांगण मे किया गया। कार्यक्रम में आराजी लाइन्स ब्लाक के 60 गाँव से आयी करीब एक हजार सात सौ किशोरी लड़कियों ने राजा तालाब बाजार में कन्या भ्रूण हत्या,यौन उत्पीड़न,दहेज़, बाल विवाह, अशिक्षा, गैरबराबरी आदि के खिलाफ जोरदार रैली निकाली। रैली में शामिल लड़कियां तिलक दहेज़ छोड़ो जाती पाती तोड़ो भीख नही अधिकार चाहिए जीने का सम्मान चाहिए।बाबा मुझको पढ़ने दो, पढ़ कर आगे बढ़ने दो कन्या भ्रूण हत्या बंद करोआदि नारे लगाये और पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली सिंचाई डाक बंगला राजा तालाब से शुरु होकर तहसील होते हुए ब्लॉक मुख्यालय पहुंचा।रैली का नेतृत्व प्रियंका पटेल ने किया जबकी कार्यक्रम का संचालन रेनु व सपना ने किया।बालिका महोत्सव में आशा विश्वास ट्रस्ट द्वारा संचालित किशोरी सिलाई केंद्र व किशोरी युवा मंच से जुड़ी हुई लड़कियों ने अपने अपने विचार रखे।उन्होंने गीत संगीत, नाटक, भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से महिला और बालिका अधिकार कानून और समाज से होंने वाली चुनौतियों के बारे में बताया।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे सिराथू से विधायक पल्लवी पटेल शामिल हुई उन्होंने कहा कि लड़कियां आज सुरक्षित नहीं है जिसका खामियाजा लड़कियों को भुगतना पड़ रहा है, गलती कोई कर रहा है पर लड़कियों को घर से निकलने पर पाबन्धी लगा दिया गया है। हमलोग देख सकते है कि एक तरफ छोटी छोटी लड़कियों का यौन उत्पीड़न किया जा रहा है दूसरी तरफ इसी नवरात्र के महीने में उनकी पूजा की जा रही है।समाज का ये दोहरा चरित्र समझ से परे है,आज जिस तरह से लड़कियां अपने हक अधिकार के लिए सडक पर उतरी है मुझे पुरा विश्वास है कि एक दिन इनका सपना जरूर पूरा होगा।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपष्ठित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ महेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि हमें समाज को आगे बढ़ाना है तो लड़कियों को आगे बढ़ाना ही होगा।आज वही परिवार,समाज आगे बढ़ रहा है जिसे परिवार,समाज की लड़कियां पुरुषों के समान घर से बाहर निकलकर काम कर रही है।मनरेगा मजदूर यूनियन के संयोजक सुरेश राठौर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से किशोरियों का आत्म विश्वास बढ़ेगा।आज की लड़कियां किसी मामले मे लड़को से पीछे नहीं है, उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों की शादी कम उम्र मे कर दी जाती है जिससे उनको पढ़ाई का पुरा मौका नहीं मिल पाता है, अतः लड़कियों को भी बाहर निकल कर अपने सपने को पुरा करने का मौका देना चाहिए।

### जसवंत सेन बने प्रदेश उपाध्यक्ष राजस्थान आजाद अधिकार सेना



**राजस्थान** । आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमिताभ ठाकुर के निर्देश पर राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष रनिश तिवारी ने बताया कि कोटपूतली निवासी जसवंत सेन राजस्थान उपाध्यक्ष आजाद अधिकार सेना जिम्मेदारी दी है कहा कि कोटपूतली निवासी जसवंत सेन राजस्थान उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी को राजस्थान में प्रदेश में मजबूती मिलेगी और लोगों को जन-जन तक पार्टी की विचारधन धाराओं को पहुंचाएंगे कोटपूतली में राजस्थान के आसपास के कार्यकर्ताओं में राजस्थान आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है

# अनिश्चित कालीन धरना पांचवे दिन रहा जारी कई कार्यकर्ता की बिगड़ा तबियत



**दैनिक शुभ भास्कर, कृष्णा वर्मा, बिरनी/गिरिडीह** । बिरनी प्रखंड में आजसू के चौथे दिन अनिश्चित कालीन धरना में एक नए तरीका अपना चौथे दिन धारने में भजन कीर्तन के धरना पर डांटे रहे वही देर रात को आक्रोशपूर्ण मसाल जुलूस निकाला गया जो बिराजपुर चौक से पालोंजीय हाई स्कूल तक रहा फिर एक नुक्कड़ सभा मे तब्दील हो गया।बतादे की रविवार को आंगनबाड़ी केंद्रों को मिलने वाला चावल गबन मामले मे आजसू का पांचवे दिन अनिश्चित कालीन धरना जारी रहा। पांच दिन बीत जाने के बाद भी अधिकारी किसी भी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाए हैं। इधर पांच दिनों तक आजसू कार्यकर्ता खुले मैदान में डटे रहने के वजह से कुछ जरीकर्ताओं की तबियत बिगड़ने लगी है । रविवार को कार्यकर्ताओं की तबियत बिगड़ते देख बीडीओ सुनील वर्मा ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों को फोन कर इसकी सूचना दिया। सूचना पर डॉ साकिब जमाल अपने टीम के साथ पहुंचे एवं कार्यकर्ताओं को गर्म पानी पीने की सलाह देते हुए दवा दिया। आजसू कार्यकर्ताओं की अधिकारी से मांग है कि चावल गबन करने वाले कर्मचारियों पर प्राथमिकी दर्ज करे। ज्ञात हो कि आंगनबाड़ी केंद्रों में वितीय वर्ष 21-22 एवं 22-23 में मिलने वाला 2600 क्विंटल चावल गबन करने का खुलासा हुआ था । इसके विरुद्ध आजसू ने बीडीओ को इसकी लिखित शिकायत कर कालाबाज़ारियों के विरुद्ध 72 घन्टे में कार्रवाई करने का आग्रह किय था । कालाबाजारियों के खिलाप कोई कार्रवाई नहीं होने पर आजस कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेक अनिश्चितकालीन धरना बैठे हैं। मौवे पर केंद्रीय सदस्य कंचन राय, जिल कार्यकारी अध्यक्ष शंकर यादव,जिल उपाध्यक्ष अजय विश्कर्मा, प्रखंड अध्यक्ष अनिल रजक,प्रखंड उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, प्रखंड सचिव राजेन्द्र यादव,बबलू यादव,समेत क कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### भूकंप वैज्ञानिक उमेश कुमार वर्मा ने 25 अक्टूबर तक आने वाले भूकंप की जानकारी दी

**अशोक वर्मा मोतिहारी ।** 20 वर्षों से भूकंप पर अपने विशेष शोध के कारण विश्व स्तर पर चर्चा में आने वाले उमेश कुमार वर्मा ने 23 अक्टूबर तक विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में आने वाले भूकंप की भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा है कि एक सप्ताह के दौरान भूकंपीय घटना का जो अनुमान है उसमे पुणः साउथ वेस्ट एवं सेंट्रल इंडिया में इसका एपीसेंटर बना है और इसका संकेत मिल रहा है। दूसरा 20 एवं 23 अक्टूबर को चीली एवं ऑस्ट्रेलिया में 6 से 6.5 एम के भूकंप की उम्मीद की जाती है। 25 अक्टूबर तक इंडोनेशिया एवं अर्जेंटीना मे 6.7 रेकटर के भूकंप की आशंका बनती है । गौरतलब है कि उमेश वर्मा द्वारा अब तक किए गए भूकंप भविष्यवाणी 90%सफल रहा है।

### किशनगंज जिला से सिलीगुड़ी के लिए शतरंज हेतु 30 खिलाड़ी रवाना हुए



**किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी) ।** दुर्गा पूजा के अवसर पर दार्जिलिंग जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में सुपर शतरंज सिलीगुड़ी द्वारा रविवार को उत्तर बंगाल मारवाड़ी पैलेस सिलीगुड़ी में प्रथम नवरात्रि सुपर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें भाग लेने हेतु 8,10,12 एवं 16 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। इसमें सिलीगुड़ी, जलपाईगुड़ी ,मयनागुड़ी, रायगंज, कालियागंज, कूचबिहार, दार्जिलिंग, अलीपुरद्वार सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग 250 खिलाड़ीगण भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता के लिए किशनगंज जिले के भी कुल 30 खिलाड़ी रविवार की सुबह रवाना हो चुके हैं। उपरोक्त जानकारी जिला शतरंज संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा इन खिलाड़ियों के कोच कमल कर्मकार ने दी। उन्होंने विस्तार पूर्वक आगे कहा कि अपने जिले के अंडर -8 विभाग में श्रीजय पाल, रीवा अग्रवाल, सार्थक आनंद, युवान चौधरी, रौनक कुमार साहा, काव्या जैन, आरव अग्रवाल, अनाया अग्रवाल, अयान अग्रवाल, अथर्व राज एवं हार्दिक प्रकाश शामिल हैं। वहीं अंडर 10 विभाग में धान्वी कर्मकार, सुरोनोय दास, जयब्रतो दत्ता, ग्रंथ जैन, हिमांस जैन, अंश कुमार साहा, इशिका अग्रवाल, तनय अग्रवाल, आयुष आनंद, अजितेश साहा एवं रमित जैन प्रतिस्पर्धा करेंगे। अंडर 12 विभाग में ऋत्विक मजूमदार, पलचीन जैन, धानी अग्रवाल, मानव कुमार, शरद बियानी एवं सुंदर कुमार अपने प्रतिद्वंदियों के समक्ष चुनौती प्रस्तुत करने हेतु अपनी कमर कस चुके हैं। वहीं अंडर-16 विभाग में रचित बियानी एवं शिवम कुमार राय शामिल हुए हैं। इन खिलाड़ियों को वांछित सहयोग प्रदान करने हेतु इनके साथ श्री कर्मकार, संघ के संयुक्त सचिव रोहन कुमार, सहायक सचिव मुकेश कुमार, सचिव रुद्र तिवारी एवं कई खिलाड़ियों के अभिभावाकगण भी शामिल हैं।

### लोकतंत्र मे विश्वास करने वाले तानाशाही शासक को उखाड फेंके



**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो अशोक वर्मा ।** संविधान- लोकतंत्र को बचाने के लिए मोदी सरकार को सत्ता और समाज से बाहर करने की जिम्मेवारी सच्चे देशवासियो के ऊपर आई है- माले जहां जो गरीब बसे है, का सर्वे कराकर नया वास आवास कानून बनाने की सरकार से मांग, खेग्रामस आज तिनकोनी- टोला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में खेत व ग्रामीण मजदूरों का अंचल स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन अतिउल्लाह मियां के अध्यक्षा एवं उपेंद्र सहनी के संचालन में संपन्न हुई! 7-8नवंबर 2023को बापूसभागार बेतिया में अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा का 7वा बिहार राज्य सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए भागीदारी सहित हर तरह के सहयोग करने की संकल्प लिया गया! कन्वेंशन को संबोधित करने वालो मे प्रभुदेव यादव जिला सचिव भाकपा माले, अंचल सचिव रूपलाल शर्मा और सरपंच मनोज कुमार सिंह,रगबीर राम, मूनी राम, राजकुमार शर्मा, विरेन्द्र यादव, जोखू माझी शामिल हैं!

# किशनगंज के इन्सान स्कूल में छात्र संघ चुनाव की जबरदस्त धूम

**किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी)।** किशनगंज जिला के प्रसिद्ध इंसान स्कूल में छात्र संघ चुनाव की जबरदस्त धूम देखी जा रही है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इंसान स्कूल में छात्र संघ चुनाव का प्रोग्राम पूरे धूमधाम से मनाया जा रहा है/ इसमें तीन काल्पनिक दलों के द्वारा बच्चों को चुनाव प्रक्रिया सिखाई जाती है ताकि बच्चे प्रजातंत्र के मूल रूप को सीख सकें/ बच्चों को किताबों से हटकर प्रयोग के माध्यम से यह सिखाया जाता है कि किस तरह अपनी बात दूसरों को समझाएं ,मतदाताओं को कैसे वोट के लिए बताएं ,चुनाव कैसे जीतेंगे और चुनाव जीतने के बाद सरकार कैसे बनाएं । साथ ही बच्चों को घोषणा पत्र जारी करना, पुराने कामों पर बहस करना तथा बाल संसद बनाना सिखाया जाता है। इंसान स्कूल के संस्थापक विश्व विख्यात शिक्षाविद पद्मश्री डॉक्टर सैयद हसन ने इंसान स्कूल में 1972 से बच्चों को राजनीति शास्त्र सीखने के लिए इस तरह की विधि का उपयोग किया। इस संबंध में इन्सान स्कूल के एकेडमिक हेड श्री शिफा सैयद हफीज ने कहा स्वर्गीय सैयद हसन साहब खेल-खेल के माध्यम से बच्चों को पढ़ना और





लिखना सिखाना चाहते थे, ताकि बच्चे पढ़ाई को बोझ ना समझे और एक खेल की तरह हंसते गाते सीखते चले आएं। आज 57 वर्षों के बाद भी इंसान स्कूल इस काम को पहले की तरह अच्छी तरह करता आ रहा है। श्री शिफा सैयद हफीज ने बताया कि चुने गए बच्चों को अलग-अलग काम करने का अवसर दिया जाता है ,जिससे बच्चे प्रबंधन सीख लेते हैं और आने वाले जीवन में इसका उपयोग करते हैं। यही वजह है कि इंसान स्कूल से पढ़ने वाले बहुत से छात्र-छात्राएं अलग-अलग क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रहे हैं ,जिसमें पढ़ाई ,लिखाई खेलकूद ,चिकित्सा, राजनीति ,समाज सेवा आदि। राजनीति के छेत्र में इंसान स्कूल से पढ़ने वाले बहुत से ऐसे लोग हैं ,जिन्होंने कभी ना कभी डॉक्टर सैद हसन साहब या इंसान स्कूल से कुछ ना कुछ सीखा और शिक्षा प्राप्त की इनमें मुजाहिद आलम, अख्तरुल ईमान, सरफराज आलम,डॉक्टर मोहम्मद जावेद, मेहमूद अशरफ ,मोहम्मद तौसीफ आलम ,मोहम्मद फैयाज आलम ,कमरुल हुदा इत्यादि प्रमुख है। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक बढ़- चढ़ के भाग ले रहे हैं ,जिनमें से एक शिक्षक प्रोफेसर जकिर रहमान को निर्वाचन आयोग का प्रमुख बनाया गया है। सेवा दल के अध्यक्ष इंजमाम उल हक, शांति दल के अध्यक्ष सैयद शाह और शिक्षा दल के अध्यक्ष मोहम्मद रेहान आलम हैं।16 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। सभी बच्चे अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 17 अक्टूबर को वोटों की गिनती होगी और 18 अक्टूबर को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा ।

## शहीद सिकंदर यादव फुटबॉल टूर्नामिंट के फ़ाइनल मैच में अनुमंडल प्रशासन, बीरपुर ने भीमनगर को 2-0 से हराया



**एक संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर,बीरपुर सुपौल ।** जिले के वीरपुर अनुमंडल अंतर्गत एस.एस.बी. 45 बटालियन के द्वारा राजकीय +2 उच्च विधयालय, बीरपुर के मैदान में शहीद सिकंदर यादव फुटबॉल टूर्नामेंट के निर्णायक मैच में अनुमंडल प्रशासन, बीरपुर की टीम ने भीमनगर की टीम को 2-0 से हरा कर ट्रॉफी पर किया कब्जा । वही जानकारी देते हुए 45 बटालियन एस.एस. बी. के कार्यवाहक कमांडेंट श्री जगदीश कुमार शर्मा, द्वितीय कमान अधिकारी 45 बटालियन ने बताया कि स. सी. ब. द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने, रोजगारपरक एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है । इस क्रम में लघु प्रचार अभियान के तहत इस वर्ष 48 वाहिनी एस.एस.बी. के शहीद सिकंदर यादव की स्मृति में शहीद सिकंदर यादव फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । 06 टीमों के बीच की गयी इस प्रतियोगिता का शुभारंभ दिनांक 11.10.23 को किया गया । विदित हो कि टूर्नामेंट के दौरान 04 स्थानीय टीम के प्रत्येक सदस्य एवं रेफरी को 45 बटालियन एस.एस.बी. द्वारा फुटबॉल ड्रेस भी वितरित किया गया था । आज प्रतियोगिता का फ़ाइनल मैच के प्रारम्भ होने से पूर्व शहीद कि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी । मैच काफी रोमांचकारी रहा एवं अनुमंडल प्रशासन, बिरपूर की टीम ने भीमनगर की टीम को 02 गोल से हराकर ट्रॉफी अपने नाम किया । मैच में मो. शेख अब्दुल्ला, श्री श्याम चंद्र पासवान तथा श्री बिनोद कुमार ने रेफरी की भूमिका निभाई।फ़ाइनल मैच के मुख्य अतिथि श्री जगदीश कुमार शर्मा, द्वितीय कमान अधिकारी रहे जिनके द्वारा विजेता टीम के कप्तान शशि कुमार भास्कर, उप-विजेता टीम के कप्तान सोनू तथा प्रतियोगिता के सर्वश्रेस्थ खिलाड़ी अरमान, (भीमनगर टीम) को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया साथ ही कार्यक्रम में सम्मिलित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एस.एस. बी. पटना से बुलाई गयी बैंड टीम के प्रदर्शन ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया । कार्यक्रम में 45 वाहिनी के अधिकारी श्री रूपेश शर्मा, श्री शैलेश कुमार सिंह, डॉ. अभिषेक भारद्वाज, एस. बी. आई. के मैनेजर श्री महेश कुमार भारती, नगर पार्षद अध्यक्ष श्री सुशील साह, श्री लक्ष्मी नारायण यादव, राजकीय उच्च विद्यालय के प्राचार्य श्री सूर्य नारायण मंडल, स्थानीय प्रशासन की तरफ से श्री कुमार मनीष भारद्वाज, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे ।

## एक माह के भीतर सभी वार्डों और बूथों की कमिटियां तैयार कर लेने का निर्णय



**चंपारण ब्यूरो अशोक वर्मा, मोतिहारी ।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के निर्देश पर शनिवार को जन सुराज के ज़िला मुख्यालय में जिला कार्यवाहक समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जन सुराज की सोच को गांव -गांव तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर नये पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया। उक्त जानकारी मुख्य प्रवक्ता संजय कुमार ठाकुर ने प्रेस वार्ता के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि प्रशांत किशोर की पदयात्रा नौ जिलों से गुजरते हुए फिलहाल सीतामढ़ी जिले में जारी है। जिन जिलों की पदयात्रा पूरी हो गई है वहां संगठन निर्माण और विस्तार का काम जारी है। इसी कड़ी में पूर्वी चंपारण जिले में वार्ड कमिटी, बूथ कमिटी और पंचायत कमिटी बनाने का काम किया जा रहा है। सभी प्रखंड अध्यक्षों एवं प्रखंड कमिटियों को एक माह के भीतर वार्ड कमिटी, बूथ कमिटी एवं पंचायत कमिटी गठित कर जिला कार्यालय के साथ जोड़ने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी नव नियुक्त जिला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ- साथ प्रखण्ड कमिटी के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन को मजबूत बनाने में जुट जाने को कहा गया है। बैठक में प्रखण्डों एवं अनुमणडलों में शीघ्र कार्यालय खोलने का भी निर्णय लिया गया बैठक में केसरिया के जन सुराजी एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य विपुल कुंवर के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर सभी जन सुराजी साथियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बैठक में चर्चा के दौरान सभी अनुमण्डलों में कमिटी तैयार करने का फैसला लिया गया है तथा प्रखण्डों एवं अनुमण्डलों में शीघ्र कार्यालय खोलने का भी निर्णय लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीर प्रसाद महतो ने की जबकि संचालन महासचिव जयमंगल कुशवाहा ने किया। बैठक को मुख्य प्रवक्ता संजय कुमार ठाकुर, संरक्षक मण्डल के संयोजक राजा राम सिंह कुशवाहा, राय सुन्दर देव शर्मा, सभापति अजय देव, अभियान समिति के संयोजक राणा रंजीत सिंह, उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ,जिला महिला अध्यक्ष विभा शर्मा, दिलीप कुमार,कृष्ण चन्द्र प्रसाद उर्फ क्रीम बाबू, मुन्ना सिंह, तारिक अनवर चंपारणी, सलोनी कुमारी, गुलशन बेगम, प्रवक्ता अजय आज़ाद, उपाध्यक्ष अनिल कुशवाहा, विजय कुशवाहा,रुपम मिश्रा, महेश बैठा, जहांगीर आलम, कार्यालय प्रभारी अरुण तिवारी समेत अनेक नेताओं ने संबोधित किया। बैठक में सिकरहना अनुमंडल के मिडिया प्रभारी सह कार्यालय प्रभारी साहेब राज़ को बनाने की घोषणा की गई। धन्यवाद ज्ञापन राजा राम कुशवाहा ने किया।

### बालिकाओं ने रैली निकालकर माँगा बराबरी का हक




**राजातालाब ।** लोक समिति वाराणसी और आशा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में बुडापुर गांव में रविवार को बालिका महोत्सव का आयोजन किया गया। लड़कियों ने कन्या भ्रूण हत्या,यौन उत्पीड़न,दहेज़,बाल विवाह आदि के खिलाफ गाँव में जोरदार रैली निकाली। रैली में शामिल लड़कियां तिलक दहेज़ छोडो जाती पाती तोड़ो,भीख नही अधिकार चाहिए जीने का सम्मान चाहिए,औरत भी जिन्दा इंसान नही भोग की वह सामान,कन्या भ्रूण हत्या बंद करो,का नारे लगाये।बालिका महोत्सव में लड़कियों ने बालिका अधिकार पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किया, नाटक के माध्यम से गाँव में हो रहे जुए और शराब को बंद करने की अपील भी किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ ग्रामप्रधान संघ अध्यक्ष मुकेश कुमार,महामंत्री आराजी लाईन संजय यादव, महिला लोक समिति संयोजिका अनीता पटेल और चंदा देवी ने दीप जलाकर किया।कार्यक्रम में आयोजित विचार गोष्ठी में लोक समिति संयोजक नंदलाल मास्टर ने कहा कि गाँवो में किशोरी लड़कियों की दशा चिंतनीय है लड़को और लड़कियों में अभी भी भेदभाव किया जाता है और पढ़ने में अच्छा होने के बावजूद बहुत से लड़कियों की पढाई छुड़ाकर कम उम्र में उनकी शादी करा दी जाती है, जिससे उसके सेहत पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। ग्रामप्रधान संघ महामंत्री आराजी लाईन संजय यादव ने कहा कि आज घर में ही लड़किया सुरक्षित नही है,बहुत बार परिवार और उनके रिश्तेदारों द्वारा लड़कियां यौन शोषण का शिकार होती रहती है। ग्रामप्रधान संघ अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि लड़कियों को घरेलु यौन उत्पीड़न व यौन हिंसा के बारे में जागरूक करने की जरुरत है।कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत सीमा ने किया अध्यक्षता सीताबून और संचालन सबाना मैनब ने और धन्यवाद ज्ञापन बेबी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनीता,,सोनी,अवनीश,आशा, सरोज,नीलम,मधु,साबिया,आंचल, राबिया,अंजली,संगीता,मनीषा,ज्योति,चंदा,सुनीता,बेबी,मैनब,सीताबून, मालती,सीमा मुन्नी, निर्मला,राजकुमारी, आशा, अर्चना, संगीता, रंजना, रामबचन बंदना,ममता,नीलम,आदि मौजूद रहे।

### बिहार सरकार बिना शर्त राज्यकर्मी का दर्जा नहीं दिया गया तो चुनाव में सिखायेंगे सबक- मशकूर आलम



**मधुबनी संवाददाता ।** बिहार प्रदेश प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रदेश प्रवक्ता मशकूर आलम ने कहा कि गठबंधन की सरकार खासकर राजद अपने वादे से मुकर रही है पिछली चुनावी मेनिफेस्टो में राज्यकर्मी देने का वादा wकिया था और जगह जगह भाषण में भी कहा था के हमारी सरकार नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देगी लेकिन यह गठबंधन की सरकार सरकार नियोजित शिक्षकों को विशिष्ठ शिक्षक का नाम देकर बहुत बड़ी भूल कर रही है। आप सभी जानते हैं विधालय में विशिष्ट छात्र दिव्यांग बच्चों को कहा जाता है इस से आप सभी अंदाजा लगा सकते हैं के ये गठबंधन की सरकार सरकार हमारे मान सम्मान को किस तरह से तार तार कर रही है। हम शिक्षकों ने अपनी मेहनत और लगन से विधालय को लगभग 21 वर्षों से सींचते आ रहे हैं। जिस विधालयों में वर्षों से ताला लटका था उसे खोलकर शिक्षण का बेहतर माहौल दिया है। अपनी मेहनत से विधालयों में क्षीजन दर को आज शुन्य तक पहुँचा दिया है। नियोजित शिक्षक वर्षों से विधालयों में पठन-पाठन का कार्य करते हुए सरकार के सभी महत्वाकांक्षी कार्यों को सफलता पूर्वक संचालित करके बिहार सरकार को गौरवान्वित करते आ रहे हैं जिसका ताजा उदाहरण-बिहार जाती आधारित जनगणना है। विदित हो कि आधे नियोजित शिक्षक अब रिटायर्ड की ओर जा रहे हैं उनके लम्बे सेवा का फल सरकार इस प्रकार देगी यह अनुचित है। 2003 से 2012 तक नियुक्त ज्यादा तर शिक्षक 49 से 58 वर्ष तक के हो चुके हैं अब वे लोग नौकरी के अंतिम पड़ाव में हैं और सरकार परीक्षा लेकर राज्यकर्मी का दर्जा देना चाहती है निश्चित रूप से सरकार उसके साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकार नियोजित शिक्षकों के जीवन के साथ wखिलवाड़ करने पर आमादा हो चुकी है। नियोजित शिक्षकों ने नौकरी के दौरान कई बार परीक्षा देकर दक्ष का प्रमाण सरकार को दे चुकी है। लेकिन ये सरकार नियोजित शिक्षकों के साथ बार बार छल करती आ रही है। जिसका परिणाम सरकार को चुनाव में भुगतना होगा। सरकार से हम मांग करते हैं बिहार विधालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली-2023 को अविलंब निरस्त करते हुए बिहार विधालय अध्यापक(नियुक्ति,स्थानांतरण,अनुशासनिक,कार्यवाही एवं सेवा शर्त) नियमावली-2023 में बिना शर्त समायोजन करे। अगर सरकार बगैर शर्त राज्यकर्मी का दर्जा नहीं देती है तो बिहार के नियोजित शिक्षक चुनाव में अपने और अपने रिश्तेदारों को सरकार के खिलाफ वोट करायेगी।

**बैठक** केन्द्र सरकार से देश भर में जातिय जनगणना की मांग को लेकर राजद ने चलाया ग्राम चौपाल

# कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी व नई शिक्षा नीति के विरोध में संविधान दिवस पर मकरी में चौपाल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** प्रखंड बगहा एक के टेसरहिया - बथुवरिया पंचायत के मकरी शिव मंदिर परिसर में रविवार को केन्द्र सरकार से देश भर में जातिय जनगणना की मांग, कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी व नई शिक्षा नीति के विरोध में संविधान दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल ने ग्राम चौपाल का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा राजद के जिलाध्यक्ष सह मुखिया पप्पू यादव ने की। संचालन राजद के वरीय नेता सह प्रधान महासचिव आलमगीर रब्बानी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि देश में विगत 9 वर्षो से भाजपा की सरकार ने पिछडों, दलितों एवं वंचितों के हितों पर प्रहार किया है। संविधान दिवस के अवसर पर नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ बेरोजगारी, नई शिक्षा नीति, जातीय जनगणना व कमरतोड़ महंगाई, गरीबी को लेकर युवा राजद द्वारा सभी प्रखंड मुख्यालयों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि नई शिक्षा नीति से सबसे ज्यादा हानि एससी, एसटी, ओबीसी व वंचित समाज के छात्रों की होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद महासचिव आलमगीर रब्बानी ने कहा कि जाति एक महत्वपूर्ण कारक है, जो मनुष्य को समाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्तर पर पहचान देता है। इसी कारण वश भाजपा जातिगत जनगणना नहीं करा रही है, ताकि सामंतवाद वर्चस्व बना लें। कार्यक्रम को राजद नेता अखिलेश यादव, विपिन यादव, घेंघी यादव, सुजीत यादव, कृष्णा यादव, भोज माली, राजन साह, संजय राम, प्रवेश यादव समेत कई लोगों ने संबोधित किया।

# मारवाड़ी युवा मंच द्वारा महाराजा अग्रसेन की 5177 वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित




**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा ।** मारवाड़ी युवा मंच द्वारा रविवार को शहर के एक निजी विद्यालय में अग्रवाल समाज के संस्थापक महाराजा अग्रसेन की 5177 वीं जयंती पर बच्चों के बीच सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम में वर्ग एक से वर्ग 6 तक के बच्चे शामिल थे।जिसमें कुल 90 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। वही बच्चों को महाराजा अग्रसेन द्वारा स्थापित अग्रवाल समाज के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। संघ के सचिव आदित्य मित्तल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन श्री राम पुत्र कुश के वंशज हैं। महात्मा अग्रसेन ने जीव हत्या का विरोध किया। इनका जन्म अखंड भारत के प्रताप नगर आज के बांग्लादेश में हुआ था।वही भारत सरकार द्वारा 1976 में महाराजा अग्रसेन के ऊपर डाक टिकट भी जारी किया गया था।उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।वहीं प्रथम स्थान नलिन पंजियार,सनाया राफ्ता, देवांश तुलस्यान, द्वितीय स्थान ऋषभ तुलस्यान, दीक्षा जैन और तृतीय स्थान नायरा, तेजस तुलस्यान एवं हर्ष कुमार ने प्राप्त किया।वही प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर सफल छात्रों को प्रतीक चिन्ह लेकर पुरष्कृत किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मारवाड़ी युवा मंच की संरक्षक राजेश यादुका,अध्यक्ष निकुन तुलस्यान,उपाध्यक्ष विकास खेतान, सहसचिव रोहित तुलस्यान, विनीत दारूका, विनय दारूका, आनंद अग्रवाल,मनीष पचेरिया, राकेश परशुरामपुरिया, विनय दारूका, राहुल सलामपुरिया, रवि शर्मा,सुमित केजरीवाल, हर्ष दहलान, गौरव तुलस्यान, विक्रम अग्रवाल सहित अन्य सक्रिय रहे।

## ख़ास ख़बर

### खेत से समरसेबूल की पाईप चुरा ले गए चोर

**शुभ भास्कर चंदौली/बबुरी**। शनिवार की रात क्षेत्र के गौरी गांव में कुछ लोगों ने एक किसान के खेत में पहुंचकर समरसेबल से लगी पाइप को चुरा ले गए। जानकारी होने पर किसान ने इस संबंध में बबुरी थाना पर तहरीर दिया। जानकारी के अनुसार गौरी गांव निवासी किसान अभिषेक सिंह ने अपने खेत में सिंचाई के लिए समरसेबल से खेत तक लगभग चार सौ फिट लम्बा पाइप लगाया हुआ था। शनिवार की देर रात कुछ चोरों ने खेत में जाकर पाइप तथा मीटर को चुरा लिया। पीड़ित किसान अभिषेक सिंह ने बताया कि शनिवार की रात गौरी गांव निवासी दासू, रवि तथा लकड़ नाम के लोग मेरे खेत में जाकर पाइप की चोरी कर रहे थे तभी गांव के कुछ लोगों ने उन्हें देखा तथा मुझे फोन कर बताया लेकिन गांव में नहीं होने के कारण,मैं खेत पर नही पहुंच पाया। जानकारी होने पर बबुरी थाने में प्रार्थना पत्र दिया है।

### यूनियन बैंक आफ इंडिया ने 1000 हजार पी.एम. स्वानिधी लोन देने पर किया संगोष्ठी




**शुभ भास्कर चंदौली/डीडीयू नगर**। स्थानीय यूनियन बैंक आफ इंडिया की अलीनगर शाखा ने 1000 हजार पी.एम. स्वानिधी लोन देने पर संगोष्ठी आयोजित की। यूबीआई की अलीनगर शाखा में अगस्त माह में सूक्ष्म ऋण केन्द्र पीएमसी माइक्रो प्रोसेसिंग सेंटर खोला गया था। शाखा में कुल 475 पीएमएसवीएन लोन थे। पीएमसी के अंतर्गत यूनियन बैंक ने फीनो के साथ मिलकर प्रधानमंत्री स्वानिधी लोन देने में खासा तेजी दिखाई और मात्र 68 दिनों में 526 लोन देकर 1000 लोन का जुदाई आंकड़ा पार किया और एक कीर्तिमान स्थापित किया। जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस महत्वाकांक्षी जन-कल्याण योजना को आगे बढाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह कीर्तिमान स्थापित करने पर अलीनगर शाखा प्रबंधक अभिषेक तिवारी ने अपने कर्मचारियों के साथ हजारवीं खाताधारक विंदु देवी के हाथो केक काटकर खुशी जाहिर किया और अपने कर्मचारियों को बधाई देते हुए सभी का धन्यवाद दिया।

### पिकनिक मनाने आया युवक कुंड में गिरा, रेस्क्यू जारी



**शुभ भास्कर चंदौली/नौगढ़**। स्थानीय बांध पर पिकनिक मनाने पहुँचा युवक नहाने के दौरान कुंड में गिर गया। युवक को डूबता देख उसके अन्य साथियों ने शोर गुल मचाना शुरू कर दिया।आसपास के लोग जब कुछ समझ पाते युवक गहरे पानी मे समा गया। सूचना में बाद मौके पर पहुँची पुलिस गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू में जुटी है।बताया जा रहा है की सोनभद्र रायपुर थाना के कुछ युवक नौगढ़ स्थित औरवाटांड बांध पिकनिक मनाने पहुँचे थे।इस दौरान युवक अमन 20 वर्षीय नहाते वक्त पैर फिसलने से गहरे पानी तरफ कुंड में चला गया।उसे डूबता देख साथियों ने शोर गुल मचाना शुरू कर दिया।शोर सुनकर आसपास खड़े लोग मौके पर पहुँचे और उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन पानी अधिक होने से उसे नहीं बचा सके, और देखते ही पानी मे समा गया। घटना के वहां हाहाकार मच गया। लोगों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी.मौके पर पहुँची पुलिस ने गोताखोरों के सहारे रेस्क्यू का प्रयास किया।लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। इस बाबत नौगढ़ थाना प्रभारी अतुल कुमार ने बताया कि युवक अपने मित्रों के साथ पिकनिक मनाने आया हुआ था, नहाने के दौरान पैर फिसलने से वह कुंड में चला गया गया.पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू चला रही है।

### भाजपाइयों ने सांसद का केक काटकर मनाया जन्मदिन



**शुभ भास्कर चंदौली**। स्थानीय जनपद के सांसद और केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डा महेंद्रनाथ पांडेय का भाजपाइयों ने 67 वां जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से जगदीश सराय में मनाया। इस दौरान उन्होंने केक काटकर दीर्घायु होने की कामना के साथ तीसरी बार भी भाजपा प्रत्याशी के रूप में चंदौली में जीत का परचम लहराने का दंभ भरा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मैक्सवेल नर्सिंग कालेज एंड इंस्टीट्यूट के प्रबंधक डा के एन पांडेय ने बताया कि स्थानीय सांसद के नेतृत्व में जनपद दिन प्रतिदिन विकास के आयाम को छू रहा है। उन्होंने छात्र राजनीति से लेकर अब तक समाज की सेवा ही की है।

# चंदौली से गुजरात के लिए रवाना हुए CRPF की 50 महिला जवान

## सांसद, विधायक व स्पेशल डीजी, आईजी व डीआईजी ने किया झंडी दिखाकर रवाना



**शुभ भास्कर चंदौली /चकिया**। बीते 5 अक्टूबर को शिलांग से गुजरात जाने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 50 महिला जवान 25 बाइक से निकली हुई हैं। 13 की शाम ग्रुप सेंटर चंदौली में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। आज नवरात्रि के प्रथम दिन सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के उपरांत राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह, विधायक कैलाश आचार्य, चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव, सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक आईपीएस दलजीत सिंह, आईजी लखनऊ मध्य सेक्टर सतपाल रावत व डीआईजी राकेश कुमार ने बैलून उड़ाया और हरी झंडी दिखाकर महिला बाईकरों को गुजरात जाने के लिए प्रयागराज के लिए रवाना किया। वहीं ग्रुप सेंटर के परिसर में लगे सरदार पटेल जी की प्रतिमा पर सभी अतिथियों ने श्रध्दा सुमन अर्पित किए। सभी को सम्बोधित करते हुए राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने कहा कि आप सभी बेटियों पर हम सबको गर्व है। आपने बहुत ही कठिन बीड़ा उठाया है लेकिन आप सबके जज्बों से या पता चलता है कि निश्चय रूप से आप सभी को प्रेरणा देते हुए 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर गुजरात पहुंचकर एकता का संदेश देगी। आप भारत के लिए ही नहीं बल्कि विश्व की सभी नारी शक्ति के प्रेरणा दे रही हैं। हमारी प्रधानमंत्री जी महिला शक्ति को राजनीतिक क्षेत्र में भी सशक्त बनाने के लिए नारी वंदन अधिनियम कानून पास करवाया। आने वाले समय में हमारी बहनों को बेटियों को राजनीतिक क्षेत्र में 33% लोकसभा व विधानसभा में आरक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी व प्रदेश के मुखिया आदित्यनाथ योगी जी नारी शक्ति को मजबूत व सशक्त करने के लिए अनेक अनेक योजनाएं चला रहे हैं। कल ही मुख्यमंत्री जी ने मिशन शक्ति 4 का शुभारंभ किया। आज बेटियों को परेशान करने वालों का स्थान जेल हैं। अपराधी अपराध करने से पहले सौ बार सोचता है और डरता हैं। मैंने सुना की आप शिलांग से चलकर गुजरात 40 जिलों से होते हुए 32 91 किलोमीटर की यात्रा करके पहुंचेंगे तो मैं दंग रह गई। लेकिन हमें विश्वास है कि हमारी बेटियां अपने मजबूत हौसलों से पूरा कर लेंगे। वही सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक दलजीत सिंह ने कहा कि यशस्विनी अभियान के तहत बीते 5 अक्टूबर से शिलांग से गुजरात जाने के लिए सीआरपीएफ की 50 महिला जवान 25 बाइकों से निकली हैं। 31 अक्टूबर को की जिलों से होते हुए गुजरात पहुंचेगी। एकतानगर में राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगी। वहीं समापन होगा। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक मध्य सेक्टर लखनऊ के सतपाल सतपाल रावत ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केन्द्र सरकार द्वारा नारीशक्ति सशक्तिकरण के तहत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के साथ समन्वित रूप से जनता में जागरूकता को बढ़ावा देना है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से देश में नागरिकों के बीच बालिकाओं को शोषण से बचाने एवं उन्हें उनके अधिकारों के प्रति शिक्षित करने तथा उन्हें शिक्षा के माध्यम से सामाजिक व वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने हेतु सी.आर.पी.एफ द्वारा सी.आर.पी. एफ ऑल इंडिया महिला मोटर साइकिल अभियान-20231 आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान सी.आर. पी.एफ महिला बाईकर्स दल को सफल यात्रा के लिए शुभकामनायें देते हुए ग्रुप केन्द्र चन्दौली से प्रयागराज हेतु हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान ग्रुप सेंटर के डीआईजी राकेश कुमार, ग्रुप सेंटर चिकित्सा डीआईजी डॉ अब्दूल नजर , कमांडेंट श्याम सुन्दर , 95 बटालियन वाराणसी के कमांडेंट अनिल कपूर, चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह, भाजपा जिला महामंत्री उमाशंकर सिंह, डाक्टर प्रदीप मौर्या, कैलाश प्रसाद जायसवाल , सभासद रवि गुप्ता, अनिल सिंह सहित सीआरपीएफ के जवान व सभी अधिकारी मौजूद रहे। चकिया रुकने बाद गुजरात के लिए रवाना हुए CRPF की 50 महिला जवान बाइक से पहुंचेगी 31,, राज्यसभा सांसद, विधायक, स्पेशल डीजी, आईजी व डीआईजी ने किया झंडी दिखाकर रवाना किया सांसद दर्शना ने कहा आप जैसी बहादुर जवान बेटियों पर गर्व है, सेंटर में लगे सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए चकिया मे बीते 5 अक्टूबर को शिलांग से गुजरात जाने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 50 महिला जवानों 25 बाइक से निकली हुई हैं। 13 की शाम ग्रुप सेंटर चंदौली में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। आज नवरात्रि के प्रथम दिन सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के उपरांत राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह, विधायक कैलाश आचार्य, चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव, सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक आईपीएस दलजीत सिंह, आईजी लखनऊ मध्य सेक्टर सतपाल रावत व डीआईजी राकेश कुमार ने बैलून उड़ाया और हरी झंडी दिखाकर महिला बाईकरों को गुजरात जाने के लिए प्रयागराज के लिए रवाना किया। वहीं ग्रुप सेंटर के परिसर में लगे सरदार पटेल जी की प्रतिमा पर सभी अतिथियों ने श्रध्दा सुमन अर्पित किए।सभी को सम्बोधित करते हुए राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने कहा कि आप सभी बेटियों पर हम सबको गर्व है। आपने बहुत ही कठिन बीड़ा उठाया है लेकिन आप सबके जज्बों से या पता चलता है कि निश्चय रूप से आप सभी को प्रेरणा देते हुए 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर गुजरात पहुंचकर एकता का संदेश देगी। आप भारत के लिए ही नहीं बल्कि विश्व की सभी नारी शक्ति के प्रेरणा दे रही हैं। हमारी प्रधानमंत्री जी महिला शक्ति को राजनीतिक क्षेत्र में भी सशक्त बनाने के लिए नारी वंदन अधिनियम कानून पास करवाया। आने वाले समय में हमारी बहनों को बेटियों को राजनीतिक क्षेत्र में 33% लोकसभा व विधानसभा में आरक्षण मिलेगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी व प्रदेश के मुखिया आदित्यनाथ योगी जी नारी शक्ति को मजबूत व सशक्त करने के लिए अनेक अनेक योजनाएं चला रहे हैं। कल ही मुख्यमंत्री जी ने मिशन शक्ति 4 का शुभारंभ किया। आज बेटियों को परेशान करने वालों का स्थान जेल हैं। अपराधी अपराध करने से पहले सौ बार सोचता है और डरता हैं। मैंने सुना की आप शिलांग से चलकर गुजरात 40 जिलों से होते हुए 32 91 किलोमीटर की यात्रा करके पहुंचेंगे तो मैं दंग रह गई। लेकिन हमें विश्वास है कि हमारी बेटियां अपने मजबूत हौसलों से पूरा कर लेंगे। वही सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक दलजीत सिंह ने कहा कि यशस्विनी अभियान के तहत बीते 5 अक्टूबर से शिलांग से गुजरात जाने के लिए सीआरपीएफ की 50 महिला जवान 25 बाइकों से निकली हैं। 31 अक्टूबर को की जिलों से होते हुए गुजरात पहुंचेगी। एकतानगर में राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगी। वहीं समापन होगा।इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक मध्य सेक्टर लखनऊ के सतपाल सतपाल रावत ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केन्द्र सरकार द्वारा नारीशक्ति सशक्तिकरण के तहत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के साथ समन्वित रूप से जनता में जागरूकता को बढ़ावा देना है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से देश में नागरिकों के बीच बालिकाओं को शोषण से बचाने एवं उन्हें उनके अधिकारों के प्रति शिक्षित करने तथा उन्हें शिक्षा के माध्यम से सामाजिक व वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने हेतु सी.आर.पी.एफ द्वारा सी.आर.पी. एफ ऑल इंडिया महिला मोटर साइकिल अभियान-20231 आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान सी.आर. पी.एफ महिला बाईकर्स दल को सफल यात्रा के लिए शुभकामनायें देते हुए ग्रुप केन्द्र चन्दौली से प्रयागराज हेतु हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।


## सकलडीहा व्यापार मंडल का चुनाव टलने से व्यापारी में आक्रोश



**शुभ भास्कर चंदौली/सकलडीहा**। स्थानीय कस्बा में सारदीय नवरात्र प्रारंभ होने के साथ अन्य त्योहारों को देखते हुए जिले में धारा 144 लागू होने के कारण व्यापार मंडल का गठन का कार्य 19 अक्टूबर को होना सुनिश्चित हुआ जिसके कारण व्यापारियों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त रहा। आपको बताते चले कि सकलडीहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद का चुनाव 15 अक्टूबर को होना सुनिश्चित था। वही रविवार को 12:00 बजे से 4:00 बजे तक दोनों उम्मीदवारों के पक्ष में व्यापारियों द्वारा वोटिंग करने का कार्य होना था। तभी 11:00 बजे के आसपास व्यापार मंडल के अध्यक्ष सत्य प्रकाश गुप्ता द्वारा एक नोटिस सकलडीहा व्यापारियों के बीच व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराई गई। जिसको देखते ही समस्त व्यापारियों में आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया। वहीं व्यापारियों का आरोप था कि जब इतने दिन तक सत्य प्रकाश गुप्ता व्यापार मंडल के अध्यक्ष रहे हैं तो इन्हें चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में जानकारी उपलब्ध रही होगी। परंतु उनकी लापरवाही के कारण आज पुनः व्यापार मंडल चुनाव की तारीख बदलना पड़ रहा है। इस संबंध में सकलडीहा व्यापार मंडल अध्यक्ष सत्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के पारदर्शिता के साथ शकुशल संपन्न हो जिसके क्रम में प्रशासन से सहयोग मांगा गया था। जिस पर प्रशासन ने धारा 144 लागू होने का हवाला देते हुए इस चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने का नोटिस तमिला की है। चुकी चुनाव सभी व्यापारियों का है और अगर हम लोगों द्वारा प्रशासन के आदेश का अवहेलना किया जाएगा। तो किसी भी व्यापारी के खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही हो सकती है ऐसे में बिना अनुमति के चुनाव करना संभव नहीं प्रतीत होता है। वहीं व्यापारियों के भारी विरोध को देखते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मीकांत अग्रहरि द्वारा व्यापारियों के बीच उपस्थिति दर्ज कराते हुए शीघ्र ही अधिकारियों से अनुमति प्राप्त करने के साथ चुनाव पारदर्शिता के साथ संपन्न करने का भरोसा दिया गया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में व्यापारी सकलडीहा संगीता शिशु वाटिका पर उपस्थित रहे। जहां कई घंटे तक पदाधिकारी और प्रत्याशियों के साथ व्यापारियों के बीच गहमा गहमी का माहौल व्याप्त रहा।

**आरोप** | ग्रामीणों द्वारा लगाया गया ठेकेदार के ऊपर आरोप

## मानक को ताख पर रखकर कराया जा रहा है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण



**शुभ भास्कर चंदौली**। स्थानीय जनपद में जहां शासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधा चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से बसनी गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण ग्रामीणों के प्रयास से ठेकेदार के माध्यम से लगभग 2 करोड़ 75 लाख लागत से कराया जा रहा है। लेकिन यह कार्य लगभग डेढ़ वर्ष से कच्छ गति से किया जा रहा है। वहीं दोयम दर्जे के ईट,घटिया किस्म के मैटेरियल्स का प्रयोग किए जाने से क्षेत्रीय लोगों असंतोष की स्थिति बनी हुई है। क्षेत्र के बेसनी, रामपुर, गंजख्वाजा, बसरतिया, धमिना, चंदौली खुर्द सहित एक दर्जन गांव के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्रामीणों के प्रथम प्रयास के बाद लगभग 2 करोड़ 75 लख रुपए लागत से 18 बेड का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसनी का निर्माण कार्य ठेकेदार के माध्यम से लगभग डेढ़ वर्ष पहले शुरू किया गया। लेकिन धीमी गति से होने के कारण अभी तक सिर्फ नींव ही रखी गयी है। गांव के प्रियानंद मिश्रा ने बताया कि अस्पताल हम लोगों के अथक प्रयास के बाद यहां बनने के लिए मंजूर हुआ। जिससे लोगों को जल्द स्वास्थ्य सुविधा मिलने के उम्मीद जगी। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही व ठेकेदार की मनमानी का अस्पताल भेंट चढ रहा है। साहब मिश्रा ने बताया कि कार्य की अवधि मार्च तक पूरा कर लेना है। लेकिन अभी तक सिर्फ नीव ही भरी जा चुकी है। इसके अलावा मानक का ख्याल तक नहीं रखा जा रहा है। घटिया किस्म का मैटेरियल्स प्रयोग किया जा रहा है। यह शासन की मंसा को बदनाम करने का काम किया जा रहा है। राजेंद्र पाल ने बताया कि गांव में अस्पताल बनाने की खबर आग की तरह क्षेत्र में फैली तो हम सभी लोगों को उम्मीद जगी कि स्वास्थ्य सुविधा हमारे गांव में ही उपलब्ध होगी। लेकिन कार्य कच्छ गति से होने के कारण लोगों के मंसा पर पानी फिरता दिख रहा है। विकास यादव ने बताया कि हमारे क्षेत्र में अत्यधिक गरीब परिवार के लोग निवास करते हैं। जो खेती बाड़ी व मजदूरी पर निर्भर होते हैं। अगर यह अस्पताल समय से बनकर तैयार होता तो इसका लाभ क्षेत्र के एक दर्जन गांव के गरीब परिवारों को मिलता ।लेकिन इस कार्य को लटका कर रखा गया है।

## नाबालिग के साथ बलात्कार, पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार



**शुभ भास्कर चंदौली/चकिया**। जनपद के चकिया कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दो युवकों पर आरोप है कि क्षेत्र के इंटर कालेज में पढ़ने वाली 17 वर्षीय छात्रा को बहला फुसलाकर युवक मिर्जापुर जनपद स्थित एक मंदिर में ले गए। वहां से वापस लौटते समय एक युवक ने नाबालिग के साथ जबरन बलात्कार किया। किशोरी ने घर आकर परिजनों को यह बात बताई। परिवार के लोग चकिया कोतवाली पहुंचे और घटना के बाबत तहरीर दी। पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ पाक्सो, दुराचार और एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।चकिया क्षेत्र के इंटर कालेज में पढ़ने वाली छात्रा को पड़ोसी गांव जंगल चुड़िया पुरानाडीह के दो युवक विगत 10 अक्तूबर को बहला फुसलाकर अहरौरा, मिर्जापुर स्थित भंडारी देवी मंदिर ले गए। जहां से वापस आते वक्त छात्रा के साथ युवक ने खेत में ले जाकर बलात्कार किया। किशोरी घर आई अगले दिन यह बात परिजनों को बताई। परिजनों ने शुक्रवार को कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस मुख्य आरोपी और उसके साथी को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

### नवा खाई, पुरखा देवों की पूजा पितृ देव की अन्न नैवेद्य अर्पण पर्व

**शुभ भास्कर चंदौली**। आदिवासी समाज में पितृदेव की अन्न नैवेद्य अर्पण पर्व गोंड समाज में भादो पूर्णिमा के बाद से आरंभ होता और 15 दिन तक चलता है, कुआर अमावस्या के दिन समाप्त होता है। इस पर्व में लोग अपने देवखूर यानी पेनकोली या घर के आंगन में साफ सफाई कर अपने घर के पुरखा लोगो की आराधना कर सुमिरन करते है। और घर पर बने भोजन (उरद से बने पकवान, चावल, पुड़ी,) चढ़ाते है। और जल का अर्पण करते है, संपूर्ण परिवार मिलकर नैवेद्य चढ़ाता है और अपने पुरखावो से विनती करता है । कि हमारे परिवार में तन, मन, धन, नौकरी , व्यापार, शिक्षा , समाज में बरक्कत करें। इसके बाद भोजन हो सके तो अति गरीब को बुलाकर खिलाते है , तत्पश्चात बाद में पूरा परिवार भोजन ग्रहण करता है। सुबह घर आंगन की सफाई कर लीपा पोती की जाती है , दोपहर से शाम के बीच में घर का मुखिया तथा भूमक जहा नैवेद्य चढ़ना है। वहा लीपा जाता है, जो सगा का रंग के कपड़े की आसान पर जितने देव का होता है उतने मूठ चावल का रखकर उस पर घर के सगा पेन ( देवो) के प्रतीक ( सोपाड़ी या हरदी गाठ)को विराजित किया जाता है, उसके बाद उन पर जल छोड़कर , दीपक और धूप कर ,हरदी चंदन किया जाता है,बेलपति ,महुवा , चावल चढ़ाकर पूजा करते है, उसके बाद घर में बने पांच पकवान का भोजन (नैवेद्य ) सभी अपने देवों को पलाश या महुवा पत्ती पर रखकर चढ़ाते है, साथ ही स्वच्छ जल में भीगा महुवा डालकर जल देते है , सबसे पहले नैवेद्य बड़ादेव,परसपें, के नाम से अलग पत्ती पर रखते है उसके बाद जो सगा जितने देव समूह का होता है उतने पत्तियों पर रख कर चढ़ाते है, उसके बाद सभी परिवार अपने पुरखों से विनती करते है की हमारे घर में सुख शांति, बरक्कत करे,उसके बाद दान के रूप में भुमका या गरीब परिवार को भोजन कराकर प्रदक्षिणा देकर विदा करते है ,उसके बाद पूरा परिवार भोजन करता है।

### स्वच्छता का एक मिसाल है सैयदराजा नगर पंचायत - विशाल मद्धेशिया



**शुभ भास्कर चंदौली/ सैयदराजा**। स्थानीय नगर पंचायत में रविवार से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नगर के कई वार्डो सहित सड़कों पर चेयरमैन प्रतिनिधि विशाल मद्धेशिया उर्फ टुन्नू नेता की देखरेख में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा गया, वही नगर के लोगों ने चेयरमैन प्रतिनिधि के कार्य से लोगो ने काफी प्रशंसा की जो आति सराहनीय कार्य है। इस बाबत पर चेयरमैन प्रतिनिधि विशाल मद्धेशिया ने बताया कि शारदीय नवरात्र को देखते हुए नगर के सभी वार्डों सहित सड़कों पर माताये बहनों को गंदगी मे पूजा पाठ करने के लिये आने जाने मे कोई परेशानी ना हो इसलिए साफ -सफाई का विशेष अभियान चलाया गया जिसमे शहीद स्मारक से लेकर भीम बाबा मंदिर, त्रिमुहानी होते हुए स्टेशन रोड, माल गोदाम सहित जमानिया मोड़ तक टैंकर द्वारा पानी से सड़क के दोनों पटरी तक धुलाई की गई जिसमें लोगों ने इस साफ-सफाई अभियान को देखते हुए लोगों ने काफी तारीफ की और कहा की चेयरमैन प्रतिनिधि द्वारा किया गया कार्य अतिसराहनीय है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के आवाहन पर स्वच्छता अभियान मिशन के तहत सैयदराजा नगर पंचायत को जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है साफ सफाई में नगर पंचायत की गलियां व सड़के स्वच्छ मिलेगी ?

### ग्राम सभा खंडवारी में महिला केंद्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



**शुभ भास्कर चंदौली/चहनियां**। स्थानीय विकास खण्ड चहनिया कस्बा क्षेत्र के ग्राम सभा खंडवारी में पंचायत भवन पर ग्राम पंचायत अधिकारी जागृति यादव के निर्देश से महिलाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,निराश्रित महिला पेंशन योजना,उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, सखी राष्ट्रीय पोषण योजना,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ,प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पी0एम0 स्वनिधि योजना,पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजना,वन स्टाफ सेंटर,आयुष्मान योजना,जननी सुरक्षा योजना,महिला शक्ति केंद्र योजना,आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी सर्व संबंधित विभागों के स्थानीय अधिकारियों द्वारा प्रदान किया जाना साथ ही बजट उपलब्धता पर हर गांव से ऐसे पात्र व्यक्तियों चयन करके उन्हें योजना का लाभ दिया जाएगा। वही प्रधान पति सतीश गुप्ता ने ग्राम पंचायत अधिकारी जागृति यादव के निर्देश द्वारा बताए कि महिला सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश शासनादेश के द्वारा विमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सी0ए0म0 हेल्प-लाइन नंबर 1076,चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098,वन स्टाफ सेंटर 181, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन 102, एम्बुलेंस सेवा 108 जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की महिला हेल्प डेस्क,जिला संरक्षण अधिकारी के विषय में बताया गया। इस मौके पर प्रधान पति सतीश गुप्ता पंचायत सहायक अजय कुमार गुप्ता,कमला यादव,सौरंगा देवी,नेहा यादव,माही यादव,आभा गुप्ता, शिवानी गुप्ता व अन्य महिलाएं मौजूद रही।

### लखनऊः सिंगापुर माल के सामने बिल्डिंग में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू



**शुभ भास्कर, लखनऊ**। राजधानी के गोमतीनगर स्थित सिंगापुर माल के सामने एक बिल्डिंग में भीषण आग लग गई। वहीं आग लगने से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों ने फायर ब्रिगेड को मामले की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझा लिया गया। फायर ब्रिगेड ने बताया कि इस आग को बुझा लिया गया है फिलहाल कोई जनहानि नहीं हुई है। आग क्यों लगी इसके कारणों की पड़ताल की जा रही है। प्रथम दृष्ट्या शार्ट सर्किट से आग के लगने की बात सामने आ रही है।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।